CMYK

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम: 09°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, बुधवार 10 दिसम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 190 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



चुनाव सुधारों पर मायावती का बड़ा बयान, तीन अहम सुधारों की मांग पेज 2



शमी को लेकर चयनकर्ताओं पर भड़के गांगुली, वह क्यों नहीं खेल सकते खेल टाइम्स




मानवाधिकारों की विश्वव्यापी घोषणा के 77 वर्ष पूरे सम्पादकीय




अमेरिका से पाक को फिर मिला 11 हजार करोड़ का कर्ज पेज 12

# ट्रम्प की भारत पर नए आयात शुल्क लगाने की धमकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कृषि आयातों पर नए शुल्क लगाने की धमकी दी है, जिसमें भारत से आने वाले चावल और कनाडा से आने वाला उर्वरक विशेष रूप से शामिल हैं, क्योंकि दोनों देशों के साथ व्यापार वार्ताएं लंबी खिंच रही हैं।

श्री ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में अमेरिकी किसानों के लिए अरबों डॉलर के राहत पैकेज की घोषणा करते हुए कहा कि भारत को अमेरिका में चावल डंप नहीं करना चाहिए। राष्ट्रपति के ये बयान विदेशी कृषि आपूर्तिकर्ताओं, खासकर एशियाई देशों जैसे भारत और थाईलैंड, की अमेरिकी सरकार द्वारा की जा रही लंबे समय से आलोचना का एक ही नया और तीखा रूप है। श्री ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी किसानों को दिए जाने वाले '12 अरब डॉलर के इस राहत पैकेज कार्यक्रम' को विदेशी व्यापारिक साझेदारों से पहले से एकत्र किए गए 'आयात शुल्क' से वित्तपोषित किया जाएगा। राष्ट्रपति ने तर्क दिया कि बढ़ते आयात घरेलू किसानों पर दबाव डाल रहे हैं और अमेरिकी कृषि की रक्षा के लिए वे आयात शुल्क को प्राथमिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करते रहेंगे। ये ताजा टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत की यात्रा पर आए थे, जहां उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा और व्यापार संबंधों पर चर्चा की इस महीने भारतीय और अमेरिकी अधिकारियों के बीच व्यापार वार्ताएं जारी रहने की उम्मीद है। दरअसल ट्रम्प ने आरोप लगाया है कि भारत, अमेरिका में अपना चावल खपा रहा है। इसे रोकने के लिए ट्रम्प ने टैरिफ लगाने का समर्थन किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में किसानों और कृषि क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस मुलाकात में अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट और कृषि मंत्री ब्रुक रोलिंस भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान राष्ट्रपति ट्रम्प ने किसानों के लिए 12 अरब डॉलर की संघीय मदद देने का भी ऐलान किया। बैठक में केनेडी राइस मिल के मालिकाना हक वाले परिवार की सदस्य मेरिल केनेडी भी मौजूद रहीं। मेरिल ने कहा कि अमेरिका में विभिन्न देश अपना सस्ता चावल खपा रहे हैं, जिसके चलते देश के किसानों को बहुत संघर्ष करना पड़ रहा है। इस पर ट्रम्प ने मेरिल से पूछा कि कौन से देश अपना चावल अमेरिका में खपा रहे हैं? तो इस पर मेरिल ने कहा भारत, थाईलैंड और चीन प्यूर्टो रिको में अपना चावल खपा रहा है।




### एहसान नहीं कर रहे अमेरिकी, टैरिफ की धमकी को लेकर ट्रम्प को मिला करारा जवाब

**नई दिल्ली।** ट्रम्प द्वारा चावल पर टैरिफ लगाने की धमकी को लेकर राइस एक्ससपोर्टर्स फेडरेशन के वाइस प्रेसिडेंट देव गर्ग ने कहा कि भारत के चावल पर टैरिफ लगाने से भारत को नुकसान नहीं होगा, बल्कि उपभोक्ता परेशान होंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिकी बाजार के सभी एक्सपोर्ट डिमांड बेस्ट है, हमने देखा कि अमेरिकी बाजार में भारतीय चावल के निर्यात में तेजी हुई है, क्योंकि अमेरिकी बाजार में भारतीय और साउथ एशियाई फूड की लोकप्रियता बढ़ी है, क्योंकि भारतीय चावल का स्वाद बनावट और रंग बहुत खास है। अमेरिका में उगाया गया चावल भारतीय चावल का विकल्प नही है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प के टैरिफ से भारत को कोई नुकसान नहीं होगा।

# शामली में 50 हजार का इनामी सामा ढेर

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** जिले के थाना भवन क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर व 50 हजार के इनामी अपराधी समयदीन उर्फ सामा को मार गिराया।

मुठभेड़ के दौरान कांस्टेबल अनुज यादव गोली लगने से घायल हो गए, जिनको उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारा गया अपराधी समयदीन उर्फ सामा थाना कांधला का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर था और उसके खिलाफ यूपी सहित कई राज्यों में 28 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। थाना थानाभवन पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम भैंसानी इस्लामपुर स्थित बंद पड़े ईंट के भट्टे में कुछ बदमाश छिपे हुए हैं। सूचना पर थानाभवन प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत और थाना बाबरी प्रभारी राहुल सिसोदिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इस दौरान सामा गोली लगने से घायल हो गया। जिसे डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**■ मुठभेड़ में सिपाही गोली लगने से घायल**

## संक्षिप्त समाचार

### चर्चित उमेश पाल हत्याकांड के शूटरों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चर्चित उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार चल रहे पांच-पांच लाख के इनामी तीन शूटरों गुड्डू मुस्लिम, अरमान और साबिर के खिलाफ सोमवार को दूसरी बार कुर्की की कार्रवाई शुरू की गई। यह कार्रवाई धूमनगंज थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे के तहत की गई है। मामले की विवेचना कर रही एयरपोर्ट पुलिस ने सोमवार देर शाम को गुड्डू मुस्लिम के कसारी-मसारी, अरमान के सिविल लाइंस, और साबिर के मरियाडीह स्थित घरों पर पहुंची और कुर्की नोटिस चस्पा किया। पुलिस ने ढोल-नगाड़ों के साथ ऐलान भी किया कि यदि आरोपी तय अवधि में कोर्ट में हाजिर नहीं होते हैं, तो उनकी संपत्ति कुर्क कर दी जाएगी। गौरतलब है कि अक्टूबर 2024 में धूमनगंज पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड के 15 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया था। इसमें माफिया अतीक अहमद के बेटे अली और उमर भी शामिल थे। इनमें से 12 आरोपियों की चार्जशीट इसी साल अक्टूबर में दाखिल की जा चुकी है जबकि गुड्डू मुस्लिम, अरमान और साबिर अब भी फरार हैं और उनकी विवेचना जारी है। इसी मामले में सोमवार को कुर्की की कार्रवाई की गई।

### उप्र में घुसपैठियों के खात्मे के लिए सर्जिकल स्ट्राइक प्लान तैयार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चला रही योगी सरकार का मानना है कि उसके इस कदम से जहां प्रदेश की आतंरिक सुरक्षा और सुदृढ़ होगी, वहीं दूसरी ओर प्रदेशवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ और पारदर्शी तरीके से मिलेगा। इस निर्णय से पात्र व्यक्ति ही योजनाओं का लाभ उठा सकेगा। स्थानीय युवाओं का जो हक घुसपैठियों के द्वारा छीना जा रहा है वो हक युवाओं को मिलना शुरू हो जाएगा। अधिकृत सूत्रों के अनुसार सरकार घुसपैठियों की पहचान कर उन्हे डिटेंशन सेंटर में शिफ्ट करेगी। इन डिटेंशन सेंटर की सुरक्षा व्यवस्था अभेद होगी, जिसे भेद पाना किसी के लिए भी नामुमकिन होगा। योगी सरकार के सख्त कदम से प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था पर एक सकारात्मक असर पड़ेगा।

# राज्यों में एसआईआर के काम में बाधा पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## कहा: ईसी संज्ञान में लाए, हम आदेश पारित करेंगे, इससे अराजकता हो सकती है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को धमकाने के अलावा चुनाव आयोग की तरफ से कराए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के काम में कथित तौर पर बाधा डालने की घटनाओं को गंभीरता से लिया है।

अदालत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सहयोग की कमी को गंभीरता से लेने को कहा। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव आयोग से कहा कि वह एसआईआर के काम में अलग-अलग राज्य सरकारों की तरफ से सहयोग की कमी को गंभीरता से लें। सर्वोच्च अदालत ने कहा, अगर हालात और बिगड़ते हैं, तो पुलिस को तैनात करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। इस पर चुनाव आयोग ने कहा कि उनके पास सभी सांविधानिक शक्तियां हैं, जिससे हम बीएलओ और अन्य अधिकारियों को धमकाने की घटनाओं से डील कर सकते हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव पैनल चुनाव प्रक्रिया शुरू होने तक पुलिस को अपने अधिकार क्षेत्र में नहीं ले सकता। इससे निपटें वरना इन हालातों से अराजकता हो सकती है। चुनाव आयोग की तरफ से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने बताया कि प. बंगाल में तनाव के कारण बीएलओ के आत्महत्या करने का कोई सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि उन्हें 30-35 वोटरों के छह-सात घरों की गिनती का काम करना होता है। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि यह डेस्क का काम नहीं है और बीएलओ को घर-घर जाकर गिनती का फॉर्म भरना होता है और फिर उसे अपलोड करना होता है। जस्टिस बागची ने कहा कि यह उतना आसान नहीं है जितना दिखता है। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के एसआईआर के कामकाज की निगरानी के लिए पांच वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को स्पेशल रोल ऑब्जर्वर (एसआरओ) नियुक्त किया है। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उठाया गया है। जिन अधिकारियों को नियुक्त किया गया है, उनमें रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुमार रवि कांत सिंह को प्रेसिडेंसी संभाग के लिए एसआरओ बनाया गया है, जबकि गृह मंत्रालय के नीरज कुमार बांसोद को मेदिनीपुर संभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



**■ चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर के लिए पांच आईएएस अधिकारी नियुक्त किए**

### 'खालिस्तान ट्वीट' पर कई प्राथमिकियों को जोड़ने संबंधी याचिका का निपटारा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक्स कॉर्प की भारतीय शाखा की याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें 2020 में कई राज्यों में खालिस्तान का जिक्र करने वाले एक ट्वीट के कथित प्रचार को लेकर दर्ज कई प्राथमिकियों को जोड़ने या रद्द करने की मांग की गई थी। पीठ ने कहा कि वह मामले को, विशेषकर पांच वर्ष का समय बीत जाने के बाद और कई राज्यों से प्रतिनिधित्व न मिलने की वजह से और लंबित रखने के पक्ष में नहीं है। कुछ राज्यों के वकीलों ने अपना पक्ष रखा है और वर्तमान तथ्यात्मक परिदृश्य पेश किया है, हरियाणा, कर्नाटक और ओडिशा का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। हम पांच साल बाद इस मामले को लंबित रखने के पक्ष में नहीं हैं। इतना कहना ही काफी है कि बहुत कुछ बीत चुका है। हम इस याचिका को बंद करने के पक्ष में हैं। ट्विटर इंडिया ने गुरपतवंत सिंह पन्नू के ट्वीट के कथित प्रचार के आरोप में आठ राज्यों में एफआईआर दर्ज होने के बाद वर्ष 2020 में ऊच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

### शीर्ष अदालत ने नागरिकता पर फैसले से पूर्व सीएए आवेदकों को मतदाता सूची में शामिल करने पर सवाल उठाया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को सवाल उठाया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), 2019 के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को नागरिकता प्रदान करने से पहले मतदाता सूची में अनंतिम रूप से कैसे शामिल किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) आत्मदीप की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद सीएए के तहत नागरिकता के लिए पात्र बताए गए बांग्लादेशी प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता करुणा नंदी ने एनजीओ का पक्ष रखते हुए तर्क दिया कि हजारों शरणार्थियों के सीएए आवेदनों पर कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि नागरिकता का अधिकार आवेदन की तारीख से मिलना चाहिए, अन्यथा उनके आवेदनों पर कार्रवाई होने से पहले ही एसआईआर प्रक्रिया उन्हें मतदाता सूची से बाहर कर देगी।

# डीजीसीए ने लिया इंडिगो पर कड़ा एक्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इंडिगो एयरलाइन की उड़ानों में 10 प्रतिशत कटौती करने का निर्णय लिया है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो हर दिन करीब 2,200 उड़ानें चलाती है। अब इसमें से लगभग 110 उड़ानें रोज कम होंगी।

एयरलाइन से 10 दिसम्बर तक संशोधित शेड्यूल सौंपने को कहा गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, एयरलाइन को इस बारे में बता दिया गया है और कौन-कौन सी उड़ानें कम की जाएंगी, इसकी सूची तैयार की जा रही है। डीजीसीए की ओर इंडिगो को जारी आधिकारिक नोटिस में कहा गया है कि विंटर शेड्यूल के तहत नवम्बर 2025 के लिए एयरलाइन को प्रति सप्ताह 15,014 प्रस्थान और कुल 64,346 उड़ानों की मंजूरी दी गई थी। हालांकि, परिचालन आंकड़ों से पता चलता है कि इंडिगो केवल 59,438 उड़ानें ही संचालित कर पाई। नवम्बर में एयरलाइन की 951 उड़ानें रद्द की गईं। नोटिस के अनुसार, इंडिगो को समर शेड्यूल 2025 की तुलना में विंटर शेड्यूल में 6 फीसदी के इजाफे की अनुमति दी गई थी, इसके तहत 403 विमानों के उपयोग की मंजूरी थी। लेकिन एयरलाइन अक्टूबर 2025 में केवल 339 और नवम्बर 2025 में 344 विमान ही संचालित कर सकी। डीजीसीए ने कहा कि एयरलाइन ने 2024 की सर्दियों की तुलना में अपने प्रस्थान में 9.66 फीसदी और इस वर्ष के गर्मियों के शेड्यूल की तुलना में 6.05 फीसदी की वृद्धि की थी, लेकिन वह इस शेड्यूल का कुशलतापूर्वक संचालन नहीं कर सकी।



**■ नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयरलाइन की उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती, इंडिगो संकट जारी, कई उड़ानें रद्द**

### दिल्ली ब्लास्ट: एक और आरोपी नसीर मल्ला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली बम ब्लास्ट और व्हाइट कॉलर टेररिज्म मॉड्यूल से जुड़े मामले में एनआईए ने नसीर मल्ला को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे सात दिन की रिमांड पर भेजा गया। वहीं आरोपी आमिर राशिद को भी मंगलवार को सात दिनों की रिमांड में भेजा गया है। आरोपी नसीर मल्ला को गिरफ्तार करने के बाद दिल्ली स्थित पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद आरोपी को सात दिनों की एनआईए रिमांड में भेजा गया। अब सात दिनों तक जांच एजेंसी एनआईए मुख्यालय में आरोपी से पूछताछ होगी। आरोपी नासिर मल्ला से जुड़े कई अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ हो सकती है। आरोपी आमिर राशिद को भी मंगलवार को सात दिनों की रिमांड में भेजा गया है। सात दिनों तक दिल्ली स्थित एनआईए मुख्यालय में गिरफ्तार आरोपी आमिर राशिद से पूछताछ होगी।

# वोटर लिस्ट मामले में सोनिया गांधी व दिल्ली पुलिस को कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को भारत की नागरिकता हासिल करने से पहले 1980 में वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के आरोप से संबंधित मामले में मंगलवार को नोटिस जारी किया। यह नोटिस मजिस्ट्रेट अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली पुनरीक्षण याचिका पर जारी किया गया है।

इस फैसले में मजिस्ट्रेट अदालत ने कथित जाली दस्तावेजों की मदद से वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए श्रीमती गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश देने से इन्कार कर दिया गया था। राउज एवेन्यू अदालत में पुनरीक्षण याचिका दायर कर श्रीमती गांधी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की मांग की गई है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि श्रीमती गांधी ने जाली दस्तावेजों की मदद से 1980 की वोटर लिस्ट में अपना नाम शामिल करवाया था। उन्होंने 1982 में अपना नाम हटवा लिया था और फिर 1983 में भारत की नागरिकता मिलने के बाद उन्होंने एक बार फिर वोटर लिस्ट में नाम शामिल करवाया।

**■ सोनिया पर जाली दस्तावेजों से वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने का आरोप**

# चुनाव आयोग के जरिये लोकतंत्र के खात्मे पर उतारू भाजपा: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** शीतकालीन सत्र में मंगलवार को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी चुनाव सुधारों पर हो रही चर्चा में शामिल हुए। चर्चा के दौरान खादी पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि, देश के पहनावे में देश की झलक दिखती है। खादी देश की भावना है। हमारा देश 150 करोड़ लोगों से बना है। देश के सारे धागे एक जैसे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि आरएसएस सभी संस्थाओं पर कब्जा करना चाहता है। नाथूराम गोड्से ने गांधी को मारा। यह असहज करने वाला सत्य है। चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान सदन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि 30 जनवरी, 1948 को महात्मा गांधी की छाती में तीन गोलियां लगीं। नाथूराम गोड्से ने हमारे राष्ट्रपिता की हत्या कर दी। आज हमारे दोस्तों ने उन्हें दूर धकेल दिया है। वह एक असहज सच्चाई हैं, लेकिन प्रोजेक्ट यहीं खत्म नहीं हुआ। जैसा कि मैंने कहा कि सब कुछ वोट से निकला है। सभी संस्थाएं वोट से निकली हैं। इसलिए यह साफ है कि आरएसएस को उन सभी संस्थाओं पर कब्जा करना होगा, जो वहां से निकली हैं। राहुल गांधी ने कहा, सभी जानते हैं कि कैसे भारत के विश्वविद्यालयों में वाइस चांसलरों की नियुक्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि इससे कोई मतलब नहीं है कि व्यक्ति की योग्यता क्या है, बस उसकी एक योग्यता है कि वह संघ से जुड़ा हो। इस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। स्पीकर ओम बिरला ने राहुल गांधी से कहा कि आप चुनाव सुधार पर ही बोलिए, किसी संगठन का नाम मत लीजिए। राहुल के बायन पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हम सभी लोग नेता प्रतिपक्ष को सुनने के लिए ही बैठे हैं। अगर वह विषय पर ही नहीं बोलेंगे, तो क्यों समय खराब कर रहे हैं सबका। सत्ता पक्ष के हंगामे पर राहुल गांधी ने कहा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा है। शिक्षण संस्थाओं पर कब्जा किया गया है। सीबीआई, ईडी पर भी एक संस्था से जुड़े लोगों ने कब्जा किया गया है। तीसरी संस्था चुनाव आयोग पर भी एक संस्था का कब्जा है, जो देश में चुनाव को नियंत्रित करती है। मेरे पास इसके सबूत हैं। भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने के लिए चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर रही है। सीजेआई को सीईसी की नियुक्ति प्रक्रिया से हटाया गया। एक तरफ पीएम मोदी और अमित शाह बैठे थे और दूसरी तरफ मैं। किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया। दिसम्बर 2023 में नियम बदल यह प्रावधान किया कि किसी भी चुनाव आयुक्त को दंडित नहीं किया जा सकता।



**कांग्रेस सांसद ने लोकसभा में मोदी सरकार पर बोला तीखा हमला**

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी, खड़गे ने सोनिया को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की है। मोदी ने एक्स पर लिखा, श्रीमती सोनिया गांधी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। ईश्वर उन्हें लंबी आयु और अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करे। खड़गे ने अपने संदेश में कहा कि श्रीमती गांधी समाज के वंचित लोगों के अधिकारों की हिमायती हैं और जीवन की हर चुनौती का साहस के साथ सामना किया है। श्रीमती सोनिया गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। कमज़ोर लोगों के अधिकारों की पक्की समर्थक, वह हमेशा गरिमा का प्रतीक रही हैं, और हर चुनौती का सामना साहस, दृढ़ता, त्याग और निस्वार्थ समर्पण के साथ किया। मैं उनके दीर्घायु होने और बेहतर स्वास्थ्य की कामना करता हूं।

### प्रयागराज में माघ मेला के लिये भूमि आवंटन का कार्य जारी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम तट पर तीन जनवरी से शुरू हो रहे माघ मेले के लिए भूमि आवंटन का कार्य जारी है। मेला प्रशासन व खाक चौक के संतों के बीच जमीन को लेकर चल रहा अंदुरूनी विवाद अब समाप्त हो गया। पिछले माघ मेले की अपेक्षा इस बार खाक चौक को और ज्यादा जमीनें दी गई हैं। इस बार खाक चौक 200 बीघे में अपना शिविर लगाएगा। दंडी बाड़ा के संतों ने सबसे पहले भूमि पूजन किया है। दरअसल, पिछली बार खाक चौक के संतों ने मेला प्राधिकरण कार्यालय के सामने जमकर हंगामा किया था। उम्मीद थी कि इस बार भी खाक चौक की तरफ से कुछ इस तरह का हंगामा किया जा सकता था।

# घुसपैठियों की तलाश तेज, झुग्गी झोपड़ियों में तलाशी अभियान जारी

**वाराणसी, वार्ता**

■ काशी में पिछले चार पांच साल से रह रहे

उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या घुसपैठियों की धरपकड़ के लिए चलाया जा रहा चेलकग अभियान लगातार तेज किया जा रहा है।

इसी कड़ी में सोमवार शाम सिगरा थाना क्षेत्र की झुग्गी-झोपड़ियों में अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) टी-सरवणन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दर्जनों लोगों के दस्तावेजों की जांच की। इनमें अधिकांश लोग पश्चिम बंगाल के बीरभूमि जिले के रहने वाले हैं। अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) टी-सरवणन ने मंगलवार को बताया कि सभी संदिग्धों के दस्तावेज एकत्र कर लिए गए हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ये लोग चार-पांच वर्षों से काशी में रह रहे हैं। यह जांच की जा रही है कि इन्हें यहां ठहराने में किसने मदद की और उसका उद्देश्य क्या था। सभी व्यक्तियों का सत्यापन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में नदेसर स्थित बस्ती में भी पुलिस टीम जांच के लिए पहुंची। धार्मिक नगरी काशी के विभिन्न इलाकों में झुग्गी-झोपड़ियों एवं बस्तियों में रहने वाले लोगों की गहन जांच की जा रही है। सभी का आधार कार्ड, पहचान-पत्र एवं अन्य विवरण एकत्र किए जा रहे हैं। पुलिस यह भी पता कर रही है कि ये लोग किस कार्य से जुड़े हैं।

## सीएम का प्रतिनिधि बताकर ठगने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

**बहराइच।** यूपी बहराइच जिले की रिसिया थाने की पुलिस ने गोरखनाथ मंदिर में संचालित मुख्यमंत्री शिविर का प्रतिनिधि बताकर स्थानीय लोगों और अधिकारियों पर धौंस जमाने वाले एक युवक को उसके दो साथियों के साथ आज गिरफ्तार किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अशोक सिंह ने बताया कि डिहवा ग्राम का निवासी राहुल यादव अपने साथियों नफीस खान और मुख्तार अहमद के साथ मिलकर व्यापारियों और अधिकारियों को सीएम शिविर कार्यालय का प्रतिनिधि बताकर परेशान कर रहा था। ये लोग स्थानीय लोगों को डराते-धमकाते थे और उनकी बातों में आकर उनसे धन की मांग करते थे।

# सोशल मीडिया पर फेक अकाउंट बनाना अपराध

**कानपुर, वार्ता**

■ उत्तर प्रदेश पुलिस ने लोगों को किया जागरूक, यह भी बताया कि हम अपने अकाउंट को कैस सुरक्षित रख सकते हैं

उत्तर प्रदेश की कानपुर पुलिस ने साइबर अपराध के बढ़ते खतरे के प्रति लोगों को जागरूक करते हुये कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रतिरूपण करना अपराध है, जो कि जानकारी के अभाव में किया जा रहा है और इसकी शिकायत साइबर सेल में आये दिन प्राप्त हो रही है।

पनकी औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस की साइबर सेल द्वारा आयोजित एक गोष्ठी में सलाह दी गयी कि यदि हम साइबर अपराधों को लेकर सतर्क रहेंगे तो इससे हम बच सकते हैं। टीम ने बताया कि साइबर अपराध से बचाव के लिए हमारा जागरूक होना सबसे ज्यादा जरूरी है। ऐसे अपराधों में अपराधी हम से सूचना लेकर परेशानी में डाल सकता है। सोशल मीडिया फ्रॉड के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के फाइनेंसियल फ्रॉड के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कैसे हम अपने सोशल मीडिया अकाउंट को सेफ रख सकते है। सोशल मीडिया अकाउंट को सुरक्षित करने के लिये हमें अपने फोन में दो चरणीय सत्यापन को सक्रिय करने के साथ-साथ प्रोफाइल लाक रखना चाहिये, इससे कोई भी हमारा अकाउंट हैक नहीं कर सकता। अगर कोई ऐसा करने का प्रयास भी करता है तो आपके पास अलर्ट मैसेज आ जाएगा। साइबर अपराध के नए-नए तरीकों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि अपने सोशल मीडिया मित्रों को व्यक्तिगत जानकारी देने से बचें इससे भी कई बार साइबर अपराध होना पाया गया है। इस मौके पर उन्होंने अपराधियों के द्वारा प्रयोग किए जाने वाले कई एप्लीकेशन के विषय में जानकारी देते हुए उससे बचाव का तरीका भी सहज और सरल तरीके से बताया जो कि आमजनमानस को काफी पसंद आया। साथ ही साथ ओएलएक्स पर समान खरीदने बेचने के नाम पर धोखाधड़ी, बैंक में केवाईसी अपडेट के नाम पर फ्राड, एटीएम एक्सचेंजिंग व एईपीएस फ्राड, केबीसी की लॉटरी लगने के नाम पर ठगी, बिजली भुगतान के नाम पर धोखाधड़ी, नौकरी देने के नाम पर धोखाधड़ी करने की घटनाओं के बारे में सैकड़ों की संख्या में मौजूद व्यापारी व आमजनमानस को बताया। गौरतलब है कि पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की साइबर सेल द्वारा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने व इनकी रोकथाम के लिये डीसीपी अपराध धर अपराध जागरूकता अभियान के क्रम में इंडस्ट्रियल एरिया पनकी चौकी में साइबर अपराध बचाव गोष्ठी में आमजनमानस को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर साइबर अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम कपिल देव लसह महदय, क्राइम सेल की टीम के उपनिरीक्षक आकाश चौधरी, कांस्टेबल विजय मौर्या व कांस्टेबल मुकेश कुमार शुक्ल उपस्थित रहे।

## सत्ता में मौका मिलने पर परिवार के बारे में सोचते हैं देश तोड़क तत्व: योगी

# देश को बांटने वालों से सावधान रहने की जरूरत

**गोरखपुर, वार्ता**



सीएम ने ट्रेड यूनियन का भी उल्लेख किया और कहा कि ट्रेड यूनियन जहां भी विकसित हुई, वहां व्यवस्था को नष्ट कर दिया। हमारी मांगें पूरी हों, चाहे जो मजबूरी हो, यह हमारा नारा नहीं हो सकता

ऐसे लोग जयचंद और मीरजाफर जैसा पाप कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि देश को तोड़ने के लिए बहुत से लोग हैं। कोई जाति के नाम पर, कोई क्षेत्र और कोई भाषा के नाम पर बांट रहा है

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का नाम लिए बगैर विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज और देश तोड़क इन तत्वों को जब सत्ता में आने मौका मिलता है तो वे सिर्फ अपने और परिवार के बारे में सोचते हैं।

सैनिक स्कूल गोरखपुर में देश के पहले सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) जनरल बिपिन रावत के नाम पर बने एक हजार से अधिक की क्षमता के ऑडिटोरियम के उद्घाटन हुए उन्होंने कहा कि जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर समाज और देश को विभाजित करने वालों से सावधान रहने की जरूरत है। समाज और देश तोड़क इन तत्वों को जब सत्ता में आने मौका मिलता है, तो वे सिर्फ अपने और परिवार के बारे में सोचते हैं। परिवार के लिए प्रॉपर्टी, विदेश में होटल और द्वीप खरीदते हैं। ऐसे लोग देश को दरिद्र करने का षड्यंत्र करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा जाति, क्षेत्र आदि के नाम के तात्कालिक लॉलीपॉप से समाज और देश का कल्याण नहीं हो सकता। देश का कल्याण तभी होगा जब भेदभाव नहीं होगा, सबमें एकता होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनरल बिपिन रावत की प्रतिमा का भी अनावरण किया और महान सैन्य नायक को श्रद्धसुमन अर्पित किए। जनरल बिपिन रावत की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर इस प्रतिमा की स्थापना जीबीआर मेमोरियल फाउंडेशन ऑफ इंडिया की तरफ से कराई गई है।

## उप्र सरकार घुसपैठियों की हाईटेक मार्डन टेक्नोलॉजी से कर रही पहचान

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर से घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए फूल प्रफू प्लान तैयार कर लिया है, जो पूरे देश के लिए मॉडल के रूप में उभरकर सामने आएगा। योगी सरकार घुसपैठियों की पहचान के लिए हाईटेक मार्डन टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर रही है, जिससे घुसपैठियों की प्रदेश में छुपकर रहने की कोशिशों को पूरी तरह से नाकाम किया जा सके। एक वरिष्ठ अत्रिाकारी के मुताबिक् योगी सरकार डिटेंशन सेंटर की सुरक्षा का ऐसा चक्रव्यूह तैयार कर रही है, जो अभेद होगा। योगी सरकार ने डिटेंशन सेंटर में रखे गए घुसपैठियों की विस्तृत बायोमेट्रिक प्रोफाइल तैयार करने का निर्णय लिया है।

## सीएम योगी ने उप्र में आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान व स्वाबलंबन पर जोर

**लखनऊ।** सीएम के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश नारी सम्मान का ऐसा मॉडल बना है, जहां सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से महिलाओं को नई दिशा मिल रही है। मिशन शक्ति उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया मॉडल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश है 'नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है'। 24 दिसंबर तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत हर विभाग प्रतिदिन जागरूकता अभियान चला रहा है। पुलिस चौपालों से लेकर सड़क रैलियों तक 'सुरक्षा और सम्मान, नारी का अधिकार' का उद्घोष गूंज रहा है।

# चुनाव प्रणाली की खामियां दूर करने को तीन सुधार जरूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ ईवीएम की जगह बैलेट पेपर व्यवस्था की वापसी जरूरी: मायावती

**लखनऊ।** संसद में चुनाव सुधारों को लेकर जारी चर्चा के बीच बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने चुनावी प्रणाली की खामियों को दूर करने के लिए तीन बड़े सुधारों की जोरदार वकालत की है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची की सही और व्यापक तैयारी, उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास की अनिवार्य पारदर्शिता और ईवीएम की जगह बैलेट पेपर व्यवस्था की वापसी आवश्यक है। मायावती ने एक्स पर लिखा कि पूरे देश में एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से मतदाता सूची तैयार की जा रही है, जिसका बसपा विरोत्रा नहीं करती। लेकिन उन्होंने यह भी जोड़ा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने और संशोधन की प्रक्रिया तय समय सीमा के कारण पूरी नहीं हो पाती, जिससे लाखों पात्र मतदाता अपने वोट के अधिकार से वंचित हो जाते हैं। बसपा प्रमुख ने सुझाव दिया कि सूची संशोधन की समय सीमा बढ़ाई जाए और प्रक्रिया को ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ पूरा कर यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से बाहर न रह जाए। उन्होंने प्रत्याशियों के आपराधिक इतिहास का मुद्दा भी गंभीरता से उठाते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के बावजूद कई राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों के खिलाफ दर्ज मामलों की जानकारी सार्वजनिक करने से बचते हैं।



सेंसेक्स 84666.28
निफ्टी 25839.65



सोना रु. 128578
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 179025
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरी गिरावट

**मुंबई, वार्ता**



■ सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक टूटे

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरी गिरावट देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 436.41 अंक टूटकर 84,666.28 अंक पर आ गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 120.90 अंक यानी 0.47 प्रतिशत लुढ़क कर 25,839.65 अंक पर बंद हुआ। सोमवार को भी दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान में रहे थे। दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही। इसका प्रमुख कारण रुपये में लौटी मजबूती रही। आईटी, ऑटो, फार्मा, वित्त स्वास्थ्य और धातु समूहों में गिरावट रही। वहीं टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, सरकारी बैंकों, रसायन और रियलिटी समूहों में निवेशकों ने पैसा लगाया। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स का शेयर लगभग 4.6 प्रतिशत और टेक महिंद्रा का करीब दो फीसदी लुढ़क गया।

एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा स्टील में 1.7 फीसदी से अधिक की गिरावट रही। मारुति सुजुकी, सनफार्मा, आईसीआईसीआई बैंक के शेयर एक प्रतिशत से अधिक टूट गए। एटरनल और टाइटन के शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा चढ़े।

## इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री नवंबर में 62 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री में इस साल नवंबर में सालाना आत्राार पर 62 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि दुपहिया में 2.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। वाहन डीलरों के संगठन सियाम के जारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2024 में देश में कुल 9,174 इलेक्ट्रिक वाहन बिके थे। इस साल नवंबर में यह संख्या बढ़कर 14,850 इकाई पर पहुंच गई। इसमें टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने 6,153 और जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने 3,693 वाहन बेचे हैं। दुपहिया ई. वाहनों की बिक्री सालाना आत्राार पर 2.51 प्रतिशत घटकर 1,16,982 इकाई रह गई।

## भारतीय उर्वरक संघ हरित प्रबंधन और किसानों के सशक्तिकरण पर देगा जोर

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बुधवार और गुरुवार को आयोजित होने वाले भारतीय उर्वरक संघ (एफएआई) के दो दिवसीय सम्मेलन में हरित प्रबंधन और किसानों के सशक्तिकरण पर जोर रहेगा।

एफएआई के चेयरमैन और कोरोमंडल इंटरनेशनल के एमडी एवं सीईओ एस- शंकर सुब्रमण्यम ने यह जानकारी यहां मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में दी। श्री सुब्रमण्यम ने कहा कि भारत खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने और सतत विकास लक्ष्य हासिल करने के लिए उर्वरक क्षेत्र में तेजी से बदलाव ला रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योग संतु. लित पोषण, संसाधनों के बेहतर उपयोग और आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सुब्रमण्यम ने बताया कि इस सम्मेलन में दुनिया भर के नीति-निर्माता, वैज्ञानिक, उद्योग विशेषज्ञ और किसान प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन केमिकल्स एवं फर्टिलाइज़र्स तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल और उर्वरक विभाग के सचिव रजत कुमार मिश्रा भी मौजूद होंगे।

हरित भविष्य के लिए उर्वरक प्रबंधन किसानों के सशक्तिकरण को गति' विषय पर आधारित यह सम्मेलन उर्वरक उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच होगा। एफएआई के महानिदेशक डॉ. सुरेश कुमार चौधरी ने बताया कि इस सम्मेलन में आईएनएम, वैकल्पिक उर्वरक, जलवायु-रोधी उत्पाद और मिट्टी स्वास्थ्य सुधार पर विशेष जोर दिया जाएगा।

# कौशल प्रशिक्षण में गरीब परिवारों को प्राथमिकता देने की कवायद शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ यूपीएसडीएम की ओर से कार्यक्रम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सबसे कमजोर तबकों के लिए रोज़गार के अवसर बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सभी कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में आरक्षण-आधारित प्रणाली लागू करने की कवायद शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) के तहत अब प्रशिक्षण से लेकर सेवायोजन तक अति गरीब वर्ग के पहचाने गए परिवारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि यह पहली बार है जब आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर वर्ग को कौशल विकास ढांचे में विशेष दर्जा दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, सरकार ने यूपीएसडीएम के सभी कार्यक्रमों में प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाई है और महिलाओं व दिव्यांगजनों के लिए विशेष आरक्षण कोटा निर्धारित किया है। नई व्यवस्था के तहत 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं के लिए और पांच प्रतिशत आरक्षण दिव्यांगजन के लिए अनिवार्य किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रयागराज में इस वर्ष 1,475 बेरोज़गार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाना है, जिनमें से 575 अभ्यर्थी दिसंबर तक प्रशिक्षण पूरा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि नए निर्देशों से कार्यक्रम की संरचना में महत्त्वपूर्ण बदलाव आए हैं, जिससे हाशिए पर रहने वाले समूहों की भागीदारी सुनिश्चित होगी। अधिकारी के मुताबिक, प्रयागराज में अब तक करीब 28,000 अति गरीब परिवार चिह्नित किए जा चुके हैं और इनके सदस्यों को प्रशिक्षण सत्रों व जॉब फेयर के माध्यम से रोजगार से जोड़ा जा रहा है। गौरतलब है कि इस अभियान की शुरुआत दो अक्टूबर 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गांत्राी जयंती पर की थी। इस पहल के तहत हर ग्राम पंचायत में 10 से 25 अत्यंत गरीब परिवारों की पहचान की गई है, जिन्हें विभिन्न विभागों की प्रत्यक्ष लाभांतरण योजनाओं से प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा जा रहा है।

## कड़ा धाम में सुविधाओं का विस्तार श्रद्धालुओं को मिलेगा सुविधाजनक माहौल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने कौशांबी जिले के सिराथू तहसील स्थित कड़ा धाम के कुबरी घाट को नई पहचान देते हुए आरती स्थल का विकास कार्य लगभग पूर्ण हो गया है।

करीब 2.41 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह परियोजना श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध करवाएगी। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'इक्यावन शक्तिपीठों में से एक मां शीतला धाम मंदिर श्रद्धालुओं के प्रमुख आस्था का केंद्र है। यह विकास कार्य उसी श्रद्धा और सुविधा को समर्पित है।'

मंत्री ने बताया कि 'प्रदेश कौशांबी जिला धार्मिक पर्यटन मानचित्र का जगमगाता सितारा है। भगवान बुद्ध की भूमि, हिन्दू आस्था का भी बघ केंद्र है। कुबरी घाट धार्मिक महत्व से जुघ स्थल है। आगंतुकों को धार्मिक क्रियाकलापों में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसलिए आरती स्थल के विकास कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जा रहा है।'

सैंकड़ों वर्षों से शीतला धाम कड़ापीठ शक्ति उपासकों का केंद्र रहा है। स्कंद पुराण के अनुसार, देवी सती के शरीर के टुकड़े जहां भी गिरे वहीं एक शक्तिपीठ स्थापित हुआ। कराकोटम जंगल में जिस स्थान पर सती का दाहिना कर गिरा, वही स्थान वर्तमान में कड़ा धाम के नाम से देश-दुनिया में विख्यात है। माना जाता है कि द्वापर युग में युधिष्ठिर अपने वनवास समय में कड़ा धाम देवी दर्शन के लिए आए। यहां उन्होंने गंगा किनारे शीतला देवी का मंदिर बनवाया और महाकालेश्वर शिवलिग की स्थापना की। वर्तमान में मां शीतला देवी का मंदिर भव्य स्वरूप ले चुका है। आज वही प्राचीन स्थल भव्य रूप में भक्तों की श्रद्धा का केंद्र बन चुका है। यहां पूर्वांचल के जिलों के साथ-साथ देश के अन्य कोने से भी लोग शक्ति आराधना को आते हैं। मंदिर में माता शीतला को गर्दभ की सवारी करते दिखाया गया है।

# विशाल अंतर्राष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन भारत मंडपम में

**लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, अनेक केन्द्रीय मंत्री, सांसद और दिल्ली के मंत्री व विद्वान भाग लेंगे**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




■ स्वामी रामदेव और जैन संत आचार्य प्रसन्न सागर जी महारज के मार्गदर्शन में हर मास एक उपवास अभियान का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** दुर्लभ संयोग से योग और उपवास के दो शिरोमणी संत योग ऋषि स्वामी रामदेव और जैन संत अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागरजी महाराज के पावन मार्गदर्शन में यह दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन होने जा रहा है। जनमंगल की सम्यदृष्टि उपवास, ध्यान, योग व स्वदेशी चिंतनष पर केंद्रित होगा।

12-13 दिसम्बर को इस सम्मेलन में हर मास-एक उपवास महाभियान के शुभारंभ पर माननीय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, दिल्ली के केबिनेट मंत्री श्री प्रवेश साहिब सिंह एवं कपिल मिश्रा, सांसद श्री सुधांशु त्रिवेदी, सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, इंडिया टीवी चेयरमैन श्री रजत शर्मा, जाने माने लीवर विशेषज्ञ डा. एस. के. सरीन, भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन एन. पी. सिंह, पतंजलि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डा. अनुराग वार्ष्णेय जी गरिमा प्रदान करेंगे और संबोधन देंगे।

पूज्य बागेश्वर सरकार धीरेन्द्र शास्त्री डिजिटल संबोधन देंगे, वहीं पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी महाराज, गीता मनीषी महामंडलेश्वर ज्ञानानंद जी महाराज और महंत बालकनाथ योगी जी महाराज पावनः सानिध्य प्रदान करेंगे। आप साक्षी हैं कि दुनिया के जनमंगल हेतु योग ऋषि स्वामी रामदेव जी के अखंड-प्रचंड पुरुषार्थ से योग पूरी दुनिया में हरिद्वार से हर द्वार तक पहुंचा और मानवता को वरदान मिला। ठीक उसी प्रकार आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज ने अतुलनीय 557 दिवस तक निरंतर उपवास करके द्धऔर अब तक 3500 से अधिक उपवास करके उपवास साधना शिरोमणी की प्रतिष्ठा प्राप्त की है।

अब दोनों युग-पुरुषों ने जनमंगल के लिए हर मास -एक उपवास का महाभियान आरंभ करने का निर्णय लिया है, ताकि समस्त सिद्धिदायक उपवास महामंत्र से मानवता का कल्याण हो।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सरधना पुलिस ने अपराधियों पर चलाया ऑपरेशन अंकुश अभियान

■ पुलिस के साथ गोतस्करों की हई मुठभेड़, एक आरोपी दबोचा
■ ऑप्रेशन वांछित अभियान में पुलिस को मिली सफलता दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** थाना पुलिस ने आप्रेशन वांछित व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाते हुए दो अलग-अलग मामलों में फरार चल रहें आरोपियों को पकड़कर जेल भेज दिया। इसके अलावा सरधना पुलिस की गोतस्करों के साथ मुठभेड़ भी हुई। जिसमें पुलिस की गोली से एक गोतस्कर घायल हो गया। जिसें पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने 24 घंटे में तीन आरोपियों को पकड़कर बड़ी कामयाबी हासिल की है, जिस पर पुलिस के आला अधिकारियों ने पुलिस टीम की पीठ थपथपाई है।



### पुलिस की गोली का निशाना बना गोतस्कर नवाब

थाना पुलिस टीम की सोमवार देर रात्रि गंगनहर पुल पटरी पर गोतस्करों के साथ मुठभेड़ हो गई। जिसमें पुलिस टीम पर हुए फायरिंग के जवाब में पुलिस की गोली लगने से एक गोतस्कर के पैर में गोली लग गई, जिसे पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में रेफर करा दिया। सोमवार रात्रि सरधना पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ गोतस्कर सरधना गंगनहर पुल पर गौकशी करने की फिराक में लगे हुए है, सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह मय फोर्स के साथ मौके जंगलों में पहुंचे, जहां पर पुलिस टीम को आता देख गोतस्करों ने फायरिंग कर दी। पुलिस की तरफ से की गई फायरिंग एक आरोपी के पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके से पुलिस ने घायल के कब्जे से अवैध तमन्चा मय कारतूस, एक गाय व गौकशी के औजार बरामद किए, इसके अलावा आरोपी के साथी अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से भाग खड़े हुए, जिनकी तलाश में पुलिस टीम लगा दी गई है। घायल गोतस्कर की पहचान नवाब उर्फ नवाबुद्दीन पुत्र इकराम उर्फ इकरामुद्दीन निवासी रूहासा थाना दौराला के रूप में हुई है, जिसके उपर कई अपराधिक मामलें दर्ज है। सरधना सीओ आशुतोष कुमार ने देर रात्रि मौके का दौरा करते हुए पुलिस टीम को बधाई दी, साथ ही फरार हुए अन्य आरोपियों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया। इस दौरान सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार, अतुल कुमार, जितेन्द्र कुमार, अनिल कुमार, विजय चौहान, सचिन कुमार, उपेन्द्र आदि मौजूद रहें।

## एटीएम कार्ड बदलकर 25 हजार उड़ाए और नौ हजार रुपये की शॉपिंग भी की

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** नगर में पुलिस चौकी के पास स्थित हिताची एटीएम पर कार्ड बदलकर लुटेरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। टाउन हाल रोड सरधना निवासी मुबासशीर पुत्र अय्यूब ने बताया कि एटीएम पर मदद के बहाने बदमाशों ने उनका कार्ड बदल दिया। कुछ ही देर में खाते से 25,000 रुपये कैश निकासी और 8,650 रुपये की शॉपिंग कर ली गई। वारदात के बाद पीड़ित मुबासशीर का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। न्याय के लिए वह लगातार पुलिस के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से पीड़ित बेहद परेशान है। पीड़ित ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार करने और धनराशि की रिकवरी की मांग की है।



## लाइनमैन पर गोली चलाने वाला राहुल गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव छुर में अवैध रूप से ट्यूबवेल पर तार न डालने के विरोध में लाइनमैन के ऊपर किए गए जानलेवा हमले के मामलें में पुलिस ने फरार चल रहें आरोपी को पकड़कर जेल भेज दिया है।

आरोपी के पास से पुलिस ने पिस्टल बरामद की है। गौरतलब है कि रविवार को छुर गांव में नलकूप पर अवैध तार लगाने के विरोध में संविदा कर्मचारी राकेश पुत्र जयपाल के ऊपर छुर गांव के युवक ने फायरिंग कर दी थी, जिसमें राकेश के दो गोली लगी थी, इस मामलें में राकेश की पत्नी सरोज की तरफ से किसान प्रदीप पुत्र सो. हनवीर व एक अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया था, पुलिस ने इस मामलें में प्रदीप के पुत्र राहुल उर्फ अंकुश तालियान को मंगलवार सुबह छुर-गोटका मार्ग से गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से पुलिस को एक पिस्टल व कारतूस बरामद हुए है। पुलिस ने पकड़े गए राहुल को जेल भेज दिया, जबकि उसके पिता प्रदीप की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दें रही है।

## चुनावी रंजिश में फायरिंग करने वाले प्रधान को पुलिस ने दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव कालंदी में दीवाली की रात्रि चुनावी रंजिश को लेकर हुए फायरिंग के मामलें में पुलिस ने फरार चल रहे सुरानी गांव के प्रधान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दीवाली की रात्रि कालंदी गांव में ग्राम प्रधान की रंजिश के चलते प्रधान प्रत्याशी व वर्तमान प्रधान के बीच जमकर फायरिंग हो गई थी, जिसमें पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा कायम करते हुए 27 लोगों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया था। इस मामलें में सुरानी गांव प्रधान तेजवीर उर्फ बब्बू पुत्र सुरेशपाल को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।



## साहब शहर के हर चौराहे पर लग रहा है जाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** महानगर में हर चौराहा सड़क पर जाम की स्थिति बनी है। एक जगह से दूसरी जगह पहुंचने पर लोगों को काफी समय लग रहा है। बेगमपुल, हापुड़ अड्डा व घंटाघर चौराहे पर लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं पुलिस भी रोज लगने वाले जाम से परेशान है। हमारे संवाददाता की जब एक व्यापारी से बात हुई तो उन्होंने ई-रिक्शा को जाम का सबब बताया है। उनका कहना था कि शहर में नमालूम कितने ईरिक्शा दौड़ रहे हैं जाम के समय देखने को मिला है कि रिक्शाओं की लंबी कतार होती है।

## हक की बात, जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाषचंद्र बोस प्रेक्षागृह में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत हक की बात, जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम डॉ. वी.के. सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने डीएम से अनेक प्रश्न पूछे जिनका डीएम द्वारा उत्तर दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा घरेलू हिंसा, दहेज हिंसा, कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, कन्या भ्रूण हत्या एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त, जिला विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी, महिला कल्याण विभाग के समस्त कर्मचारी व छात्राएं उपस्थित रही।

# जलकल विभाग की खाली पड़ी भूमि पर अवैध कब्जा करने की कोशिश, शिकायतकर्ता ने कई माह पहले जताई थी आशंका

■ खेड़ी मनिहार रजवाहे की पुलिया के पास हुआ था टंकी का निर्माण

शाह टाइम्स संवाददाता

**मवाना।** नगर की फलावदा रोड पर खेड़ी मनिहार रजवाहे की पुलिया के पास जलकल विभाग की खाली पड़ी भूमि पर कुछ भूमाफिया ने अवैध निर्माण कर कब्जा करने की कोशिश की है। हालांकि ग्रामीणों ने विरोध कर निर्माण रुकवा दिया और आला अधिकारियों से इसकी शिकायत की। दरअसल, कुछ महीने पहले ही मवाना निवासी एक युवक ने आईजीआरएस पोर्टल पर इसकी शिकायत करते हुए कब्जा किए जाने की आशंका जताई थी। जिसमें तहसील प्रशासन ने जलकल विभाग द्वारा कार्रवाई किए जाने की रिपोर्ट लगाई थी।

### जलकल विभाग की बनी है टंकी

ग्राम खेड़ी मनिहार की रजवाहे की पुलिया के पास ग्राम समाज की भूमि खसरा नंबर 530 में 790 वर्ग मीटर भूमि स्थित है, जिसे ग्राम समाज ने जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत पानी की टंकी निर्माण के लिए दिनांक 12-10-2022 को जलकल विभाग को सुपूर्द कर दिया था। उसके बाद वहां टंकी का निर्माण कराया गया, लेकिन कुछ भूमि विभाग ने खाली छोड़ दी थी।

### पहले ही जताई थी अवैध कब्जे की आशंका

दिनांक 11-04-2025 को कस्बा मवाना निवासी एक युवक ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत करते हुए उक्त जलकल विभाग की खाली पड़ी भूमि पर कब्जा किए जाने की आशंका जताई थी। तहसील प्रशासन ने उस समय भूमि को खाली बताते हुए जलकल विभाग द्वारा ही कार्रवाई करना उचित ठहराया था। तहसील प्रशासन ने शिकायतकर्ता को उक्त भूमि की नक्शा नजरी की प्रति भी सौंपी थी।

### सही साबित हुई आशंका

इस शिकायत के आठ महीने बाद शिकायतकर्ता की आशंका सही साबित हुई। जलकल विभाग की खाली पड़ी भूमि पर कुछ लोगों ने निर्माण कर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे, जिसे खेड़ी मनिहार के लोगों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण रुकवाया। गांव निवासी प्रवीण कुमार ने बताया कि ग्राम समाज की भूमि जलकल विभाग को दी गई थी, लेकिन भूमाफिया की नजर उस भूमि पर है। किसी भी सूरत में अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने मामले की शिकायत आला अधिकारियों से की है। उधर, पूर्व के शिकायतकर्ता ने भी सीएम पोर्टल पर शिकायत करते हुए भूमाफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने व कब्जा रोके जाने की मांग की है।



## एक नजर

### क्रिसमस और न्यू ईयर पर श्री बालाजी मोबाइल वर्ल्ड ग्राहकों को देंगे नई स्कीम

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** लाल कुर्ती स्थित बाउंड्री रोड पर श्री बालाजी मोबाइल वर्ल्ड के नए प्रतिष्ठान का शुभारंभ हुआ मुख्य अतिथि के रूप में पंडित गोपाल दास जी श्याम रसोई साहिबाबाद ने प्रतिष्ठा का पर्दा हटाकर और सांवरिया सेठ की मूर्ति का अनावरण कर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। बालाजी मोबाइल वर्ल्ड के प्रोपराइटर नीरज अग्रवाल को सभी ने शुभकामनाएं दी। इस दौरान दीपक गुप्ता, विवेक पंडित, संदीप अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, राजकमल आदि मौजूद रहे। नीरज अग्रवाल ने कहा कि श्री बालाजी मोबाइल वर्ल्ड हमेशा से अपनी नई-नई स्कीम के माध्यम से जाना पहचाना जाता है। फिलहाल क्रिसमस और न्यू ईयर पर हंगामे के रूप में उन्होंने स्कूटी वाशिंग मशीन एलईडी सहित टोटल 51 इनाम के साथ अपने कस्टमर को सबसे बढ़िया और लुभावनी स्कीम लॉन्च की है।



### किसानों पर अत्याचार हुआ तो होगा आंदोलन: जिलाध्यक्ष कालू प्रधान



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** किसानों की फरद पर बिना किसी सूचना के जबरन लोन चढ़ाए जाने के विरोध में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने कोऑपरेटिव सोसाइटी कार्यालय मेरठ का घेराव कर धरना दिया। धरना भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष कालू प्रधान के नेतृत्व में दिया गया। उन्होंने कहा कि किसानों का लगातार शोषण हो रहा है, जबरन लोन थोपना सरासर अन्याय है। संगठन किसानों के अधिकारों के लिए हर कीमत पर संघर्ष करेगा। किसानों को परेशान करने वालों के खिलाफ जल्द आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस दौरान जितेंद्र त्यागी, कुश चौधरी, भोला चौधरी, अभिलाष, नीरज राठी, राकेश राठी, सचिन कर्णवाल आदि मौजूद रहे।

### भूतपूर्व सैनिकों के हाउस टैक्स माफ करने की जिलाधिकारी से मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अहलकार सिंह नागर ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। जिसमें उन्होंने मांग की है कि भूतपूर्व सैनिकों के गृह कर माफ किए जाए। क्योंकि हरियाणा, पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, गोरखपुर, लखीमपुर, पीलीभीत आदि में भूतपूर्व सैनिकों के गृह कर सरकार ने माफ किए हैं लेकिन यूपी में इसे लागू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि जीआईएस सर्व बिल से सभी सैनिक तनाव में है। नगर निगम ने बिलों में भारी वृद्धि की है जिससे जनता परेशान है। और वह मारी-मारी घूम रही है। उन्होंने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों के बिल माफ कर जनता को भी राहत दी जाए।

## प्रेमिका बुआ ने पुलिस से शिकायत पर रुकवाई सगाई

■ आरोप: युवक ने नशीला पदार्थ पिलाकर बुआ के साथ किया था दुष्कर्म
■ इंचौली थाने में दर्ज है आरोपी के खिलाफ मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव रामपुर घोरिया निवासी हलवाई युवक का मंगलवार को होने वाली सगाई प्रेमिका की शिकायत पर रिश्ता टूट गया। पुलिस प्रशासन ने प्रेमिका की शिकायत पर सगाई कार्यक्रम को रुकवा दिया है।

क्षेत्र के गांव रामपुर गोरिया निवासी युवक का मंगलवार को सरधना के गांव इकड़ी निवासी युवती के परिजन सगाई लेकर आने वाले थे। इसकी भनक इंचौली क्षेत्र की रहने वाली प्रेमिका को लग गई। प्रेमिका ने इसकी शिकायत पुलिस कप्तान से की है। प्रेमिका ने बताया कि जून 2023 में वह घर में अकेली थी। भतीजे तुषार ने उसे नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया व उसके अश्लील फोटो भी खींच लिए। उन फोटो को वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ कई बार अलग-अलग होटल में उसके साथ दुष्कर्म किया। अब उसके पास आत्महत्या करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यदि उसकी शादी सगाई को नहीं रुकवाया गया तो वह मरने के लिए विवश होगी। छह महा पूर्व थाना इंचौली में आरोपी तुषार पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज है। क्षेत्र के गांव रामपुर घोरिया में तुषार की सरधना थाना क्षेत्र के ईकड़ी गांव से मंगलवार को सगाई कार्यक्रम होना था। लेकिन पुलिस प्रशासन ने युवती की शिकायत पर फिलहाल सगाई को रुकवा दिया है। तुषार व उनके परिजनों का कहना है कि शिकायतकर्ता ने बे बुनियाद आरोप लगाए हैं। थाना इंचौली में दर्ज मुकदमे में इलाहाबाद हाईकोर्ट से अरेस्टिंग स्टे है। जिस युवती से उसकी शादी हो रही हैं। तीन माह पूर्व उससे कोर्ट मैरिज हो चुकी हैं। थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह ने बताया कि इंचौली थाना क्षेत्र की युवती की शिकायत पर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर फिलहाल सगाई कार्यक्रम को रुकवा दिया गया है।

## हाई कोर्ट बैंच की मांग: ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने दिया अधिवक्ताओं को समर्थन

### जनता को सस्ता न्याय दिलाना समय की जरूरत: दीपक वर्मा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** मंगलवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की पुरजोर मांग को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने अपना पूरा समर्थन दिया। जिला अध्यक्ष पवन शर्मा के नेतृत्व में पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल मेरठ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय शर्मा से मिला और उन्हें समर्थन पत्र सौंपा। पत्रकारों ने साफ कहा कि वर्षों से लंबित यह मांग अब निर्णायक मोड़ पर है।

संगठन ने अधिवक्ताओं के संघर्ष को जनआंदोलन का स्वर देने का भरोसा दिया। जिला महामंत्री दीपक वर्मा ने कहा कि पश्चिमी यूपी के करोड़ों लोगों को न्याय तक आसान पहुंच दिलाना समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की हर लड़ाई में पत्रकार कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। दीपक वर्मा ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि यह मुहिम अब पीछे नहीं हटेगी।




ग्रामीण पत्रकार एसोएिएशन के सदस्य समर्थन पत्र देते हुए।

पत्रकार संगठन जनहित से जुड़े मुद्दों पर हमेशा अग्रसर रहा है और आगे भी रहेगा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हाई कोर्ट बेंच मिलना सिर्फ वकीलों का नहीं, जनता का भी अधिकार है। संगठन ने सरकार से इस मुद्दे पर जल्द सकारात्मक निर्णय की अपील की। पत्रकारों ने चेताया कि मांग लंबित रहने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। बैठक में कई वरिष्ठ पत्रकार भी मौजूद रहे और समर्थन पत्र पर अपनी सहमति दर्ज की। इस अवसर पर राजन सोनकर, सूर्यांश, राजू शर्मा, राजेश शर्मा, नकुल चतुर्वेदी, शाहिद खान, सतीश राजपूत आदि मौजूद रहे।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने 99.33 प्रतिशत के क्लेम सेटलमेंट के साथ बढ़त बनाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** आईसी आईसी आई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2026 के शुरुआती छह महीनों में 99.33 प्रतिशत का क्लेम सेटलमेंट रेशियो हासिल किया है, जो देश की टॉप लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में सबसे ज्यादा है। खास बात यह है कि बिना जांच वाले दावों का भुगतान करने में कंपनी ने औसतन सिर्फ 1.1 दिन का समय लिया। इसी अवधि में कंपनी ने कुल 893.38 करोड़ रुपए के डेथ क्लेम भी सेटल किए। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ के चीफ ऑपरेशंस ऑफिसर अमिश बैंकर ने कहा, हमारी क्लेम सेटलमेंट प्रक्रिया ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने के लिए डिजाइन की गई है और हम हर क्लेम को अत्यधिक संवेदनशीलता के साथ संभालते हैं। वित्त वर्ष 2026 के शुरुआती छह महीनों में क्लेम सेटलमेंट रेशियो 99.33 प्रतिशत रहा क्लेम के लिए औसत क्लेम सेटलमेंट टर्नअराउंड टाइम सिर्फ 1.1 दिन था।

## भ्रष्टाचार लोकतंत्र की राह में रोड़ा: सुधीर गिरि

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में अन्तर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक दिवस पर एकदिवसीय राष्ट्रीय संगौष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर से पधारे वक्ताओ ने एकसुर में भ्रष्टाचार को वैश्विक अभिशाप बताते हुए इसे स्वस्थ व स्थिर लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया।



इसके साथ ही उपस्थित स्टाफ एवं छात्र-छात्राओ को अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ काम करते हुए राष्ट्र सेवा की शपथ दिलायी। वेंक्टेश्वरा विश्व विद्यालय संस्थान के एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक दिवस पर भ्रष्टाचार वैश्विक अभिशाप एवं लोकतंत्र के लिए खतरा विषय पर संगौष्ठी एवं शपथ समारोह का शुभारम्भ प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, उपभोक्ता मामलो के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. श्रीगोपाल नारसन, कुलसचिव प्रो. पीयूष कुमार पाण्डेय, डॉ. राजेश सिंह आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि भ्रष्टाचार एक ऐसी दीमक है, जो न सिर्फ व्यक्तिगत, परिवार, संस्था, समाज, प्रदेश व राष्ट्र बल्कि पूरे वैश्विक समुदाय के साथ साथ स्वस्थ व स्थिर लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा है। पूरे विश्व परिदृश में देखे तो पता चलेगा कि दुनिया के जिस राष्ट्र में भ्रष्टाचार चरम पर है, वह पूरी तरह से आज पतन के रास्ते पर है। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि पिछले एक दशक में विभिन्न राज्यो में लोकपाल की नियुक्ति, कड़े भ्रष्टाचार निरोधक कानून एवं सूचना के अधिकार जैसी सेवाओ द्वारा भ्रष्टाचार पर कड़ाई से अंकुश लगाया जा रहा है। पर शत्-प्रतिशत भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए सरकार के साथ-साथ देश के प्रत्येक नागरिक को इस कलंक से राष्ट्र को बचाने एवं स्थिर लोकतंत्र के निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका निभानी होगी। अन्तर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय संगौष्ठी को वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. श्रीगोपाल नारसन, कुलसचिव प्रो. पीयूष कुमार पाण्डेय, डॉ. नीतू पंवार आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक डॉ. राजेश सिंह, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. आरती गुप्ता, डॉ. राजवर्धन, डॉ. जयवीर सिंह, एस.एस. बघेल, डॉ. श्रीराम गुप्ता, मेरठ परिसर निदेशक डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर ब्लैकमेल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**किठौर।** पुलिस ने शादी का झांसा देकर एक युवती से संबंध बनाने और बाद में ब्लैकमेल करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी को किठौर थाना पुलिस ने 24 घंटे के भीतर पकड़ा है।यह मामला किठौर थाना क्षेत्र का है। पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि शाहजहांपुर के मोहल्ला कुरैशियान निवासी अरशद पुत्र अकबर ने उसे शादी का भरोसा दिया। इस दौरान उसने युवती से शारीरिक संबंध बनाए। शिकायत के अनुसार, जब पीड़िता ने अरशद से शादी करने के लिए कहा, तो उसने इंकार कर दिया। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने उसे डराया और उसकी निजी तस्वीरें व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी भी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। किठौर थाना प्रभारी प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई, जिसने आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके आधार पर टीम ने शाहजहांपुर के मीतापुर तिराहे पर घेराबंदी की। दोपहर करीब 1 बजे आरोपी अरशद को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया।



## कांग्रेस 14 को दिल्ली में करेगी महारैली

### राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने कार्यालय पहुंचकर ली तैयारियों की जानकारी

■ मुख्य अतिथि के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पार्टी कार्यालय पर नोकझोंक

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** बुढ़ाना गेट स्थित पार्टी कार्यालय पर दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में 14 दिसंबर को होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव भाटी ने की तथा संचालन महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने किया।

बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने विशेष रूप से उपस्थित होकर तैयारियों की जानकारी प्राप्त की और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मेरठ के कोऑर्डिनेटर मनोज कौशिक भी उपस्थित रहे। महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा के संयोजन में कांग्रेस कार्यालय पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन केक काटकर व लड्डू बांट कर मनाया गया। वहीं रंजन शर्मा ने बताया कि मेरठ से लगभग 3000 कार्यकर्ता 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में शामिल होंगे। सभी कार्यकर्ता बसों, कारो व रेल के द्वारा जाएंगें। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला, पूर्व महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी, सलीम खान, सलीम पठान, रीना शर्मा, राजू यादव, पीयूष रस्तोगी, महेंद्र गुर्जर आदि रहे।



### कांग्रेस कार्यालय पर मामूली बात हुई कहासुनी

कांग्रेसियों की गुटबाजी उस समय उजागर हो गई जब राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल के सामने कार्यकर्ता आपस में कहासुनी करने लगे। इस दौरान कार्यालय पर नारेबाजी भी की गई। जिला व महानगर दोनों पक्ष के कार्यकर्ता अलग-अलग नारेबाजी कर रहे थे। मुख्य अतिथि ने बीच में आकर दोनों पक्षों को शांत कराया।

# इंस्टाग्राम पर पिस्टल लहराने का वीडियो वायरल, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

## हिरासत में लेने और छोड़ने की चर्चा पर उठ रहे सवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** कस्बा क्षेत्र में एक युवक द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर पिस्टल लहराते हुए वीडियो पोस्ट करने का मामला उजागर होने के बाद स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। वीडियो वायरल होते ही पुलिस हरकत में तो आई, लेकिन उससे पहले क्या हुआ इस पर कई तरह की चर्चाएं गर्म हैं।

घटना के अनुसार, युवक ने इंस्टाग्राम आईडी /उत;ंपनि;ा;7 से पिस्टल लहराते हुए वीडियो अपलोड किया था। इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हुए इस वीडियो को बाद में युवक ने अपने अकाउंट से हटा दिया, लेकिन तब तक कई लोगों ने उसे डाउनलोड कर आगे शेयर कर दिया था। खुलेआम हथियार का प्रदर्शन न सिर्फ कानून का उल्लंघन है, बल्कि क्षेत्र की सुरक्षा-व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

स्थानीय सूत्रों का दावा है कि वीडियो वायरल होने के बाद सोमवार को ही पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया था, लेकिन देर शाम कस्बा चौकी के कुछ पुलिसकर्मियों की मिलीभगत से उसे बिना कार्रवाई छोड़ दिया गया। वहीं घटनाक्रम सामने आने पर मंगलवार सुबह मीडिया में खबर फैलते ही पुलिस ने किरकिरी से बचने के लिए आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने अभी तक युवक की गिरफ्तारी नहीं की है, जबकि क्षेत्र में यह मामला लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों का प्रदर्शन अपराध को बढ़ावा देता है और पुलिस को ऐसी घटनाओं पर तत्काल व सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

सीओ आशुतोष कुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान कर जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों द्वारा आरोपित को हिरासत में लेकर छोड़ने की बात उनके संज्ञान में नहीं है। यदि ऐसा पाया जाता है तो संबंधित पुलिसकर्मियों पर सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## इंग्राहम इंग्लिश स्कूल में खिस्त जयंती उत्सव मनाया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इंग्राहम इंग्लिश स्कूल में खिस्त जयंती उत्सव "Peace on Earth" धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डीएस रेव. शशि कपूर की प्रार्थना से हुई। छात्रों ने विभिन्न क्रिस्मस गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। नाटिका के माध्यम से बच्चों ने क्षमा, प्रेम और उद्धार का संदेश दिया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला न्यायाधीश विवेक कुमार गुप्ता और अतिथि विंग कमांडर पी. जैथ्रो की उपस्थिति विशेष रही। प्राचार्या मधु सिंह पीटर्स, कॉर्डिनेटर दिनेश पाल और शिक्षकों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य के लिए डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी को किया निर्वाचित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश परिषद सदस्य हेतु मेरठ महानगर से डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी को निर्वाचित घोषित किया है। डॉ. लिसाड़ी वर्ष 1988 से निरंतर दायित्व पर हैं। वर्तमान में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के दायित्व पर है। अब से पूर्व महानगर महामंत्री भाजपा, महानगर अध्यक्ष भाजपा, मीडिया प्रभारी पश्चिम उ.प्र. भाजपा, प्रदेश उपाध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा आदि दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी को प्रदेश परिषद निर्वाचित घोषित होने पर राज्यसभा सांसद डॉ.लक्ष्मी कांत वाजपेई, पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल, कैंट विधायक अमित अग्रवाल, एमएलसी अश्वनी त्यागी, धर्मेंद्र भारद्वाज, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, जिला अध्यक्ष हरवीर सिंह पाल, डॉ. मनोज सिवाच आदि ने बधाई दी है। राजकुमार शर्मा (कैंट विधानसभा) सरदार दलजीत सिंह (कैंट विधानसभा) भी प्रदेश परिषद निर्वाचित घोषित हुए हैं।

## कैंट विधायक की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति द्वारा आयोजित बैंकों की समीक्षा बैठक मेरठ कैंट विधायक अमित अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। उद्योग ऋण, स्वरोजगार योजनाओं में ऋण, प्रधानमंत्री फसल बीमा, केसीसी के माध्यम से किसानों को समय पर ऋण जैसी सरकारी सुविधाएं जनता को आसानी से उपलब्ध हो एवं उनकी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु चर्चा की। साथ ही बैंको को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लोगों को बैंकों के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए और मेरठ की जीडीपी बढ़ाने में भी सभी बैंक अपना पूर्ण योगदान करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की नीतियों और योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास हर स्तर पर जारी है। बैठक में जिला अग्रणी प्रबंधक बैंकों के प्रबंधक और बैंकों के जिला समन्वयकों उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय स्काउट शिविर का समापन

### स्काउट प्रभारी के नेतृत्व में विद्यालय के 512 छात्रों ने 35 टोलियां बनाकर शिविर में किया प्रतिभाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के इण्टर कॉलेज परीक्षितगढ़ में दो दिवसीय स्काउट के शिविर समापन पर सुंदर तंबू सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध संचालक डॉक्टर नारायण शरण व प्रधानाचार्य मेजर लवकेश रुहेला ने संयुक्त रूप से स्काउट गाइड का झण्डा फहराकर किया। इस अवसर पर प्रबंध संचालक डॉक्टर नारायण शरण ने कहा कि स्काउट गाइड शिविर बच्चों को अनुशासन में रहकर देश सेवा की भावना पैदा करता है। प्रशिक्षण में जिला स्काउट आयुक्त सोमेंद्र सिंह ने बच्चों को स्काउट के विभिन्न कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी दी जिसमे तंबू बनाना, गांठ लगाना, रंगोली बनाना आदि सिखाया विद्यालय के स्काउट प्रभारी अभयानंद सिंह के नेतृत्व में विद्यालय के 512 छात्रों ने 35 टोलियां बनाकर शिविर में प्रतिभाग किया तथा स्वादिष्ट व्यंजन बनाये कक्षा 12 के छात्रों की टोली ने मिट्टी के बर्तनों में स्वादिष्ट खीर बनाकर लोकल फॉर वोकल का संदेश दिया। सीनियर वर्ग में सोनू कक्षा -12, ईशाम रिजवी कक्षा- 11, हिमांशु कक्षा-12 की टीम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया जूनियर वर्ग में मुंजाल, फैज व निकुंज के टीम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर लवकेश कुमार रुहेला ने छात्रो को स्काउट के प्रशिक्षण से छात्रो को अच्छे नागरिक बनने व देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनिल शर्मा, मनोज शर्मा, योगेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा आदर्श विद्यापीठ इण्टर कॉलेज गुलावठी बुलंदशहर ने छात्रों के कार्यो और अनुशासन की सराहना की। निर्णायक मण्डल में दुष्यन्त कुमार, विनोद सुभाष, देवी शंकर, विजयपाल, अजय कुमार, कविता रानी रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर लवकेश रूहेला ने आए हुए अतिथियों व समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

## शाहवेज अंसारी ने बीएलओ के साथ मिलकर किया एसआईआर का कार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर में चल रहा एसआईआर कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। मंगलवार को एसडीएम सरधना ने स्वयं सरधना तहसील पर पहुंचकर पूरे अभियान की गहनता से जांच की। उन्होंने क्षेत्रवार तैयार किए जा रहे गणना प्रपत्रों, मैपिंग दस्तावेजों और फर्मों के मिलान का विस्तृत निरीक्षण किया और अधिकारियों को अंतिम तिथि 11 दिसंबर तक सभी कार्य पूरी निष्पक्षता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। वरिष्ठ समाजसेवी शाहवेज अंसारी भी बूथों पर बीएलओ से मिलें।

उन्होंने बीएलओ शालिनी जैन के साथ मिलकर शेष प्रपत्रों और मैपिंग डेटा की बारीकी से जांच करवायी। शाहवेज अंसारी लगातार कार्य की प्रगति पर नजर रखे हुए है साथ ही उन्होंने कहा कि कार्य में जनता के दस्तावेजों की सटीकता हमारा दायित्व है और इसे 11 दिसंबर से पहले पूर्ण रूप से सही रूप में पूरा करना हमारा दायित्व है। बीएलओ शालिनी जैन ने कहा कि अंतिम समय सीमा से पहले सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार कर दिए जाएंगे। मैदान स्तर पर निरीक्षण और लगातार निगरानी के चलते एसआईआर कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है और उम्मीद है कि निर्धारित तिथि तक पूरा अभियान सफलतापूर्वक पूर्ण हो जाएगा।

# खनन माफिया ने गुर्गो संग मिलकर किया था नितिन पर जानलेवा हमला!

### लूटी गई स्कूटी अटौरा रोड बाईपास पर जली अवस्था में मिली, पुरानी रंजिश में एक सप्ताह पहले हुई थी घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** एक सप्ताह पहले सैदीपुर रजवाहे की पुलिया पर युवक पर हुआ जानलेवा हमला एक खनन माफिया ने अपने गुर्गो संग मिलकर किया था। घटना में लूटी गई स्कूटी मंगलवार को जली हालत में अटौरा रोड पर बरामद हुई है जबकि न तो आरोपी पुलिस की पकड़ में आए हैं और न ही लूटे गए मोबाइल का ही पता चल पाया है।

बीती 4 दिसंबर की रात करीब साढ़े 8 बजे नितिन चौहान निवासी मोहल्ला हीरालाल मवाना पर सैदीपुर रजवाहे की पुलिया के पास कुछ युवकों ने जानलेवा हमला किया था। लोहे की रॉड से हुए हमले में युवक को गंभीर चोट आई थी, जिसके चलते उसे मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोपियों ने नितिन की स्कूटी व मोबाइल भी लूट लिया था। इस मामले में घायल युवक के पिता ने तीन नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

**खनन माफिया ने ली थी सुपारी**

पीड़ित नितिन चौहान की पड़ोस के ही कुछ युवकों से विवाद चल रहा था। जिनका संबंध क्षेत्र के सैनी नाम के एक चर्चित खनन माफिया से है। चर्चा है कि घटना वाली रात जब पीड़ित कामिल पंप पर पेट्रोल डलवाने गया तो उसी खनन माफिया का एक गुर्गा पंप पर पहुंचा और नितिन से मदद मांगते हुए सैदीपुर पुलिया तक छोड़ने को कहा। इंसानियत दिखाते हुए एक अंजान की मदद करना उस पर भारी पड़ गया। जैसे ही नितिन उस युवक को लेकर सैदीपुर रजवाहे के पास पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद खनन माफिया और उसके गुर्गो ने हमला बोल दिया और उसकी स्कूटी और मोबाइल लूट लिया।

### जली हालत में मिली स्कूटी



मंगलवार शाम को पुलिस को अटौरा रोड पर एक खेत में जली हुई स्कूटी पड़ी होने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और स्कूटी को कब्जे में ले लिया। नंबर प्लेट से पता चला कि यह वही स्कूटी यूपी 15 डीई 2668 है, जो नितिन से लूटी गई थी। मंगलवार को पुलिस सैदीपुर रजवाहे के आसपास दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी रही। सीओ मवाना पंकज लवानिया ने कहा कि मुकदमें की विवेचना चल रही है। आरोपियों के खिलाफ मजबूत साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं। साक्ष्यों के आधार पर ही कार्रवाई की जाएगी।

## किठौर पुलिस ने चार वांछित किए गिरफ्तार

**किठौर।** किठौर पुलिस ने मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में वांछित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एक पक्ष के इकराम पुत्र वसीयत ने किठौर थाने में तहरीर दी थी। बताया था कि कुछ लोगों ने रंजिशन उनके घर पर हमला किया, उनके सिर पर वार किया और उनके पुत्रों अंजार व समीर पर डंडों से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। वहीं, दूसरे पक्ष के अफसार पुत्र जमशेद निवासी ग्राम लालियाना ने भी तहरीर दी थी, जिसके आधार पर 8 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। एसएसपी के निर्देश पर एसपी देहात और सीओ किठौर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। 9 दिसंबर को दोनों पक्षों के चार वांछित अभियुक्तों अफसर पुत्र वसीम, अनस पुत्र जबेर, खुशबन्त उर्फ भूरा पुत्र वसीम और इकबाल पुत्र वसीयत (सभी निवासी ग्राम लालियाना) को किठौर ललियाना रोड से लगभग 11 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से एक कसला और एक डंडा बरामद किया गया है।

## परिवहन निगम व पुलिस की लापरवाही से लग रहा जाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** गन्ने से भरे ओवरलोड वाहनों से नगर में जाम की स्थिति बनी हुई है। परिवहन निगम एवं पुलिस विभाग की लापरवाही के करण गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉले एवं ट्रैकों से जाम लग रहा है। घंटो घंटो वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परिवहन एवं पुलिस विभाग जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं। कई बार तो बिजली विभाग के तारो में पार्ट भी हो चुका है और नगर पंचायत द्वारा लगाए पथ प्रकाश की व्यवस्था की लाइनें भी तोड़ चुके हैं। जिनसे नगरवासियों को काफी हानि हो रही है।

नगरवासियों का कहना है कि में ओवरलोड वाहनों से जाम की स्थिति बनी हुई है। परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग इस और ध्यान दे दे तो जाम की स्थिति नहीं बनेगी लेकिन ओवरलोड वाहनों के संचालक अपनी मनमानी कर रहे हैं। सड़कों ओवरलोड वाहनों से जाम लगा रहता है। जिससे नागरिकों एवं ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगरवा. सियों का कहना है कि अगर विभाग इस समस्या का समाधान ने किया गया तो वह उच्चाधिकारियों को एक प्रार्थना पत्र देखकर समाधान कराएंगे।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी**

थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह क्या कहना है कि वह नगर में लगने वाले जाम को पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर खुलवाने का काम करते हैं। यदि फिर भी कोई समस्या आती है तो सड़कों के किनारे अतिक्रमण को हटवाने का काम करेंगे। वही गन्ने से भरे ओवरलोड वाहनों के संचालकों को थाना बुलवाकर नियमों का पालन करने की हिदायत दी जाएगी।

## लापता किशोरियों के के मामले में पुलिस ने दो को हिरासत में लेकर की पूछताछ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** नगर के मोहल्ला जूड़ वाला निवासी दो नाबालिग किशोरी लापता के मामले में पुलिस ने बहसूमा निवासी आरोपी युवक के पिता और एक महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि सोमवार को कस्बा निवासी दोनों किशोरियों के पिता अपने रिश्तेदार के निधन होने पर उनके यहां बाहर गए हुए थे वह वापस दोपहर करीब 11 बजे जब घर आए तो घर से दोनों भाइयों की पुत्रियां गायब मिली घटना के संबंध में किशोरियों के पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने लापता किशोरी को तलाश करने का काफी प्रयास किया। बड़ी मुश्किल से पता चला कि बहसूमा व कस्बा निवासी दो युवक उसकी नाबालिग 15 वर्षीय और दूसरी 16 साल की बेटियों को बहला फुसलाकर ले गए। दोनों ही किशोरियां दोनों सगे भाइयों की है। पीड़ित ने घटना के संबंध में दोनों को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में कई जगह दबिश दी लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रह्म कुमार त्रिपाठी का कहना है कि घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# लोक अदालत का अधिकतम लाभ लें: असलम सिद्दीकी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपर जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ रमेश कुशवाहा ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र के अनुसार दिनांक 13 दिसंबर 2025 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों, पारिवारिक वादों, एनआई एक्ट के वादों, दीवानी वादों तथा बैंक ऋण वसूली वादों इत्यादि के लिए प्री-ट्रायल बैठक आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

अनुपम कुमार, माननीय जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ के मार्गदर्शन में 13 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किये जाने हेतु मौहम्मद असलम सिद्दीकी, विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी. एक्ट)/नोडल अधिकारी लोक अदालत द्वारा समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटगण के साथ चौदह न्यायालय भवन के सभागार कक्ष में प्री ट्रायल बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटगण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक जनता को लाभान्वित किया जा सकें। नोडल अधिकारी मौ. असलम सिद्दीकी ने कहा कि जनता को जागरूक होते हुए इस लोक अदालत का अधिकतम लाभ लेना चाहिए। उक्त बैठक में स्वप्न आनन्द, लघुवाद न्यायाधीश मेरठ, नीरज कुशवाहा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मेरठ, नाहिद सुल्ताना, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, न्यायालय संख्या-01 मेरठ तथा अनुज ठाकुर, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, न्यायालय संख्या-04 मेरठ द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में किस प्रकार अधिक से अधिक वादो का निस्तारण किया जा सकता है, के सम्बन्ध में अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। उक्त के अतिरिक्त सभी न्यायिक मजिस्ट्रेटगण को राष्ट्रीय लोक अदालत धारा-138 एनआई एक्ट के वादों को प्राथमिकता के आधार पर अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित करते हुए निर्देशित किया गया।

### 13 दिसम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

अपर जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रमेश कुशवाहा ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 13 दिसम्बर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के अनुपालन में जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ के मार्गदर्शन में विभिन्न न्यायालयों में लम्बित (जो कि राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड पर अपलोड है) आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वादो, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम विवाद, जल व विद्युत बिल (अशमनीय वादों को छोड़कर), वैवाहिक विवाद (विवाह विच्छेद/तालाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वाद, वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृति लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वादो (जनपद न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में लम्बित मात्र), सिविल वादो (किराया, सुखाधिकार, व्यादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद), प्रीलिटीगेंशन वाद-सभी प्रकार के दीवानी व सुलह समझौते योग्य अपराधिक शमनीय वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा।

## 'प्रीमियम' केयर दर्शाने वाले विचारशील हाव-भावों को सम्मानित करता है टाटा टी प्रीमियम का नया कैम्पेन

**मेरठ।** टाटा टी प्रीमियम केयर ने अपना नया कैम्पेन शुरू किया है, जिसमें उन्होंने 'केयर यानी देखभाल करने की भावना' की खूबसूरती को अनूठे और विच. ारशील ढंग से सम्मानित किया है। कैम्पेन की सोच बहुत ही सरल है, देखभाल हमेशा खास होनी चाहिए, हम जिनसे प्यार करते हैं, उनके प्रति हमारी देखभाल हमेशा प्रीमियम होनी चाहिए। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के प्रेसिडेंट (पैक्ड बेव. रेजेज, इंडिया एंड साउथ एशिया) पुनीत दास ने कहा।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **धर्मेंद्र कुमार, पुत्रः सुरेंद्र कुमार, पताः गांव भिंडवाडा, थाना मवाना, जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश** ने **E-FIR No. 29903/19, U/s 379/411 IPC. पुलिस थाना फर्श बाजार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **धर्मेंद्र कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **धर्मेंद्र कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 29903/19, U/s 379/411 IPC. पुलिस थाना फर्श बाजार, दिल्ली** के अभियुक्त **धर्मेंद्र कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार — श्री अखिल मलिक
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-02
शाहदरा जिला, कमरा नं. 38, भूतल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/16555/SHD/2025

काउंसलिंग कोड-1694

**आर.के. कॉलिज**

गढ़-मेरठ रोड किठौर (मेरठ)

**अल्पसंख्यक कोटे के अंतर्गत सीधे प्रवेश**

डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) में प्रवेश के लिए स्नातक स्तर पर सामान्य वर्ग के लिए 50 प्रतिशत अंक की व अन्य पिछड़े वर्ग, एस.सी./एस.टी. वर्ग के लिए स्नातक स्तर पर 45 प्रतिशत अंक की अनिवार्यता। सभी वर्ग के प्रवेश की शर्ते शासन के नियमानुसार।

सम्पर्क सूत्र :-
9149052181, 9258822392

# रात्रि में खनन व परिवहन पूरी तरह रहेगा प्रतिबंधित: डीएम

## जिलाधिकारी ने खनिज टास्क फोर्स के साथ की समीक्षा बैठक, अवैध खनन पर दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने खनिज से संबंधित टास्क फोर्स के साथ बैठक कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद में किसी भी स्थिति में अवैध खनन नहीं होना चाहिए तथा ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

अलीपुर तटबंध पर गाजियाबाद में संचालित स्वीकृत पटो द्वारा परिवहन उपयुक्त किए जा रहे परिवहन से तटबंध क्षतिग्रस्त हो रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को फेंसिंग लगवाने एवं क्षतिपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जनपद में लगभग 398 ईंट भट्ठे हैं जिनमें से 324 भट्ठा स्वामियों द्वारा सत्र 2025-26 हेतु निर्धारित विनमय शुल्क जमा कराया जा चुका है, जबकि 74 भट्ठों में शुल्क जमा होना शेष है। निवाड़ा स्थित एआई-चेक गेट से निर्गत नोटिस के अनुसार 403 वाहनों पर कुल 1,65,60,040 धनराशि बकाया है। वहीं अवैध परिवहन में एम-चेक से जारी नोटिस के रूप में 178 वाहनों पर 76,50,990 की धनराशि बकाया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में जनपद में कोई भी उप खनिज बालू खनन पट्टा परमिट संचालित नहीं है। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन ईंट भट्ठा स्वामियों ने शुल्क जमा किया है, वे केवल दिन में ही मिट्टी का उठान एवं परिवहन करेंगे तथा परियोजना स्थल के चारों तरफ 6 फीट की फेंसिंग अनिवार्य रूप से लगाई जाएगी। रात्रि में खनन एवं परिवहन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा और उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपखनिजों के वाहनों पर दिन में शुल्क 150 प्रति घन मीटर निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि अधिकांश वाहन हरियाणा राज्य से खनिज लोड कर आते हैं तथा बिना आईआरसीटीसी शुल्क जमा किए जनपद में प्रवेश कर रहे हैं, जिससे राजस्व की हानि हो रही है। इस पर संबंधित अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि समय-समय पर परिवहन विभाग की समन्वय बैठकें आयोजित की जाएंगी तथा जनपद में किसी भी प्रकार का अवैध खनन हर हाल में रोका जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय, जिला खनिज अधिकारी वीरेंद्र प्रताप सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राघवेंद्र सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी विजय कुमार सहित समस्त थाना अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने चैकिंग के दौरान किया 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस ने देर रात चेकिंग अभियान के दौरान 25 हजार रुपये के एक इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। यह अभियुक्त किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान शामली निवासी मोईन पुत्र मोज़ुदीन के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी। मोईन पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में चार आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को देर रात सूचना मिली थी कि वह असारा गांव के पास अंडरपास के समीप किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को पकड़ा गया है। रमाला थाने में उसके खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## पीड़ित परिवार ने लगाया पुलिस पर कोई कार्रवाई न करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में कक्षा 8 की नाबालिग छात्रा का आपत्तिजनक फोटो वायरल होने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपियों ने परिजनों के साथ मारपीट की और छात्रा की अश्लील तस्वीरें सार्वजनिक स्थानों पर चिपकाने की धमकी दी।

परिजनों के अनुसार, गांव के कुछ युवक छात्रा की तस्वीरें वायरल कर रहे थे। जब परिवार ने इसका विरोध किया और कोतवाली में तहरीर दी, तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए उनके घर आ धमके। उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। पीड़ित परिवार ने बताया कि आरोपियों ने उन्हें धमकी दी कि यदि वे पुलिस में शिकायत करते हैं, तो छात्रा की आपत्तिजनक तस्वीरें पूरे गांव में सार्वजनिक स्थानों पर चिपका दी जाएंगी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के बाद भी पुलिस की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे उनमें भय का माहौल बना हुआ है। परिजनों के अनुसार, लगातार मिल रही धमकियों के कारण छात्रा मानसिक रूप से परेशान है। परिवार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।




## बाइक सवार दो युवक कॉल करने के बहाने मोबाइल लेकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कस्बे में मोबाइल चोरी की एक घटना सामने आई है। बाइक सवार दो युवक कॉल करने के बहाने एक व्यक्ति का मोबाइल लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने खेकड़ा थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है।

खेकड़ा निवासी सलीम पुत्र इसराइल ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम से घर से निकले थे और पंडाल स्टैंड पर खड़े थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक उनके पास आए और उनसे कॉल करने के लिए मोबाइल फोन मांगा। सलीम ने मदद के तौर पर अपना मोबाइल फोन उन्हें दे दिया। मौका मिलते ही दोनों युवक फोन लेकर बाइक से फरार हो गए। सलीम ने शोर मचाया, लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आ सके। घटना के बाद पीड़ित सलीम थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी जानकारी दी। थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने बताया कि सलीम की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस टीम को जांच के निर्देश दिए गए हैं। प्रभारी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।




## एक नजर

### पटवारी पर घर में घुसकर महिला का सामान तालाब में फेंकने और दीवार तोड़ने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** दोघट कस्बे में एक पटवारी पर घर में घुसकर महिला का सामान तालाब में फेंकने और दीवार तोड़ने का आरोप लगा है। पीड़ित परिवार ने पटवारी और पुलिसकर्मियों पर अभद्रता का भी आरोप लगाया है। परिवार के सदस्यों के अनुसार, सोमवार रात पटवारी कुछ पुलिसकर्मियों के साथ अचानक उनके घर में घुस आया। इस दौरान महिला विधा देवी के घर में रखा सामान उठाकर तालाब में फेंक दिया गया। आरोप है कि मकान की एक दीवार भी तोड़ दी गई। विधा देवी, कुसुम, पिंकी, नानू सिंह, मोनू, मोहित और सुमित सहित परिवार के सदस्यों ने बताया कि यह कार्रवाई बिना किसी पूर्व नोटिस, जांच या सुनवाई के की गई। महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि साथ आए पुलिसकर्मियों ने उनके साथ अभद्रता की और विरोध करने पर धमकाया। परिवार का कहना है कि जिस पड़ोसी ने शिकायत की है, उसका विवाद उनसे काफी समय से चल रहा है। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि उनका कीमती सामान तालाब में फेंक दिया गया, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिवार ने उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है। उनका कहना है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला, तो वे डीएम कार्यालय पर धरना देने के लिए मजबूर होंगे। पीड़ित परिवार ने पटवारी और संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले पर एसडीएम भावना सिंह ने कहा है कि पूरे प्रकरण की जांच की जाएगी और दोष सिद्ध होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### लाइजोल व हार्पिक कंपनी के नकली उत्पादों की बिक्री करने वाले दो अभियुक्तों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कोतवाली पुलिस को मिली बड़ी भारी सफलता पुलिस ने शहर के अंदर नकली लाइजोल एवं हार्पिक कंपनी के नकली उत्पादों की बिक्री करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 500 मिली हार्पिक लाल मेल के 22 बोतल हार्पिक 1 लीटर 24 बोतल पाउडर की छह बोतल 500 मिलीलीटर की जैल 17 बोतल हार्पिक 200 मिलीलिटर में 50 लीटर 500 मिलीलीटर में एवं 17 बोतल नकली उत्पाद बरामद किए हैं केमिकल बनाने के कुछ औजार भी बरामद किए गए है। इस संबंध में प्राप्त तहरीर यह आधार पर दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। हार्पिक कंपनी के द्वारा इन लोगों के खिलाफ कोतवाली बड़ौत में एक तहरीर दी गई थी जिसके आधार पर इन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### आओ नदियों को जाने संवाद कार्यक्रम में परखी छात्राओं की प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** जिवाना के आर्य कन्या इंटर कालेज में मंगलवार को एनवायरनमेंट एंड सोशल रिसर्च आर्गेनाईजेशन के तत्वावधान में आओ नदियों को जाने संवाद कार्यक्रम हुआ, जिसमें जिले की जीवनदायिनी नदियों के वर्तमान हालात पर छात्राओं के साथ चर्चा की गई। कार्यक्रम में पर्यावरण चिंतक एस्रो निदेशक संजय राणा ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में जल को देवता, और नदियों को मां कहां गया है। वर्तमान समय में जिले की हिंडन, कृष्णी व यमुना नदियां मैला ढोने वाली के रूप में बदल गई है और साथ ही जल व्यापार का केंद्र बन गई हैं। इन सब हालातों का मुख्य कारण हमारी प्राचीन संस्कृति से समाज द्वारा दूरी बनाना है। अगर समाज और व्यवस्थाओं ने नदियों और जल को पुन: उनका खोया हुआ गौरव नहीं लौटाया तो मानव समाज को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। इस दौरान उन्होंने अक्टूबर माह में हिमालय में आपदा विषय पर अध्ययन यात्रा की विस्तृत रिपोर्ट छात्राओं के साथ साझा की, और चेताया कि अगर हिमालय सुरक्षित रहेगा तब ही हम मैदानी क्षेत्र के लोग खुशहाल रह पाएंगे। इस दौरान पूछे गए सवालों के सही जवाब देने वाली छात्रओं को पुरस्कृत भी किया गया।

### जनपद की सीएचसी में मरीजों व उनके तीमारदारों के लिए की अस्थायी रैन बसेरों की व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अत्यधिक सर्दी के दृष्टिगत जिलाधिकारी अस्मिता लाल के नेतृत्व में जनपद में आमजन को राहत प्रदान करने हेतु ठोस कदम उठाए गए हैं। ठंड के बढ़ते प्रकोप को ध्यान में रखते हुए जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों तथा उनके तामीरदारों के लिए अस्थायी रैन बसेरों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस सुविधा का उद्देश्य अस्पतालों में उपचार हेतु आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को रात्रि में ठहरने की व्यवस्था उपलब्ध कराना है, जिससे वे ठंड से सुरक्षित रह सकें। स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त कंबल, बिस्तर तथा अन्य आवश्यकीय सुविधाओं का प्रबंध भी किया गया है, जिससे किसी भी व्यक्ति को परेशानी न हो। साथ ही, कड़ाके की ठंड से जनमानस को राहत दिलाने के लिए जनपद के प्रमुख चौराहों एवं तिराहों पर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अलाव जलाए जा रहे हैं, जहां नगर पालिका/नगर पंचायतों द्वारा लकड़ी आदि की समुचित व्यवस्था कर निरंतर निगरानी भी की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड से किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या न हो, इसके लिए प्रशासन हर संभव व्यवस्था कर रहा है। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि राहत कार्य में लापरवाही कतई न बरती जाए।

**NOTICE**

I hitherto known as HIMANI D/o SUBHASH CHANDRA R/o Norojpur Goorjar Baghpat Uttar Pradesh - 250601 have changed my Name and shall hereafter be known as KHUSHI.

## रेलवे विभाग और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण पर लगा भारी जुर्माना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP-3) के नियमों का उल्लंघन करने पर रेलवे विभाग और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) पर प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने भारी जुर्माना लगाया है। रेलवे पर 23.55 लाख रुपए और NHAI पर 18.90 लाख रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। कुल मिलाकर 42.45 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। विभाग ने अन्य विभागों को भी नियमों का सख्ती से पालन न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

जिले में बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए GRAP-3 लागू है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय की टीम ने निरीक्षण के दौरान अग्रवाल मंडी टटीरी कस्बे में निर्माणाधीन रेलवे फ्लाईओवर पर गंभीर अनियमितताएं पाईं। यहां धूल नियंत्रण की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी, निर्माण सामग्री खुले में पड़ी थी और पानी का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा था। इससे धूल उड़कर प्रदूषण फैल रहा था, जिससे लोगों को परेशानी हो रही थी। इसी तरह, बागपत में निर्माणाधीन नाले और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के कार्यस्थल पर भी धूल नियंत्रण के उपायों का अभाव पाया गया। आदेशों का पालन न करने पर NHAI पर 18 लाख 90 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। दोनों विभागों को जल्द से जल्द जुर्माने की राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पाली गांव में चल रहे विकास कार्य में निर्माण सामग्री की ढुलाई, ग्रीन नेट फेसिंग और पानी छिड़काव की व्यवस्था न होने पर बागपत-बड़ौत-खेकड़ा विकास प्राधिकरण को पत्र लिखकर कार्रवाई के लिए कहा है। बरनावा गांव के पास नगर ठोस अपशिष्ट को खुले में जलाने का मामला सामने आने पर डीपीआरओ को भी कार्रवाई की संस्तुति की गई है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने सभी विभागों को कड़ाई से नियमों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि धूल उड़ने से रोकने के लिए पानी का नियमित छिड़काव किया जाए, ताकि प्रदूषण को बढ़ने से रोका जा सके। जिलाधिकारी ने लापरवाही बरतने वाले विभागों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

## किसान एकता केंद्र ने बामनौली गांव में नई बीज नीति की जलाई प्रतियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** संयुक्त किसान मोर्चा के आहवान पर किसान एकता केंद्र ने बामनौली गांव में नई बीज नीति की प्रतियां जलाई। किसानों ने इस नीति को किसान विरोधी बताते हुए अपना विरोध प्रकट किया।

किसान एकता केंद्र के जिलाध्यक्ष डा.संजीव तोमर ने कहा कि नई बीज नीति किसानों के हित में नहीं है, बल्कि यह कॉरपोरेट घरानों के पक्ष में है। उन्होंने तर्क दिया कि इस कानून से किसानों को कोई लाभ नहीं होगा, बल्कि बड़ी कंपनियों और पूंजीपतियों को फायदा पहुंचेगा। डा.तोमर ने जोर देकर कहा कि किसानों द्वारा तैयार किए गए बीज ही उनके लिए लाभकारी रहेंगे। बामनौली के अलावा बिजवाड़ा, बड़ावद और सिरसली गांवों में भी नए बीज कानून की प्रतियां जलाई गईं। इस अवसर पर अशोक कुमार, युगांक चौधरी, जयप्रकाश, वीरेंद्र चौधरी, जितेंद्र, मोहित, अनुज चिकारा, पुष्पेंद्र और प्रताप सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे।

## पुलिस ने तीन चोर गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का किया खुलासा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना और लहचौड़ा गांव में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने लाखों के आभूषण और नगदी बरामद की है। चोरों के खिलाफ मुकदमा कायम कर कार्यवाहीं की जा रही है।

गौना निवासी रोहित पुत्र सूरजपाल ने तहरीर देते हुए बताया था कि 7 दिसम्बर रात्रि एक बजें के करीब तीन अज्ञात चोर उनके घर में घुस आये और अलमारी का ताला तोड़ लाखों के आभूषण और एक लाख नगद चोरी कर ले गये थे। इसके अलावा लहचौड़ा निवासी नीरज पुत्र शोभाराम ने भी तहरीर देते हुए बताया था कि 6 दिसम्बर की रात्रि उसके मकान में रखे संदूक का ताला तोड़ चोर सोने की अंगूठी सहित अन्य सामान चोरी कर ले गये, जिसके बाद चांदीनगर पुलिस चोरों की तलाश में लगी थी रात्रि फुलैरा के समीप से चांदीनगर पुलिस ने रटौल निवासी कृष्ण उर्फ चेतू पुत्र सुरेश व फुरकान पुत्र यासीन, और प्रिंस पुत्र अतर सिंह निवासी रटौल को चोरी का समान ले जाते समय पकड़ लिया जिनके पास से तमंचा जिंदा कारतूस ओर चोरी किया हुआ सोने चांदी के आभूषण और नगदी सहित लगभग 12 लाख 40 हजार का सामान बरामद किया है। तीनो के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा कायम किया गया है। सीओ रोहन चोरसिया ने बताया कि पकड़े गये चोरो के खिलाफ गाजियाबाद और बागपत में पहले भी अपराधिक मुकदमें दर्ज है। युवक नशे के आदी है वही पकडे गये चोरों ने ही भागौट और विनयपुर में हुई तार चोरी की घटना को भी कबूल किया है। युवकों के खिलाफ मुकदमा कायम कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## कांग्रेसियों ने मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेस पदाधिकारीयो व कार्यकर्ताओं ने सोनिया गांधी का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया। सभी ने उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की।

इस दौरान विचार गोष्ठी का आयोजन कर देश हित मे किये गये। पूर्व एआईसीसी सदस्य चौ. रामकुमार सिंह ने कहा सोनिया गांधी ने देश हित मे सर्वप्रथम महान कार्य सब कुछ त्याग कर अर्थशास्त्र के महान विद्वान मनमोहन सिंह को देश का प्रधानमंत्री बनाकर अनेक लाभकारी योजनाएं लागू की। किसानों के 720000 करोड रूपए का कर्ज माफ कर खराब आर्थिक स्थिति से बहार निकाला। किसान मजदूर गरीबों दलितो शोषितो वंचितों के हित मे सराहनीय कार्य किये। सूचना का अधिकार खाद्य सुरक्षा कानून भूमि अधिग्रहण अधिनियम शिक्षा का अधिकार कानून लागू कराया। पूर्व कमिश्नर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस बेगराज सिंह ने सोनिया गांधी के बेहतर विचारो को गहराई से बताया कि उनके दुआरा देश को मजबुत बनाने के अधुरे सपनों को पुरा करने के लिए जनता के बेखोप जनता के बीच रहती है। अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा हमे अपने अभिभावकों मार्गदर्शको के आशीर्वाद से युवा शक्ति को कांग्रेस से जोड़कर मजबूत गतिशील बनाया जायेगा। कांग्रेस की नीतियों विचारधारा को गांव-गांव में पहुँचाना है। इस मोके पर रामबीर सिंह बिजेन्द्र शोकेन्द्र देवेन्द्र औमबीर सुभाष प्रवेज ब्रजमोहन खुरशीद रविन्द्र सोनू आदि रहे।

## एक दिवसीय मण्डलीय सम्मेलन के लिए किया आमंत्रित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के चुनाव संयोजक स्वराज पाल दुहूण ने जिलाध्यक्ष डा.राजबीर सिंह तोमर तथा सुरक्षा समिति के संयोजक ओमवीर सिंह तोमर के साथ जनपद के एबीसी इण्टर कॉलेज दत्तनगर, देव इण्टर कॉलेज डोलचा, श्रीकृष्ण इण्टर कॉलेज बालैनी, जय जवान इण्टर कॉलेज हिसावदा व चौधरी चरण सिंह हायर सेकेण्डरी स्कूल खिंदौडा का दौरा करते हुए श्रीगांधी स्मारक इण्टर कॉलेज दबथुवा मेरठ में 18 दिसम्बर 25 को प्रस्तावित एक दिवसीय मण्डलीय सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया।

दुहूण ने अवगत कराया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि, शिक्षक एमएलसी (कानपुर) राजबहादुर सिंह चंदेल व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व एमएलसी चेतनारायण सिंह व विशिष्ठ अतिथि अनिरुद्ध त्रिपाठी रहेंगे। सम्मेलन/शैक्षिक गोष्ठी में सम्मिलित होने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को विशेष अवकाश की सुविधा रहेगी शिक्षक नेता स्वराज पाल दुहूण मंगलवार को शिक्षकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम किया जाएगा।



## जिलाध्यक्ष से अभद्रता के विरोध में भाकियू अम्बावता के कार्यकर्ताओं का टोल पर हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे टोल पर भाकियू जिलाध्यक्ष मनोज प्रधान से अभद्रता के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। फास्ट्रेक नहीं होने पर अधिक टोल वसूली को लेकर शुरू हुआ विवाद धरने में बदल गया। कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है।

ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के बड़ागांव स्थित टोल प्लाजा पर सोमवार देर रात बड़ा विवाद हो गया। भाकियू अम्बावता के जिलाध्यक्ष मनोज प्रधान फास्ट्रेक नहीं होने पर अधिक टोल वसूली को लेकर टोल कर्मियों से बहस कर रहे थे।

इसी दौरान कथित रूप से टोल स्टाफ ने उनके साथ अभद्रता कर दी। घटना से नाराज भाकियू कार्यकर्ता मंगलवार सुबह टोल प्लाजा पर इकट्ठा हो गए और धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों ने जिलाध्यक्ष के साथ गलत व्यवहार किया, जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन और टोल कंपनी से अभद्रता करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक कार्रवाई नहीं होगी, धरना वापस नहीं होगा। धरने के कारण टोल प्लाजा पर थोड़े समय के लिए वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने में जुटे हैं।

# टोल पर लगा अवैध वसूली का आरोप

## भाकियू ने कथित अवैध वसूली को बंद कराने की मांग को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष अराजनैतिक ने मंगलवार को डीएम अभिषेक पांडे को एक ज्ञापन सौंपते हुए गढ़मुक्तेश्वर बृजघाट टोल प्लाजा पर हो रही कथित अवैध वसूली को तुरंत प्रभाव से बंद कराने की मांग की। ज्ञापन राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत सिंह गुर्जर के निर्देश पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रधान के नेतृत्व में सौंपा गया।

संगठन का आरोप है कि बृजघाट टोल प्लाजा नियमों के विरुद्ध संचालित हो रहा है। यूनियन के अनुसार गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका के 23 वार्ड और ब्रजघाट के 2 वार्ड इस टोल प्लाजा से मात्र पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं, जबकि नियम के अनुसार दो टोल प्लाजा के बीच कम से कम 50 किलोमीटर की दूरी होना अनिवार्य है। यूनियन ने बताया कि गढ़ से बृजघाट के बीच रोजाना सौ से अधिक लोग अपने दैनिक कार्यों के लिए आवागमन करते हैं, जिनसे नियमित रूप से टोल शुल्क वसूला जा रहा है। इस वसूली का विरोध लंबे समय से जारी है और यह मुद्दा कई बार लोकसभा में भी उठ चुका है। संगठन ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के 2020 के उस बयान का भी उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने इस टोल को अवैध बताया था और बंद कराने का आश्वासन दिया था। बावजूद इसके, टोल प्लाजा आज भी संचालित है और वसूली जारी है। जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रधान ने जिला प्रशासन से




अवैध वसूली पर तुरंत रोक लगाने और टोल प्लाजा को बंद कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यूनियन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# टोल प्लाजा पर आधे घंटे की रोक से भड़के वाहन चालक, विवाद का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** मंगलवार की सुबह छिजारसी टोल प्लाजा पर टोल कर्मियो और वाहन चालको के बीच हुए विवाद का वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में नाराजगी बढ गई। वाहन रोकने और अभद्रता की शिकायत पर टोल संचालन पर निगरानी मजबूत करने की मांग उठ रही है।

जानकारी के अनुसार टोल कर्मियो ने लगभग आधा घंटा वाहनो को रोके रखा, जिस पर चालको ने विरोध जताया। बहस बढती गई और धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। वीडियो बना रहे युवक ने बताया कि देरी का कारण पूछते ही कर्मियो ने उसके साथ भी अभद्रता की, जिसके बाद उसने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।



स्थानीय लोगों का कहना है कि छिजारसी टोल पर पहले भी इसी तरह की घटनाए सामने आ चुकी हैं। एनएचएआई द्वारा कंपनी पर सात लाख रुपये का दंड लगाने के बावजूद व्यवहार में सुधार नहीं हुआ। प्रोजेक्ट हेड इंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जिस कार चालक द्वारा वीडियो बनाई गई है उससे आगे वाली कार चालक से टोल शुल्क को लेकर मामला हुआ था, सभी आरोप बिल्कुल गलत है।

# एनडीआरएफ द्वारा फैमेक्स कार्यक्रम का आगाज, आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर के दिल्ली रोड पर स्थित एसएसवी डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की 8वीं वाहिनी गाजियाबाद की टीम ने आपदा प्रबंधन एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्राकृतिक, रासायनिक, जैविक, नाभिकीय एवं मानव निर्मित आपदाओं से बचाव के तरीकों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

टीम ने प्रतिभागियों को सीपीआर यानी कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन की महत्वपूर्ण जीवनरक्षक प्रक्रिया समझाई। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को सीपीआर की विधि का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में बाढ़ आपदा की स्थिति में बचाव के उपायों का




प्रदर्शन किया गया। जिसमे तैरने की तकनीक, प्लास्टिक बोतलों की मदद से तैरने का अभ्यास, नाव का मॉडल बनाकर सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया शामिल रही। किसी व्यक्ति के गले में भोजन या वस्तु फंसने पर उसकी जान बचाने के लिए हैमलिक पद्धति का प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि पीड़ित के पीछे खड़े होकर पेट के ऊपर की ओर दबाव देने से फंसी वस्तु बाहर आ जाती है। एनडीआरएफ टीम ने जहरीले सांपों की पहचान, सर्पदंश के बाद की जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा तथा सही उपचार की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कहा कि समय पर चिकित्सकीय सहायता व एंटीवेनम ही जीवन बचाने का सबसे सुरक्षित उपाय है।

इस दौरान एसएसवी डिग्री कॉलेज की प्रोफेसर संगीता अग्रवाल, प्रोफेसर आरके शर्मा, प्राचार्य प्रोफेसर नवीन चंद सिंह सहित अनेक प्राध्यापकों व छात्र-छात्राओं ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। एनडीआरएफ की टीम में रामाकांत सिंह यादव, हवलदार हुकुम सिंह, हवलदार प्रवीन कुमार, हवलदार मुन्ना कुमार एवं सिपाही दिनेश कुमार शामिल रहे।

# पुलिस कार्रवाई से नाराज विद्युत कर्मियों ने थाने की काटी बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक अनोखा मामला सुर्खियों में आ गया, जब विद्युत विभाग के दर्जनों कर्मचारी अचानक थाने पहुंचकर हंगामा करने लगे। मामला गांव भदस्याना में उपभोक्ता अमरपाल और विद्युत विभाग के संविदा कर्मी प्रदीप के बीच हुए विवाद से जुड़ा है, जिसने पूरे क्षेत्र में गर्माहट पैदा कर दी।

जानकारी के अनुसार संविदा कर्मी प्रदीप बकाया बिजली बिल जमा कराने के लिए अमरपाल के घर गया था। वहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी कहासुनी हो गई, जो आगे बढ़ते-बढ़ते विवाद में तब्दील हो गई। दोनों ओर से एक-दूसरे के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने की बात सामने आई है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति बिगड़ने से पहले ही हस्तक्षेप किया और दोनों पक्षों पर शांति भंग की कार्रवाई लागू कर दी। पुलिस की इस कार्रवाई से संविदा कर्मियों में भारी नाराजगी देखी गई। सुबह बड़ी संख्या में कर्मचारी थाना बहादुरगढ़ पहुंचे और थाना प्रभारी से इस संबंध में आपत्ति जताई। उनका कहना था कि विवाद की शुरुआत उपभोक्ता ने की थी, लेकिन कार्रवाई उल्टे संविदा कर्मी पर कर दी गई। विरोध के तौर पर संविदा कर्मियों ने आक्रोशित होकर थाने की बिजली सप्लाई ही बंद कर दी। इतना ही नहीं, थाने के बाहर नोटिस चस्पा कर कर्मचारियों ने अपना पक्ष भी दर्ज कराया। बिजली कटने के कारण थाने में कुछ देर तक सामान्य



कार्य प्रभावित रहा। विद्युत विभाग के एक्सईएन एसके वर्मा ने बताया कि मामले की पूरी जानकारी ली जा रही है और संविदा कर्मियों के आरोप उच्चाधिकारियों तक पहुंचा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर वार्ता जारी है, ताकि मामले को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाया जा सके।

# अवैध प्लाटिंग पर चला प्राधिकरण का बुलडोज़र, हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना देहात क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग और निर्माण पर बुलडोज़र चला दिया। प्राधिकरण की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची, जिसके बाद अवैध निर्माण कराने वालों में अफरा-तफरी मच गई।

प्राधिकरण की टीम ने एलएन रोड पर स्थित विनोद कुमार जैन की लगभग 3000 वर्ग मीटर भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया। इसके अलावा, संस्कार स्कूल के पीछे साकेत कॉलोनी में योगेंद्र अग्रवाल द्वारा की गई 10000 वर्ग मीटर अवैध प्लाटिंग को भी बुलडोज़र की मदद से जमींदोज़ किया गया। अधिकारियों के अनुसार, इन दोनों स्थानों



पर किसी भी प्रकार का स्वीकृत मानचित्र उपलब्ध नहीं था। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा. नीतिन गौड़ ने बताया कि जिले में अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी है। उन्होंने कहा कि मानकों का पालन किए बिना किए गए किसी भी निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे सभी निर्माण ध्वस्त किए जाएंगे। इस कार्रवाई में प्रभारी प्रवर्तन अधिकारी ऋषि कुमार शर्मा, अवर अभियंता सत्यवीर सिंह और प्राधिकरण का सचल दस्ता शामिल रहा। प्राधिकरण के इस अभियान से क्षेत्र में अवैध रूप से प्लाटिंग करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है, जबकि आम नागरिकों ने इस कदम को सराहनीय बताया है।

# नोएडा सांसद की माता को श्रद्धांजलि देने पहुंचे पं. रविकांत शर्मा

ब्विव ब्राह्मण संघ भारत के चेयरमैन **शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नोएडा सांसद डा. महेश शर्मा की माताजी स्वर्गीय ललिता शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त करने और श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए विश्व ब्राह्मण संघ भारत का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल उनके सेक्टर-15 स्थित आवास पर पहुँचा। संघ के चेयरमैन पंडित रविकांत शर्मा ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि ईश्वर माता ललिता शर्मा की पवित्र आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संभलने की शक्ति प्रदान करें। विश्व ब्राह्मण संघ इस दुःख की घड़ी में पूरे परिवार के साथ खड़ा है।

श्रद्धांजलि सभा के दौरान



संगठन की राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय टीम भी मौजूद रही।

श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित सोमदत्त शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष यूपी पंडित गोपाल शर्मा, प्रदेश कानूनी सलाहकार पंडित नरेश चंद शर्मा एडवोकेट, जिला अध्यक्ष, हापुड़ पंडित आशिष शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी, हापुड़ पंडित सुनील शर्मा व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और सांसद डा. महेश शर्मा व उनके परिवार को संवेदना प्रकट की।

## एक नजर

### हावल में ठेकेदार से रंगदारी मांगकर हमला, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के हावल गांव में औद्योगिक संयोजन कार्य कर रहे एक ठेकेदार से जबरन रुपये मांगने और हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। दिल्ली निवासी ठेकेदार सुनील शर्मा ने ग्राम हावल में 500 केवीए लाइन निर्माण का ठेका लिया है। आरोप है कि गांव के ही आशू, शेरखान और फिरोज कई दिनों से उससे अवैध रूप से रुपये मांग रहे थे और मना करने पर काम रुकवाने की धमकी दे रहे थे। सुनील शर्मा के अनुसार रविवार सुबह भी उनसे रुपये की मांग की गई। शाम को जब वे कार्य कराने मौके पर पहुंचे तो आरोपियों के साथ असलम, आबिद, आसिफ, अनस, अबरार, जस्बार, हललन, रिहान, नाजिम सहित करीब 15 अज्ञात लोग वहां पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने लाठी-डंडों से हमला करते हुए धमकी दी कि रुपये नहीं दोगे तो काम नहीं होने देंगे। पीड़ित किसी तरह जान बचाकर वहां से भागा। सुनील ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों पर जान से मारने की धमकी और रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### गोवंश को लम्पी से बचाने को लेकर बड़ा कदम, 10 से 25 दिसंबर तक चलेगा फ्री वैक्सीनेशन अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में गोवंश को लम्पी स्किन डिजीज से सुरक्षित रखने के लिए पशुपालन विभाग ने एक व्यापक निःशुल्क टीकाकरण अभियान शुरू करने की घोषणा की है। यह विशेष अभियान 10 दिसंबर से 25 दिसंबर तक संचालित होगा, जिसके तहत जिले के सभी गाय-बैलों का टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए विभाग को कुल 48 हजार वैक्सीन की आपूर्ति की गई है।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. ओपी मिश्रा के अनुसार लम्पी स्किन डिजीज एक खतरनाक वायरल संक्रमण है, जो गोवंश में बुखार, आंख-नाक से स्राव, शरीर पर कठोर गांठें, पैरों में सूजन और कमजोरी जैसे लक्षण उत्पन्न करता है। गंभीर अवस्था में दूध उत्पादन में भारी गिरावट, गर्भवती पशुओं में गर्भपात और यहां तक कि पशु की मृत्यु की संभावना भी रहती है। अभियान को सफल बनाने के लिए डा. ओमवीर सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनसे प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक संपर्क किया जा सकेगा। पशुचिकित्सालय सदर में एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जहां बीमारी से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए प्रभारी दिनेश कुमार या हेल्पलाइन 1962 पर संपर्क किया जा सकता है। पशुपालन विभाग ने पशुपालकों से अपील की है कि वे समय पर अपने सभी पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं। सीवीओ डा. मिश्रा ने कहा, गोवंश की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। लम्पी से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका समय पर टीकाकरण है, इसलिए सभी पशुपालक इसमें बढ़-चढ़कर भाग लें।

### भक्ति सेवा समिति के सुंदरकांड महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़, मंत्रोच्चार से माहौल दिव्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला छीपीवाडा स्थित कमला भवन में मंगलवार को आयोजित 108 सुंदरकांड महायज्ञ में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दोपहर से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था, और कुछ ही देर में पूरा परिसर भक्ति, भजन और जयकारों की ध्वनि से गूंज उठा। सुंदरकांड पाठ में भाग लेने वाली और न लेने वाली सभी महिलाओं ने समय से आकर श्रद्धा के साथ सहभागिता की, जिससे कार्यक्रम की आध्यात्मिक गरिमा और बढ़ गई।

भक्ति सेवा समिति ने कमला मां के निर्देशन में व्यवस्थाओं को पहले से सुदृढ़ कर दिया था। समिति की अध्यक्ष लविता बंसल ने कहा कि यह आयोजन समाज में प्रेम, सहयोग और संस्कारों को मजबूत करता है। उन्होंने आशा जताई कि बजरंगबली की कृपा से सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। कार्यक्रम को मंत्री सुरभि अंत्रिश, कोषाध्यक्ष नीलम गर्ग और संयोजिका पूजा कौशिक ने सफलतापूर्वक संचालित किया। नीरा कंसल, मीनाक्षी गोयल, कुसुम लता, ज्योति गोयल, बृजेश गोयल, सीता और अलका सहित कई महिलाएं पूरे समय मौजूद रहीं। पाठ समाप्ति पर श्रद्धालुओं ने परिवार एवं समाज की सुख-शांति की कामना की।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर कांग्रेस कमेंटी ने मंगलवार दोपहर को पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया गया। नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित समारोह में कांग्रेसजन एकत्र हुए जहां केक काटकर शुभकामनाएं दी गईं और मिठाई वितरित की गई।

पूर्व अध्यक्ष मदन सिंह चौहान ने कहा कि सोनिया गांधी ने सेवा और समर्पण से संगठन को नई दिशा दी है। सभी कार्यकर्ताओं ने उनके स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना की। समारोह में रजनीश त्यागी, मदन सिंह चौहान, रविंद्र कसाना, मौ परवेज, इज्जरूक, जयपाल सिंह, ओमकार त्यागी, सोनू अब्बासी, आमिर मलिक, सौरभ शर्मा, मौ दाऊद खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# स्वास्थ्य व पंचायती राज विभाग की संयुक्त कार्यशाला सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डीएम अभिषेक पांडेय के कुशल निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मुक्त पंचायत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर के सभागार में हुई इस कार्यशाला की अध्यक्षता सीएमओ स्वयं ने की।

कार्यक्रम के दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह ने कहा कि जनपद को टीबी मुक्त बनाने में पंचायती राज विभाग की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना में प्रत्येक वर्ष प्रचार-प्रसार एवं क्षय



रोगियों के कल्याण के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि किसी भी ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित करने के लिए प्रति 1000 जनसंख्या पर 30 जांच अनिवार्य हैं। ग्राम पंचायत में कोई भी सक्रिय टीबी रोगी नहीं होना चाहिए। यदि रोगी मिलता है तो उसका उपचार जारी होना चाहिए तथा उसे सभी सरकारी सुविधाएँ मिलनी चाहिए। ग्राम स्वास्थ्य समिति द्वारा वाल पेंटिंग, पोस्टर, बैनर आदि माध्यमों से निरंतर जागरूकता फैलाना आवश्यक है। समिति की बैठक में सीएचओ, एएनएम और ग्राम पंचायत के टीबी चैंपियन की भागीदारी अनिवार्य होनी चाहिए। जिला पीपीएम कोआर्डिनेटर सुशील चौधरी ने बताया कि यह जिला स्तरीय कार्यशाला है। अब जनपद के सभी ब्लॉकों में इसी प्रकार की कार्यशालाएँ आयोजित की जाएँगी, जिनमें ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं पंचायत सहायक भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सभी कार्यशालाएँ 16 जनवरी से पूर्व पूरी कर ली जाएँगी। कार्यक्रम में पंचायती राज विभाग से शिवम पांडेय, अमित कुमार, संजय कुमार, गुरविंदर कुमार उपस्थित रहे। वहीं स्वास्थ्य विभाग से दीपक शर्मा, मनोज कुमार, दीपक कुमार, सलोनी जिंदल सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा नेता के घर हुई चोरी के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला इंद्रानगर निवासी व्यक्ति के घर से करीब एक लाख की नकदी समेत लाखों रुपये कीमत के जेवर चोरी हो गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित महेंद्र सिंह ने बताया कि उनके घर पर पुताई और टेल पत्थर का काम चल रहा है। दोनों ही काम को अलग अलग स्थान के मजदूरों के द्वारा किया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि दो दिसंबर को उनकी पत्नी किसी कार्य से बाहर गई थी जबकि वह घर की छत पर बैठे हुए थे, घर के नीचे दो मजदूर काम कर रहे थे। पीड़ित ने बताया कि दोपहर के समय जब वह मकान के नीचे आए तो देखा कि सेफ का दरवाजा खुला हुआ था। उसको देखकर वह दंग रह गए। पीड़ित ने बताया कि उनके घर से करीब एक लाख की नकदी और लाखों रुपये कीमत के जेवर चोरी हो गए। पीड़ित ने नीचे मकान में काम कर रहे दोनों मजदूरों पर नकदी और गहने चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में दो लोग हुए घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा निवासी सलीम अली मंगलवार की दोपहर को बाइक से सवार होकर अपने साथी रिजवान के साथ गाजियाबाद के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह सिंभावली के गांव बक्सर के निकट पहुंचे तो पीछे से आए मिनी ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## अज्ञात बदमाशों ने हिम्मतपुर गांव में बरसाई ताबड़तोड़ गोलियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव हिम्मतपुर में देर रात अज्ञात बदमाशों द्वारा की गई हवाई फायरिंग से ग्रामीण दहशत में आ गए। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी मनीष मावी ने बताया कि छह दिसंबर की रात को दो कारों में सवार कुछ अज्ञात युवक गांव में पप्पू सेठ की दुकान की ओर से आए और पूरन सिंह की बैठक की दिशा में जाते हुए कई राउंड हवाई फायरिंग करते चले गए। आरोप है कि बदमाश बिना किसी का नाम लिए गाली-गलौज करते हुए फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने 112 नंबर पर सूचना दी, जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन की। पुलिस ने मौके से कुछ खाली खोखे बरामद किए। ग्रामीणों में घटना को लेकर भय का माहौल है।पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# तेहरवीं में रिश्तेदारों के साथ की मारपीट, बुजुर्ग समेत कई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर में तेहरवी कार्यक्रम के दौरान कहासुनी के बाद दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें एक बुजुर्ग समेत कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जनपद बुलंदशहर के थाना सिकंदराबाद के गांव ग्राम सरायधासी निवासी कुलदीप यादव ने बताया कि वह सोमवार को अपने पिता और परिजनों के साथ बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर अपनी ससुराल में तेहरवीं में शामिल होने आया था। इसी दौरान कृष्णपाल और सतेंद्र के बीच कहासुनी चल रही थी। कुलदीप ने आरोप लगाया कि तभी सुभाष, कृष्णपाल, अंकुल, निवासी सिकंदरपुर और कमल निवासी नवाबपुर अमरोहा पहुंचे और उनके परिवार के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान सुभाष ने कुलदीप के पिता के सिर पर डंडा मारा, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। वहीं अंकुल ने कुलदीप की दाहिनी हाथ की छोटी उंगली दांत से काट दी, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में राजमिस्त्री की मौत

## मकान की चिनाई करते हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मकान की चिनाई कर रहे राजमिस्त्री की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। परिजन उन्हें बचाने की उम्मीद में निजी से लेकर सरकारी अस्पताल तक दौड़ते रहे, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेजा, जिसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव तख्तपुर में मंगलवार सुबह मकान की चिनाई कर रहे 39 वर्षीय राजमिस्त्री बलराम उर्फ बब्लू की हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। जिंदा होने की उम्मीद में परिजनों ने निजी से लेकर सरकारी अस्पताल तक दौड़ लगाई लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, इसके परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। राजमिस्त्री की मौत पर पत्नी और बच्चों का रोते-बिलखते बुरा हाल है। मृतक बलराम उर्फ बब्लू मूलरूप से थाना क्षेत्र के गांव बाकीपुर के निवासी थे। परिवार में पत्नी अनीता के अलावा पांच बेटियां और एक बेटा



है। मंगलवार को बलराम उर्फ बब्लू क्षेत्र के ही गांव तख्तपुर में किसान परसराम सिंह के घर चिनाई का काम कर रहे थे। यह घटना करीब साढ़े दस बजे की है। बताया जा रहा है कि जिस घर में चिनाई चल रही थी वहां से सटकर हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। पाड़ बांधते समय लोहे की एंगिल तारों से जा टकराई, जिसमें उतरे करंट की चपेट में आकर राजमिस्त्री बलराम उर्फ बब्लू बुरी तरह झुलस गए। हादसे के बाद ग्रामीणों ने तुरंत बिजलीघर फोन करके सप्लाई बंद कराई। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बलराम उर्फ बब्लू को फौरन अमरोहा में जोया रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिर भी जिंदा होने की उम्मीद लिए परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे यहां भी डॉक्टर ने मौत की पुष्टि कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच-पड़ताल की। प्रभारी सीओ शक्ति सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है। मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर ही आगे जांच व कार्रवाई की जाएगी।

### पर्स चोरी के शक में नाबालिग को दी यातनाएं

# पुलिस ने मासूम बच्चे को लगाया करंट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पुलिस द्वारा मासूम बच्चे पर हुए कथित अत्याचार ने मानवता को झकझोर कर रख दिया है। मोहल्ला कुरैशी निवासी फुरकान के 10 वर्षीय बेटे आसिम को पर्स चोरी के शक में पुलिस चौकी ले जाया गया, लेकिन पिता का आरोप है कि वहाँ उसके साथ अपराधी जैसा नहीं, बल्कि इंसानियत से परे जाकर व्यवहार किया गया।

मौहल्ला कुरैशी निवासी पिता फुरकान ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर बताया कि 7 दिसंबर की शाम 4 बजे उनका बच्चा तीन अन्य बच्चों के साथ भूड़ चौकी पुलिस द्वारा पकड़ा गया। आरा. ेप है कि 10 वर्षीय आसिम को पूरे 36 घंटे चौकी में बंद रखा गया, जहां एक सिपाही ने शराब के नशे में उसे पट्टे से पीटा, करंट लगाया और बेदर्दी से यातनाएँ दीं। बच्चे के शरीर पर मौजूद निशान उसके सहन किए दर्द की गवाही दे रहे हैं। पिता का कहना है कि उनसे भी मारपीट की गई और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। आरोप है कि पुलिसकर्मी ने 18 हजार रुपये लेने के

**■ पिता ने डीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की**

बाद बच्चे को छोड़ा। फुरकान ने यह शिकायत मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी को सौंपी है, ताकि उनके बच्चे को न्याय मिल सके और भविष्य में किसी अन्य मासूम के साथ ऐसा न हो। पिता ने यह भी बताया कि पुलिस वालों ने पहले उसे भी दो घंटे तक मारा बाद में बच्चे को घर से उठा कर ले गए जब उन्होंने विरोध किया तो चौकी के सिपाही ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी सीओ सिटी अभिषेक यादव ने कहा है कि आरोपों की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# एथलीट खिलाड़ियों को डीएम ने बांटी किट

## एक जनपद एक खेल योजना के तहत किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने मंगलवार को 'एक जनपद, एक खेल' योजना के तहत पंजीकृत एथलेटिक्स खिलाड़ियों (बालक/बालिका) को एथलेटिक्स किट वित. रित की। मालीखेड़ा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

किट वितरण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के युवा खिलाड़ी नियमित अभ्यास से न केवल अपनी खेल प्रतिभा को निखार रहे हैं, बल्कि खेल के माध्यम से रोजगार व भविष्य के नए अवसर भी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को मेहनत, समर्पण और अनुशासन को सफलता की कुंजी बताते हुए प्रदेश व देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि प्रशासन खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा




ताकि वे बड़े मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री देशकांत त्यागी सहित खेल विभाग के संबंधित अधिकारी एवं स्टाफ मौजूद रहे।

## डंपिंग ग्राउंड के कूड़े में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** डंपिग ग्रांउड में आग लगने की घटना से खलबली मच गई। कर्मचारियों ने समसर्बिसल के जरिये पानी की बौछार करके आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार नगर के औद्योगिक एरिया साइट द्वितीय में नगर पालिका परिषद गजरौला का डंपिंग ग्राउंड है। यहां पर पालिका द्वारा शहर से एकत्र किया गया कूड़ा डाला जाता है। मंगलवार को कूड़े में अचानक आग लग गई और ऊंची ऊंची लपटें उठने लगीं। यह देखकर यहां पर काम कर रहे कर्मचारियों के हाथ पांव फूल गए। उन्होंने तेजी दिखाते हुए समसर्बिसल के जरिये पानी की बौछार करके आग पर काबू पाया।

# अभियान चलाकर 96 वारंटियों को पकड़ा

## एसपी के निर्देश पर चला अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 96 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जिले में तीन दिवसीय विशेष अभियान में अमरोहा पुलिस ने 96 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जो अब तक तक की बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देशन में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए तीन दिवसीय विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के तहत जिले सभी थानों की टीमों द्वारा निरंतर प्रभावी कार्रवाई करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई। अभियान के दौरान विभिन्न थानों द्वारा कुल 96 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तारी कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। यह अभियान जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने व आपराधिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। जिसमें थाना आदमपुर ने 17, थाना हसनपुर ने 11, अमरोहा नगर ने 10, कोतवाली डिडौली ने नौ, थाना मंडी धनौरा, बछरायूं व सैदनगली ने आठ-आठ, थाना गजरौला ने सात, थाना नौगावां सादात ने सात, थाना रहरा ने चार, थाना रजबपुर व थाना महिला ने तीन-तीन तथा थाना अमरोहा देहात ने दो वारंटी अभियुक्त की गिरफ्तारी की।

## बूथ डे में उमड़ी मतदाताओं की भीड़



**शाह टाइम्स ब्यूरो मंडी धनौरा।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत मंगलवार को क्षेत्रभर में बूथ-डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। सुबह से ही मतदाताओं की आवाजाही बूथों पर बढ़ी रही। बीएलओ अपनी पूरी टीम के साथ बूथों पर तैनात रहे और लोगों को गणना-पत्रक व आवश्यक प्रपत्र भरवाने में सहयोग करते दिखे। इसी बीच एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कई बूथों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बीएलओ से उपस्थित प्रपत्रों, नए मतदाताओं की प्रविष्टियों और सुधार संबंधी आवेदनों की जानकारी ली। एसडीएम ने बताया कि बूथ डे का अच्छा प्रतिसाद मिला है। कई नए मतदाताओं ने फार्म-6 भरकर जमा किए हैं। साथ ही जिनके गणना-पत्रक अधूरे थे, उन्होंने भी आज दस्तावेज जमा किए हैं।

# बिजली की समस्या पर गरजी भाकियू असली

## घटतौली बंद न हुई तो होगा आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** मंगलवार को ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक पंचायत में किसानों के तेवर तीखे रहे। बड़ी संख्या में जुटे किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को खुलकर रखा और समाधान की जोरदार मांग की।

पंचायत की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने कहा कि मिलों को 14 दिन के भीतर गन्ना भुगतान हर हाल में करना चाहिए, ताकि किसानों पर बढ़ रहे आर्थिक बोझ से राहत मिल सके। उन्होंने आवारा पशुओं पर रोकथाम, ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था और फसल बचाव हेतु ठोस कदम उठाने की भी मांग उठाई। डूंगर सिंह ने स्पष्ट कहा कि वेब शुगर मिल धनौरा 05009 को केवल अगेती प्रजाति में ही खरीद सुनिश्चित करे, ताकि किसानों का नुकसान न हो। साथ ही गन्ना क्रय केंद्रों पर घटतौली पर सख्त रोक लगाने की मांग भी गूंजी। किसानों ने चेतावनी दी कि घटतौली बंद न हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।



पंचायत में डिंगरा बिजलीघर की क्षमता बढ़ाने, विद्युत विधेयक बिल वापस लेने, तथा भाकियू बीआर अम्बेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उनके साथियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की भी जोरदार मांग की गई। किसानों ने कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन की रूपरेखा अगले चरण में और कठोर की जाएगी। इस दौरान डूंगर सिंह, नरेश कुमार, कपिल प्रधान, प्रदीप कुमार, शाकिर सैफी, खचेडू सिंह, जसपाल सिंह, सुरेश यादव, श्यामवली यादव, खेम सिंह आदि मौजूद रहे

# लोकतंत्र के लिए खतरा है भ्रष्टाचार

## भ्रष्टाचार निरोधक दिवस पर सेमीनार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** श्री वेंक्टेश्वरा विश्व. विद्यालय/संस्थान में अन्तर्राष्ट्रीय भ्रष्ट्राचार निरोधक दिवस पर भ्रष्ट्राचार वैश्विक अभिशाप एवं लोकतंत्र के लिए खतरा विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार व भ्रष्ट्राचार विरोधी शपथ समारोह का आयोजन किया गया।

श्री वेंक्टेश्वरा संस्थान एवं वीजीआई मेरठ के संयुक्त तत्वाँधान में आयोजित राष्ट्रीय संगौष्ठी में उपस्थित वक्ताओ ने भ्रष्ट्राचार को वैश्विक अभिशाप बताते हुए इसे लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा करार दिया। साथ ही संस्थान के हजारो छात्र-छात्राओ को भ्रष्ट्राचार विरोधी' शपथ दिलाते हुए



अपने-अपने कार्यक्षेत्रो में ईमानदारी व पारदर्शिता बनाते हुए राष्ट्र विकास में जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट्राचार ना केवल व्यक्तिगत, परिवार, सस्थान या समाज के लिए ही दीमक है। बल्कि यह स्वस्थ एवं स्थिर लोकतंत्र की राह में सबसे बड़ा रोड़ा है। विभिन्न राज्यो में लोकपालो की नियुक्ति, भ्रष्ट्राचार निरोधक कड़ा कानून एवं सूचना का अधिकार (आर0टी0आई) जैसी योजनाओ से पिछले एक दशक में भ्रष्ट्राचार पर अंकुश लगने से देश की जी0डी0पी0 ने अप्रत्यशित रफ्तार पकड़ ली है। इस अवसर पर सुधीर गिरि संस्थापक अध्यश, वेंक्टेश्वरा, डॉ0 राजीव त्यागी, प्रतिकुलाधिपति, डॉ0 राजीव त्यागी, वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ0 श्रीगोपाल नारसन, कुलसचिव प्रो0 पीयूष कुमार पाण्डेय, डॉ0 राजेश सिंह आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया।

# भाजपा मंडल मंत्री की पत्नी से 13 हजार ठगे

## 40 हजार का मैसेज भेजकर बनाया शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** साइबर अपराधियों ने डिडौली मंडल के भाजपा मंडल मंत्री मनोज की पत्नी को ठगी का शिकार बना लिया। सहसपुर अलीनगर निवासी मनोज की पत्नी रूचि के मोबाइल नंबर पर 5 दिसंबर को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉलर ने खुद को मनोज से पैसे भेजने वाला बताते हुए कहा कि उसने गलती से उनके खाते में 40 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए हैं। कुछ ही देर बाद रूचि के फोन पर 40 हजार रुपये क्रेडिट होने का एक मैसेज भी आया। इस पर भ्रमित होकर उन्होंने कॉलर को बताया कि उनके खाते में सिर्फ 13 हजार रुपये मौजूद हैं। कॉलर ने तुरंत कहा कि फिलहाल 13 हजार रुपये ही वापस भेज दें, बाकी रकम बाद में ले लेगा। विश्वास में आकर रूचि ने बताए गए खाते में 13 हजार रुपये भेज दिए। बाद में जब उन्होंने अपने पति मनोज से इस संबंध में बात की, तो उन्होंने साफ कहा कि उन्होंने किसी से पैसे नहीं मंगवाए हैं। तब जाकर उन्हें ठगी का एहसास हुआ। पीड़िता ने तुरंत डिडौली कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग

# बसंत ने दौड़ में गोल्ड मेडल जीता

## 400 व 600 मीटर दौड़ में बनाया रिकार्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जनपद अमरोहा के बेसिक शिक्षक विभाग के संविलियन विद्यालय याहियापुर के पूर्व छात्र व पूर्व में बेसिक शिक्षक विभाग के खेलों में स्टेट चौम्पियन रहे व वर्तमान में स्पोर्ट्स हॉस्टल प्रयागराज से खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र बसंत कुमार गोला ने 600 व 400 मीटर दौड़ में नया नैशनल रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड मैडल जीतकर प्रदेश व जनपद का नाम रौशन किया

इंदौर में 30 नवम्बर से 4 दिसंबर तक आयोजित हुई एसजीएफआई नेशनल गेम्स में नया नैशनल रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड मैडल जीतकर प्रदेश व जनपद का नाम रौशन किया। बसंत की कोच ओमकारी गुर्जर ने बताया कि बसंत बचपन से ही प्रतिभाशाली रहा है, जिसे खेलों निखारने के लिए बहुत मेहनत की गई है। बसंत जैसे बहुत



से बच्चे हैं जो साधनों के अभाव में पिछड़ जाते हैं। ओमकारी गुर्जर के अंडर में प्रेक्टिस करने वाले इस वर्ष 10 बच्चे स्पोर्ट्स कोटे से आर्मी में भर्ती हो चुके हैं। बसंत की इस सफलता पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डाक्टर मोनिका ने बधाई देते हुए खुशी व्यक्त की। वहीं खेल कार्यालय मालीखेड़ा अमरोहा में बसंत गोला की इस सफलता के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में जिला कीड़ा अधिकारी देशकांत त्यागी, कोच ओमकारी गुर्जर व राजदीप सिरोही के साथ साथ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा बसंत को सम्मानित किया गया।

# रेहड़ी-पटरी वेंडर्स को मिलेगा बिना गारंटी 15 हजार रुपये का लोन

## नगर पालिका ने शुरू किया पंजीकरण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर पालिका अमरोहा ने शहर के सभी रेहड़ी-पटरी, खोखा, ठेला संचालक और छोटे व्यापारियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण कराने की अपील की है। सरकार द्वारा एक बार फिर इस योजना को लागू किया गया है, जिसके तहत वेंडर्स को प्रथम किस्त में 15,000 रुपये का बिना गारंटी लोन दिया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि यह योजना उन लोगों के लिए है, जो वेंडिंग के माध्यम से छोटा-मोटा व्यापार करके अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं और अपने रोजगार को आगे बढ़ाना चाहते हैं। इच्छुक व्यापारी नगरपालिका अमरोहा के कमरे नंबर 7 में जाकर अपना पंजीकरण कर सकते हैं। योजना की विशेषता यह है कि पहली



किस्त के 15,000 रुपये वापस करने पर लाभार्थी को आगे 25,000 रुपये और उसके बाद 50,000 रुपये तक का लोन भी उपलब्ध कराया जाएगा। सबसे खास बात यह है कि यदि लाभार्थी कम से कम 100 लेन-देन ऑनलाइन करते हैं, तो उनका लोन पूरी तरह ब्याज-मुक्त हो जाएगा। नगरपालिका ने अधिक से अधिक छोटे व्यापारियों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

## मारपीट में दो युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मामूली विवाद के बाद हुई मारपीट में दो युवक चोटिल हो गये। पुलिस ने शांति भंग में चालान कर दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कला निवासी वीरेंद्र उर्फ बॉबी पुत्र इकबाल सिंह अपने दो साथियों शाहरुख पुत्र जफरुद्दीन व सद्दाम उर्फ छोटू पुत्र मुन्ना के साथ नगर रहरा अड्डे पर एक होटल में खाना खा रहा था। पड़ोस में बैठे जोगिंदर और सिकंदर निवासी मोहल्ला खेवान से उन्होंने मोबाइल के बारे में पूछा तो उनके बीच गाली गलौज होने लगी। आरोप है कि जोगिंदर और सिकंदर ने उनके साथ मारपीट कर दी। उसके बाद वह जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। पुलिस ने जोगिंदर व सिकंदर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

## एक नजर

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** थाना गजरौला पुलिस द्वारा 15 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार करके चालान किया। घर में अकेली किशोरी को देखकर आरोपी ने घटना को अंजाम दिया था। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी घर में अकेली थी। उसके परिजन खेत से पशुओं के लिए चारा आदि लेने गए थे। आरोप है कि इसी बीच गांव निवासी एक युवक पहुंचा और उसे जबरन झोपड़ी में खींचकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। शोर सुनकर पहुंचे किशोरी के भाई ने उसे छुड़ाया था। किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी हरीश के विरूद्ध पॉक्सो एक्ट सहित अन्य संबधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके चालान किया।

### धर्मवीर के रूप में हुई वेंडर की पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** तीन दिन पूर्व इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आकर मृत हुए वेंडर की पहचान धर्मवीर के रूप में हुयी। वह मैनपुरी जनपद का निवासी था। किसी माध्यम से घटना की जानकारी मिलने पर परिजन गजरौला पहुंचे और मृतक की पहचान की। बता दें तीन दिन पूर्व नगर के रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आकर एक वेंडर गंभीर रूप से घायल हो गया था। जीआरपी के जवान उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे थे लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था। जीआरपी द्वारा मृतक की पहचान कराने के प्रयास किये जा रहे थे, वहीं मीडिया के माध्यम ने भी समाचार प्रकाशित किया था। मंगलवार को तीसरे दिन मृतक की शिनाख्त धर्मवीर पुत्र उदयवीर ग्राम मोहनपुर थाना बरनाल जिला मैनपुरी के रूप में हुयी। परिजनों ने बताया कि वह घर से दिल्ली के लिए काम करने के लिये कह कर गया था।

### कलश यात्रा आज राम मंदिर में पहुंचेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** अखिल भारतीय गायत्री परिवार की शक्ति कलश यात्रा आज बुधवार को नगर के श्री राम मंदिर में पहुंचेगी। यहां पर पूजन आदि के बाद यात्रा पूरे शहर में भ्रमण करेगी। प्रज्ञा मंडल संयोजक गजरौला डीएन शर्मा ने बताया कि आज 10 दिसम्बर बुधवार को 11 बजे शक्ति कलश यात्रा पहले श्री राम मन्दिर भरतियाग्राम पहुंचेगी। यहां से विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए शाम को नगर के बस्ती स्थित अग्रवाल भवन पहुंचेगी। यहां पर दीप यज्ञ का संगीतमय कार्यक्रम एवं शांति कुंज के द्वारा चलाये जा रहे शताब्दी 2026 के कार्यक्रमो के बारे मे जानकारी दि जायेगी। इसके बाद 11 दिसम्बर को प्रात: 07 बजे से पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ होगा। जिसके बाद शक्ति कलश यात्रा अगले स्थान के लिए प्रस्थान करेगी। डीएन शर्मा ने जनमानस से आह्वान किया कि वे शक्ति कलश यात्राए संगीतमय कार्यक्रम सहित पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ में पहुंचकर धर्म लाभ कमाएं।

### हार्टअटैक से ड्राइवर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता, जोया।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हरियाना निवासी रावुल हसन उम्र 55 वर्ष पेशे टाटा मैजिक के ड्राईवर है। वह सुबह टाटा मैजिक निकाल रहे तो अचानक मे सीने में तेज दर्द होने के कारण परिजन निजी चिकित्सक के यहां ले जा रहे थे। तभी रास्ते में रावुल हसन की मौत हो गई। डॉक्टर ने हार्ट अटैक से मौत होना बताया। परिवार में पत्नी मरजीना तथा तीन बेटे व तीन बेटी है। परिजनों का रोकर बुरा हाल है।

### मासूम बालिका को कुत्ते ने नोंचा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** घर के बाहर खेल रही सात वर्षीय बालिका को कुत्ते ने हमला बोलकर घायल कर दिया। चीख सुनकर आसपास के लोगों ने डंडा लेकर कुत्ते को दौड़ाया। जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर घायल बालिका का उपचार दिलाया। जानक. ारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव



ओसीता जगदेवपुर में श्रीकृष्णा की पुत्री वैष्णवी (7) मंगलवार को घर के बाहर खेल रही थी। इसी बीच उसे एक कुत्ते ने सिर और शरीर के कई हिस्सों में नोंचकर घायल कर दिया। वैष्णवी ने शोर मचाया तो आसपास के लोग लाठी डंडे लेकर दौड़े, जिसके बाद हमलावर कुत्ता भाग गया। वहीं परिजन घायल वैष्णवी को वाहन में बैठाकर सरकारी अस्पताल पहुंचे और उसका उपचार कराया। बता दें कि पिछले माह क्षेत्र के गांव भीकनपुर शुमाली में दस, सुल्तानपुर मौलवी उर्फ नवादा में आठ और चौबारा गांव में छह लोगों को कुत्ते ने हमला करके घायल दिया था।

# यूपी सरकार के पंख पोर्टल का लाभ उठाएं विद्यार्थी

## मनकरा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव व कैरियर मेले का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मनकरा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित वार्षिकोत्सव व कैरियर मेले में विद्यार्थियों से अपने अच्छे भविष्य के लिए यूपी सरकार के पंख पोर्टल का लाभ उठाने की अपील की गई।

वार्षिकोत्सव व कैरियर मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि अमरोहा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज धनौरा के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश और राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव व प्रवक्ता काशिफ खां ने किया। कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज ककरौआ के प्रधानाचार्य शशि भूषण, राजकीय इंटर कॉलेज मुबा. रकपुर के प्रधानाचार्य विकास डेविड,, मनकरा कॉलेज के प्रिंसिपल दिनेश कुमार, राजकीय इंटर कॉलेज कल्यानपुर के प्रधानाचार्य मुशरर्फ हुसैन, प्रवक्ता राहुल चौहान, विपिन सिंह यादव, इंदल सिंह, फातिमा अंसारी और सलीम अल्वी ने विचार व्यक्त करते हुए यूपी पंख पोर्टल पर विद्यार्थियों को वोकेशनल कोर्स, कौशल, छात्रवृत्ति और परीक्षा से सम्बंधित जानकारी दी। उन्होंने भविष्य के लिए सही राह चुनने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि पंख पोर्टल की शुरुआत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यूपी बोर्ड के स्टूडेंट्स के भविष्य को ध्यान में रख कर की गई है। इस पोर्टल के माध्यम से यूपी बोर्ड के सभी छात्र-छात्राएं अपने करियर के विषय में विशेषज्ञों से ऑनलाइन मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आरंभ किए गए इस पोर्टल का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को उनके भविष्य के संबंध में सही निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना है। यूपी बोर्ड के अधिकांश छात्रों में ऐसा देखा गया है की वे अपनी स्कूलिंग के समय अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए गलत निर्णय ले लेते हैं जिससे उन्हें सफलता प्राप्त होने में एक लम्बा समय लग जाता है। यह पोर्टल छात्रों की इसी समस्या को दूर करेगी।

विद्यार्थियों से कहा गया कि कक्षा 9वी से कक्षा 12वीं तक के छात्र अपनी सभी समस्या और आशंकाओं को दूर करने के लिए यूपी पंख पोर्टल का उपयोग कर सकते हैं। इसमें न केवल छात्रों के लिए यह सुविधाएं हैं बल्कि शिक्षकों के लिए फेस ट्रेनिंग, करियर हब, दीक्षा पोर्टल पर ऑनलाइन स्व-पुस्तक पाठ्ड्क्रम भी मौजूद है।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन, काबिले तारीफ मॉडल बनाने वाले, अच्छे परीक्षाफल और सांस्कृतिक प्रस्तुति में भाग लेने वाले विधार्थियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

### वैवाहिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का आना रहा चर्चा में

**रामपुर।** राजकीय इंटर कॉलेज मनकरा में आयोजित वार्षिकोत्सव व कैरियर मेले में शहर विधायक आकाश सक्सेना की पुत्री के विवाह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शामिल होना चर्चा का विषय रहा। राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष काशिफ खां ने अपने संबोधन में छात्र छात्राओं से पूछा कि प्रधानमंत्री दो दिन पूर्व किस शादी में शामिल हुए हैं तो सबने एक स्वर होकर जवाब दिया कि व्योमिका सक्सेना की शादी में। काशिफ खां ने कहा कि जो स्टूडेंट राजनीति में आने के इच्छुक हैं वो भी इतनी तरक्की करने का लक्ष्य रखें कि उनकी खुशियों में देश के सर्वोच्च नेता शामिल हों।

# रामपुर ट्रॉफी लीग सीजन 2: दो धुआंधार मुकाबलों में एकता क्रिकेट क्लब और सेवा फार्मेसी की जीत




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ट्रॉफी लीग सीजन.2 के तहत आज खेले गए दोनों लीग मैच रोमांच से भरपूर रहे। पहले मुकाबले में बाबा 11 और एकता क्रिकेट क्लब आमने-सामने हुए। बाबा 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 19 ओवर में 113 रन बनाए और ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एकता क्रिकेट क्लब ने शानदार खेल दिखाते हुए सिर्फ 10 ओवर 2 गेंद में 3 विकेट के नुकसान पर मैच अपने नाम कर लिया।

इस मैच के गेम चेंजर और प्लेयर ऑफ द मैच उस्मान ख्वाजा रहे। मुख्य अतिथि समाजसेवी भारत भूषण गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। दूसरे मुकाबले में सेवा फार्मेसी का सामना सनराइज क्लब से हुआ। सेवा फार्मेसी ने बेहत. रीन बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 171 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से शाहनवाज राणा ने 50 रन, जबकि वकार ने 30 रन की अहम पारी खेली। जवाब में सनराइज क्लब दबाव नहीं झेल सकी और 79 रन पर ढेर हो गई।

इस मैच में मैन ऑफ द मैच रईस, गेम चेंजर शाहनवाज राणा, और वकार को सम्मानित किया गया। मैच के मुख्य अतिथि समाजसेवी मामून शाह खान ने सभी विजेताओं को इनाम प्रदान किए। कार्यक्रम में आयोजक सैयद अदील मियां, आमिर कुरैशी, आमिर सैफी, तंदील, जफर सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# सैफनी नगर में बंदरों का छाया भारी आतंक लोगों का जीना हुआ मुश्किल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर में बंदरों का छाया भारी आतंक बताते चले कि बंदरों का आतंक एक बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है बंदर अक्सर लोगों के घरों में घुसकर खाने पीने की चीजें लेकर भाग जाते है कभी कभी तो लोगो पर हमला भी कर देते है लोगो को अपने बच्चों ओर पालतू जानवरों को सुरक्षित रखने के लिए विशेष ध्यान रखना पड़ रहा है बात करते लोगो के हाथों से कीमती मोबाइलों को छीन कर भाग जाते है लोगो का जीना मुश्किल कर दिया है और तो ओर बंदरों ने कई लोगों की जाने भी ले चुके है नगरवासियों का कहना है कि नगर पंचायत ओर वन विभाग को इस समस्या का समाधान करने के लिए जल्द से जल्द कार्यवाही करनी चाहिएघ् उन्हें बंदरों को पकड़ने के लिए विशेष टीम बनाकर उन्हें जंगल में छोड़ देना चाहिएघ् साथ ही साथ लोगो को जागरूक करना होगा कि वे अपने घरों को बंद रखे और खाने पीने की चीजें बाहर न छोड़े।

# रामपुर तोपखाना से प्रानपुर बंजरिया मार्ग का करवाया जाए चौड़ीकरण : मुस्तफा हुसैन

**तोपखाना बंजारिया मार्ग के चौड़ीकरण की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों संग प्रदर्शन करते जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सैदनगर क्षेत्र के तोपखाना प्राणपुर साराबा बंजरिया मार्ग का चौड़ीकरण ना होने से क्षेत्र वासियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। अब मार्ग के चौड़ीकरण की मांग को लेकर रामपुर जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने क्षेत्रवासियों संग प्रदर्शन करते हुए आवाज उठाई है।

रामपुर जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने मंगलवार को रामपुर कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन पत्र सौंपा।

जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन पत्र में अवगत कराया है कि लोक निर्माण विभाग का तोपखाना से प्रानपुर बंजरिया सैदनगर सम्पर्क मार्ग कई वर्ष से जर्जर हालत में पड़ा हुआ है। भारी बरसात के कारण कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने से यह मार्ग बरसात के मौसम में अत्यन्त क्षतिग्रस्त हो गया है। इस मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से स्कूल कॉलेज आने जाने वाले हजारो छात्र-छात्राओं व मरीजो को रामपुर मुख्यालय तक आवागमन में दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग के चौड़ीकरण हेतु पूर्व में भी कई बार प्रस्ताव जिला स्तर से शासन को भेजा जा चुका है। लेकिन अभी तक कार्य नहीं हो सका है।

बंजरिया मार्ग से ग्राम प्रानपुर, बैंजना, बैंजनी, दलेलनगर, अहमदनगर कलां, मरघटी, फैजगंज, सरकड़ी, अहमदाबाद, सिंगनी, साराबा, करीमपुर, परशुपुरा, हौंसपुर, नगली, बंजरिया, सैदनगर आदि दर्जनों ग्रामों के हजारों लोगों का रोजाना आवागमन रामपुर मुख्यालय के लिए होता है। जिस कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# जनसुनवाई के दौरान दिव्यांग एवं नेत्रहीन को मिली बड़ी राहत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुना गया।

जनसुनवाई में उपस्थित दिव्यांग एवं नेत्रहीन कुलदीप निवासी ग्राम पंचायत आगा. पुर, तहसील मिलक ने अपने शिकायती पत्र में बच्चे की स्कूली फीस माफी का निवेदन किया। जिलाधिकारी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल निर्देश जारी कर बच्चे की स्कूली फीस माफ करवाई साथ ही उन्होंने कुलदीप को ट्राईसाइकिल एवं कम्बल प्रदान कर उनके जीवनयापन में सहूलियत सुनिश्चित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन हमेशा दिव्यांगजनों, कमजोर वर्गों और जरूरतमंदों के साथ खड़ा है तथा उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

### राजकीय इंटर कॉलेज सैजनी नानकार में

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या के निर्देशन में आज जेंडर स्पेशलिस्ट निदा जैदी द्धर्भ्ड टीमऋ, चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर कविता सिंह तथा महक आजमी द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज सैजनी नानकार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

टीम ने छात्राओं को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की तथा 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कानूनन दंडनीय अपराध है। किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया।

इसके साथ ही बालिकाओं को कई महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं जिनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, महिला हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। छात्राओं को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# स्वास्थ्य व चिकित्सा के संबंध में सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने सदन में उठाए मुद्दा

**सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने सदन में जनता से जुड़े गंभीर मुद्दों संबंधित मंत्रालय से सवाल पूछे**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने सदन में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव से सवाल पूछे कि टीकाकरण के बाद एक प्रतिकूल घटनाद्ध ए ई एफ आई के रूप में रिपोर्ट की गई मौतों की संख्या और देश भर में कोविड-19 टीकाकरण से आकस्मिक रूप से जुड़ी ऐसी मौतों की संख्या क्या सरकार के पास देश में कोविड 19 टीकाकरण के प्रशासन के कारण होने वाली मौतों के लिए मुआवजे का भुगतान करने की कोई योजना है उसका विवरण राज्य वार दें। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने लिखित में उत्तर देते हुए बताया कि टीकाकरण के बाद प्रतिकूल घटना द्धए ई एफ आईऋ कोई भी प्रतिकूल चिकित्सा घटना है जो टीकाकरण के बाद होती है और जिसका टीका और टीकाकरण के साथ आवश्यक रूप से कारण संबंध नहीं हैद्ध ए ई एफ आई ऋनिगरानी प्रणाली के माध्यम से सूचित किया जाता है टीकाकरण के बाद प्रतिकूल घटना की निगरानी एक अच्छी तरह से सरचित और मजबूत द्धए ई एफ आईऋ निगरानी प्रणाली के माध्यम से की जाती है जांच और कारण मूल्यांकन क कारण और प्रभाव संबंध स्थापित करने में मदद करते हैं कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम के तहत प्रशासित कुल 220।68 करोड़ खुराकों के मुक. ाबले कोविड -टीकाकरण के लिए जिम्मेदार ऐसी घटनाएं 0।15: होने का अनुमान है ऐसे मामलों में मुआवजे की कोई व्यवस्था नहीं है यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा ने दी।

# अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को किया जाएगा खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण

10 दिसम्बर से 28 दिसम्बर 2025 तक होगा राशन वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेश के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह दिसम्बर 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न, अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अक्टूबर से दिसम्बर 2025 के सापेक्ष चीनी वितरण तथा कतिपय जनपदों में माह अक्टूबर 2025 के सापेक्ष उचित दर दुकान स्तर पर शेष मक्का का वितरण का नि:शुल्क वितरण 10 दिसम्बर से 28 दिसम्बर 2025 तक कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस अवधि में अंत्योदय कार्डों के मध्य प्रतिकार्ड 14 किग्रा। गेहूं, 16 किग्रा। फोर्टीफाइड चावल एवं 05 किग्रा। मक्का द्धउपलब्धतानुसार चावल के स्थान परऋ ''प्रथम आओ-प्रथम पाओ'' द्धकुल 35 किग्रा।ऋ खाद्यान्न एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 02 किग्रा0 गेहूं प्रति यूनिट तथा 03 किग्रा0 फोर्टीफाइड चावल प्रति यूनिट द्धकुल 05 किग्रा0ऋ खाद्यान्न का वितरण नि:शुल्क किया जाएगा।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि खाद्यान्न के नि:शुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध होगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन कर सकेंगे। इस योजना के अन्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 28 दिसम्बर 2025 निर्धारित है, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा।

# अग्रवाल सभा रामपुर युवा विंग की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अग्रवाल सभा रामपुर की युवा विंग की एक गरिमामई एवं उत्साहपूर्ण बैठक बड़े ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 28 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाले वार्षिक उत्सव को भव्यता प्रदान करने हेतु विस्तृत योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। समाज की प्रतिष्ठा एवं एकता को और अधिक सु. ढ़ करने के उद्देश्य से विभिन्न जिम्मेदारियां अत्यंत व्यवस्थित ढंग से सदस्यों को विभाजित की गईं।

बैठक के दौरान यह संकल्प लिया गया कि इस बार का वार्षिक उत्सव समाज की सांस्कृतिक विरासत, पारिवारिक एकता और युवा शक्ति का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगा। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया कि रामपुर का कोई भी अग्र बंधु निमंत्रण से अछूता न रहे। प्रत्एक सदस्य से अनुरोध किया गया कि वे अपने निकटवर्ती अग्र बंधुओं तक व्यक्तिगत रूप से जाकर निमंत्रण पहुंचाएं और उन्हें बड़े उत्साह से कार्यक्रम से जोड़ें।

समाज में समरसता, आत्मीयता और संगठन की भावना को प्रबल बनाने हेतु सभी सदस्यों से महत्वपूर्ण सुझाव भी प्राप्त किए गए, जिनका उद्देश्य कार्यक्रम को त्रुटिरहित, आकर्षक एवं अविस्मरणीय बनाना है।

वार्षिक उत्सव . 28 दिसंबर 2025 रू कार्यक्रमों की भव्य रूपरेखा, 1. अग्रथॉन कृ प्रात सात बजे, स्वास्थ्य, ऊर्जा और समाजिक एकता का संदेश अग्रथॉन का शुभारंभ स्टेट बैंक मुख्य शाखा, रामपुर से होगा और मिस्टन गंज चौराहा तक ऊर्जा और उत्साह से परिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य, अनुशासन और एकजुटता के संकल्प को मजबूत करेगा।

भव्य शोभायात्रा प्रात 11बजे व संस्कृति, परंपरा और वैभव का अद्भुत संगम, शोभायात्रा गांधी समाधि से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से गुजरेगी, जहां आकर्षक झांकियां, धार्मिक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां समाज की समृद्ध विरासत का दर्शन कराएंगी। शोभायात्रा का समापन रामलीला मैदान पर भव्य स्वागत के साथ होगा।

सायंकालीन सांस्कृतिक व प्रतियोगितात्मक कार्यक्रम, प्रतिभा, परंपरा और सम्मान का अलौकिक आयोजन, शाम को आयोजित कार्यक्रमों में विशेष रूप से व साड़ी सज्जा प्रतियोगिता व उपहार सज्जा प्रतियोगिता व महाराजा अग्रसेन जी की जीवनी पर मौखिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिनके माध्यम से समाज की प्रतिभाशाली महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों को मंच प्रदान किया जाएगा।

इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला समाज की कला, संस्कृति और उत्साह से वातावरण को आलोr. कत करेगी।

इस अवसर पर समाज के वयोवृद्ध अग्र वंशजों का सम्मान भी किया जाएगा, जो समाज में उनके योगदान और मार्गदर्शन के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक होगा। अग्रवाल सभा द्धरजि।ऋ रामपुर की युवा विंग सभी अग्र बंधुओं से विनम्र अनुरोध करती है कि वे बड़ी संख्या में पधारकर इस भव्य सामा. जिक-सांस्कृतिक उत्सव को ऐतिहा. सिक सफलता प्रदान करें। मीटिंग मे अंकुश अग्रवाल, शलभ अग्रवाल, मोr. हत अग्रवाल, महक अग्रवाल, अर्शित, अमन, पुलकित, रचित, अंकुर, मनीष, मानस, अनुज, प्रखर, मोहित आदि लोग उपलब्ध रहे।

# किसानों के धान तौल में गड़बड़ी का आरोप, भड़के किसान, जिला स्तर पर प्रदर्शन की चेतावनीः वीरेश शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद।** सोमवार को भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता मंडी परिसर शाहाबाद में एकत्र होकर धान तौल में हो रही कथित गड़बड़ियों के खिलाफ धरने पर बैठ गए। संगठन के जिलाध्यक्ष वीरेश शर्मा ने सरकारी क्रय केंद्र प्रभारी से धान खरीद का रजिस्टर और किसानों की सूची दिखाने की मांग की। आरोप है कि प्रभारी द्वारा कोई रजिस्टर नहीं दिखाया गया। कई किसानों ने बताया कि उनका धान पिछले एक महीने से नहीं तौला जा रहा है। एक किसान ने यह भी आरोप लगाया कि उससे धान तौल कराने के नाम पर 150 रूपए प्रति कुंटल की अवैध वसूली की गई। यह सुनते ही कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। आरोपित व्यक्ति ने बाद में किसानों के पैसे लौटाने पर सहमति जताई।

सूचना पर नायब तहसीलदार राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और जिन किसानों की शिकायत थी, उनका धान तत्काल तौल कराया गया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आगे ऐसी समस्या नहीं होगी। केंद्र प्रभारी ने किसानों से माफी भी मांगी। स्थिति सामान्य होने के बाद किसानों ने उपजिला. धिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन देने वालों में जिला कोषाध्यक्ष ठाकुर रामवीर, ब्लॉक अध्यक्ष शाहाबाद कुलदीप गुप्ता, गजेंद्र ठाकुर, घनश्याम कुर्मी, अरविंद कुमार, सचिन शर्मा, मिंटू तिवारी, अरुण वास्तव, कुलदीप ठाकुर, आशीष चंद्र, सुरेश कश्यप, भोले राम समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने की पत्र के माध्यम से रजा लाइब्रेरी की तारीफ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय में 19 दिसंबर 2025 को होने जा रहे विशेष कार्यक्रम मनुष्यता के पथ प्रदर्शक रामह्व को लेकर तैयारी चरम पर है। इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, योगी आदित्यनाथ का प्रेरणादाई संदेश प्राप्त हुआ है, जो इस आयोजन की गरिमा को कई गुना बढ़ाने वाला है।

डॉ. मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह संद. ेश न केवल पुस्तकालय के लिए गौरव का विषय है, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक धरो. हर और भारतीय जीवन मूल्यों के प्रति सरकार की गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संदेश में कहा है कि रामपुर रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और मेघवर्ण आर्ट गैलरी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह कला प्रदर्शनी और व्याख्यान श्रृंखला अत्यंत सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि 'मनुष्यता के पथ प्रदर्शक राम' विषय पर आधारित यह कार्यक्रम भक्ति, भारतीय जीवन दर्शन और संस्कृति के उज्ज्वल स्वरूप को प्रस्तुत करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम सत्य, धर्म, कर्तव्य, करुणा और आदर्श शासन के प्रतीक हैं। उनका चरित्र भारतीय संस्कृति की अमर धारा है, जो आज भी समाज और राष्ट्र को सही दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कला को समाज की आत्मा और मूल्य का माध्यम बताते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी में कलाकारों की साधना और रचनात्मकता का उत्कृष्ट संगम दिखाई देगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि यह प्रदर्शनी जनमानस के बीच राम के आदर्शों के प्रति नई श्रद्धा और प्रेरणा जगाएगी और भारतीय संस्कृति की आत्मा को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। उन्होंने कार्यक्रम से जुड़े सभी कलाकारों, व्याख्याताओं और आयोजकों को शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं।

डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री का संदेश इस आयोजन के महत्व को और अधिक बढ़ाता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, आदर्शों और जीवन मूल्यों के शाश्वत संदेश को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। कला, चित्रांकन, शब्द और भक्ति के माध्यम से राम के आदर्शों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रामपुर रजा पुस्तकालय सदैव ज्ञान, संस्कृति, शोध और सौहार्द्र का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक सांस्कृतिक चेतना और मानवीय मूल्यों के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम आयोजकों को उम्मीद है कि ह्मनुष्यता के पथ प्रदर्शक राम प्रदर्शनी एवं व्याख्यान श्रृंखला आगंतुकों, विद्वानों, छात्रों और कला-प्रेमियों के लिए एक प्रेरणादाई अनुभव सिद्ध होगी।

# सेंथल नगर पंचायत से 2887 मतदाता गायब एसआईआर का असर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** एसआईआर का कार्य पूरे उत्तर प्रदेश में बहुत तेजी से चल रहा है, जो अब समापन की ओर है।

नबाबगंज तहसील की सेंथल नगर पंचायत में बड़ी संख्या में मृत मतदाता, डबल मतदाता, अन्य स्थानों पर रहने वाले मतदाता, विवाह इत्यादि के कारणों से तकरीबन 2887 से अधिक मतदाता गायब होने की सम्भावना है।

लोकसभा विधानसभा चुनाव मतदाता सूची के अनुसार

सेंथल नगर पंचायत में पूर्व में 12437 मतदाता थे, जिनमें 2887 से अधिक मतदाता के नाम कटने की संभावना है। 9550 मतदाता ही शेष रह गये हैं। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी प्रत्येक स्तर पर गहनता से जांच पड़ताल कर बीएलओ की मदद की। युवा भाजपा नेता व बूथ अध्यक्ष जामिन अली नकवी व उनकी टीम की अध्यक्षता में सेंथल नगर में एसआईआर का कार्य समापन की ओर है। भाजपा नेता व बूथ अध्यक्ष जामिन अली नकवी से प्राप्त आकड़ों के अनुसार बूथ सं-94 में 177, बूथ सं-95 में 133, बूथ सं-96 में 232, बूथ सं-97 में 141, बूथ सं-98 में 190, बूथ सं.99 में 298, बूथ सं.100 में 187, बूथ सं-101 में 265, बूथ सं-102 में 243, बूथ सं.103 में 314, बूथ सं. 104 में 240, बूथ सं.105 में 254, बूथ सं.106 में 213 मृतक, डबल मतदाता, विवाह, अन्य स्थानों पर बसने, इत्यादि कारणों से काटे जा चुके हैं। भाजपा संघठन व विधायक डॉ. एमपी आर्य ने एसआइआर में जूटे प्रत्येक कार्यकर्ता व सभी बीएलओ लेखपालों सहित सभी सहभागियों का आभार जताया। मंडल अध्यक्ष भाजपा ब्रह्मदत्त अवस्थी ने जामिन अली नकवी के प्रयासों को विशेष रूप से सराहा।

# गन्ना बकाए के भुगतान की मांग को लेकर किसानों का धरना दूसरे दिन भी जारी

## रात में पहुंचे एसडीएम एवं तहसीलदार के मनाने का प्रयास भी रहे विफल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** करीब साढ़े 70 करोड़ बकाए के गन्ना भुगतान की मांग को लेकर पैनी नजर द्वारा किसानों को लेकर दिया जा रहा धरना मंगलवार दूसरे दिन भी जारी रहा।

धरना स्थल पर मौजूद किसानों को सम्बोधित करते हुए सामाजिक संस्था पैनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंगवार ने जहां प्रदेश की योगी सरकार को किसान विरोधी बताया, वहीं उन्होंने पड़ोसी जिले के गन्ना मंत्री पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की ओसवाल चीनी मिल पर किसानों के दो साल की बकाया है, और मिल प्रबंधन ने उसे अदा करने के लिए कोई प्रयास अब तक नहीं किए हैं। इतना ही नहीं जिला और तहसील प्रशासन मिल की आरसी जारी कर खामोश होकर बैठ गया।

एड सुनीता गंगवार ने कहा कि पिछले दो साल का गन्ना भुगतान न होने से क्षेत्र का किसान खासा परेशान है, क्षेत्र के सांसद, विधायक, गन्ना चेयरमैन, ब्लॉक प्रमुख, नगर पालिका चेयरमैन सभी भाजपा के हैं, और प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकारें हैं उसके बाद भी किसान को जिसे अन्नदाता कहा जाता है अपने गन्ने की कीमत पाने को रात के अंधेरे में धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। धरने को अपना समर्थन देने को पहुंचे गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन और राष्ट्रपति पुरस्कृत पूर्व शिक्षक लालता प्रसाद गंगवार ने भी क्षेत्र के गन्ना किसानों का भुगतान न किए जाने पर खासी नाराजगी जताते हुए प्रशासन से तत्काल ही किसानों का भुगतान कराए जाने की मांग की। दूसरे दिन धरने पर पैनी नजर के वरिष्ठ नेता वहीद अहमद, किसान नेता रामरतन गंगवार, अधिवक्ता सुरेश पटेल, वीरपाल गंगवार, मो0 रफी, ब्रह्मानंद कुमार, बृजेश कुमार, खेमकरन लाल गंगवार सहित बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

### एसडीएम और तहसीलदार पहुंचे मनाने, नहीं माने किसान

गन्ना भुगतान की मांग को लेकर पैनी नजर द्वारा तहसील परिसर में दिए जा रहे धरना प्रदर्शन में शामिल किसानों को रात में एसडीएम उदित पवार, तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह स्थल पर पहुंचे और भारी ठंड को देखते हुए आंदोलन कर रहे किसानों से आंदोलन खत्म करने का प्रयास किया, लेकिन आंदोलन की अगुआई कर रही एड सुनीता गंगवार ने धरना समाप्त करने से साफ इंकार कर दिया। कहा जब तक किसानों का भुगतान नहीं हो जाता वह धरने से नहीं उठेंगी।

### खिचड़ी खाकर गुजारी सर्द रात

किसानों द्वारा गन्ना भुगतान की मांग को लेकर दिया जा रहे धरने के पहले दिन किसानों ने पीली खिचड़ी खाकर रात गुजारी। धरना स्थल पर ही पैनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंगवार एड ने किसानों को अपने हक के लिए आंदोलन में शरीक होने के लिए प्रेरित किया।

# बदमाशों ने फाइनेंस कंपनी कर्मचारियों से 1.20 लाख लूटे, पुलिस जुटी जांच में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र में नकाबपोश बदमाशों ने फाइनेंस कंपनी के दो कर्मचारियों से 1.20 लाख रुपये लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी दो बाइ. कों से फरार हो गए।पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी है।

भारत फाइनेंस भोजीपुरा के कर्मचारी लालाराम निवासी ग्राम हल्दुआ थाना मिलक जनपद रामपुर और सुनील कुमार निवासी ग्राम अभयपुर थाना क्यूलड़िया जनपद बरेली गांव मीरापुर में समूह के



ग्राहकों से किस्तें लेकर लौट रहे थे। रास्ते में एक स्कूल और रहपुरा अंडरपास के बीच पीछे से आए दो बाईकों पर सवार करीब पांच नकाबपोश बदमाशों ने उनकी बाइक रुकवाकर बैग व दो मोबाइल और कंपनी का टैबलेट लूट लिया और मीरापुर की तरफ फरार हो गये।

पीड़ितों के अनुसार बैग में 1.20 लाख रुपये नकद मोबाइल और टैबलेट रखा था। दोनों कर्मचारी तुरंत फतेहगंज पश्चिमी थाने पहुंचे और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। इंस्पेक्टर क्राइम वरुण कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

बदमाशों की तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी गई है। पुलिस ने बताया कि किस्त को लेकर एक व्यक्ति से विवाद की जानकारी भी सामने आई है जिसे बुलाकर पूछताछ की गई है।

# भाकियू ने बहापुर केंद्र को बहेड़ी से जोड़ने की मांग की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** किसानों ने वहापुर तोल केन्द्र को बहेड़ी में शामिल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांग को जल्द पूरा नहीं किया गया तो वह आगामी 15 दिसम्बर से धरना प्रदर्शन करने के लिये बाध्य होंगे।

भाकियू टिकेट के किसान नेता तहसील अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता खन्ना जी, प्रदेश सचिव चौधरी जगत सिंह, प्रदेश सचिव दानिश बाबा, पवन गुप्ता, यामीन मलिक, प्रेम गुप्ता, समीर, शोएब रजा, गुलाब रजा, मोहम्मद आरिफ का कहना है कि बहापुर गन्ना तोल केंद्र में जहां पर ग्राम राइनवादा, वहापुर, पिंदारी अशोक जैसे बड़े गांव के



साथ-साथ कुछ छोटे-छोटे गांव से भी जुड़े हुए हैं।

यह केंद्र लगभग 6 लाख कुंतल गन्ना क्षमता वाला सेंटर है। बड़ा केंद्र होने व पीलीभीत मिल की दूरी अधिक होने के कारण किसानों को कई बार समस्या का सामना करना पड़ा है। वह इस समस्या के समाधान के लिये जिला गन्ना अधिकारी, गन्ना आयुक्त लखनऊ को पहले इसकी सूचना दे चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं किया गया है। उन्होंने मांग की है कि इस केंद्र को बहेड़ी में शामिल किया जाये। मांग पूरी न होने पर उन्होंने 15 दिसम्बर से अनिश्चितकालीन धरना देने की भी चेतावनी दी है।

# अवैध संबंध में हुई मुकेश की हत्या

- पुलिस ने महिला और उसके पति को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** हाफिजगंज थाना क्षेत्र के सेंथल में युवक मुकेश की हत्या के मामले में पुलिस ने मंगलवार को खुलासा किया। जांच में सामने आया कि मुकेश के एक शादीशुदा महिला से अवैध संबंध थे, जिसके कारण उसकी हत्या की गई। पुलिस ने इस मामले में महिला और उसके पति को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरा. पी पति-पत्नी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।



एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि 5 दिसंबर की सुबह सेंथल कस्बे के पास गेहूं के खेत में 22 वर्षीय मुकेश का शव मिला था। मुकेश के भाई ने कुछ लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करने और हत्या से पहले बेरहमी से पिटाई किए जाने की पुष्टि हुई थी। शक के आधार पर पुलिस ने पड़ोसी गांव निवासी शानू और उसकी पत्नी नगमा को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान शानू ने बताया कि उसका निकाह करीब डेढ़ महीने पहले नगमा से हुआ था।

बाद में उसे पता चला कि शादी से पहले ही नगमा और मुकेश के बीच अवैध संबंध थे। शादी के बाद भी नगमा और मुकेश फोन पर लगातार बात करते थे।

शानू ने एसपी उत्तरी को बताया कि 4 दिसंबर की रात जब वह मेले से लौटा, तो उसने मुकेश को अपने घर में पत्नी नगमा के साथ आपत्ति. जनक स्थिति में देखा। यह देखकर शानू ने दोनों की पिटाई कर दी। स्थिति बिगड़ती देख मुकेश और नगमा ने माफी मांगी।

हालांकि, थोड़ी देर बाद नगमा शानू के पक्ष में आ गई और उसे समझाया। इसके बाद नगमा मुकेश को बहाने से रात में ही दरगाह के पास जंगल की तरफ ले गई। वहां पहले नगमा ने मुकेश की छाती पर बैठकर वार किए, फिर दोनों पति-पत्नी ने मिलकर मुकेश का मुंह बंद कर गला दबा दिया। दम घुटने से मुकेश की मौत हो गई।

# लड़की को भगा ले जाने वाले युवक सहित तीन पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक लड़की को पड़ोस के मोहल्ले का एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। आरोप है कि लड़की के पिता ने जब इसकी शिकायत लड़के के घर वालों से की तो उन्होंने गाली गलोच कर जान से मारने की धमकी देकर उसे घर से भगा दिया। इस मामले में पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपी युवक सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर के मोहल्ला शेखूपुर निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि मोहल्ला गोदाम निवासी जीशान उम्र 23 वर्ष पुत्र तसलीम उसकी 20 साल की पुत्री को फईम उम्र 25 वर्ष पुत्र तसलीम, इकतयार अहमद उम्र 30 वर्ष निवासी मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व थाना बहेड़ी की मदद से बीती 5 सितम्बर को अपने साथ भगा ले गया। आरोप है कि पता लगने पर जब उसने जीशान व फईम व इकतयार अहमद से लड़की वापस करने के लिये कहा तो उक्त तीनों लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। लड़की के पिता की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 87, 351(13) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सीएम योगी के दौरे पर बरेली में दो दिन तक डायवर्जन लागू

- पुराने रोडवेज स्टैंड से नहीं चलेंगी बसें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और अन्य विशिष्ट लोगों के शहर आगमन के कारण बुधवार को सुबह सात बजे से बृहस्पतिवार देर रात तक पुराना रोडवेज बस स्टैंड से बसों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। यह जानकारी देते हुए एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने आमजन से अपील की है कि ट्रैफिक एडवाइजरी का पालन कर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग करें। एसपी यातायात ने एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि बुधवार और बृहस्पतिवार को डायवर्जन लागू रहेगा। इसके तहत दोनों दिन शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। पुराने रोडवेज स्टैंड से बसों का संचालन भी नहीं होगा।

### बुधवार को आएंगे उप मुख्यमंत्री केशव

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को शहर आएंगे। दोपहर 2:45 बजे वह सिविल लाइंस स्थित भाजपा के जिला कार्यालय में पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। शाम चार बजे वह सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। सर्किट हाउस से मेयर उमेश गौतम के घर जाएंगे। शाम सात बजे वह आईवीआरआई ग्राउंड में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार के पुत्र के वैवाहिक समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद वह दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

### ये रहेगा डायवर्जन

- 10 दिसंबर को सुबह सात बजे से 11 दिसंबर को कार्यक्रम समाप्ति तक परसाखेड़ा रोड नंबर-01, विलवा पुल, लालपुर कट, विलयधाम, नवदिया झादा, ट्रांसपोर्टनगर, रामगंगा तिराहा, बुखारा मोड़ से कोई भी भारी वाहन शहर की तरफ प्रवेश नहीं करेगा।
- दिल्ली व रामपुर की तरफ से आने वाले भारी वाहन व रोडवेज बसें जिनको बदांयू की तरफ जाना है, झुमका तिराहे से बड़ा बाईपास से विलवा, विलयधाम, नवदिया झादा, फरीदपुर से फतेहगंज पूर्वी से दातागंज से देवचरा से भमौरा होते हुए जा सकेंगे तथा इसी मार्ग से आ सकेंगे।
- नैनीताल पीलीभीत रोड की तरफ से आने वाले भारी वाहन रोडवेज बस जिनको बदांयू जाना है वह भी इसी मार्ग से जा सकेंगे।
- दिल्ली व रामपुर की तरफ से आने वाले भारी वाहन रोडवेज बस जिनको लखनऊ जाना है वह बड़े बाईपास से झुमका, विल्वा, विलयधाम, फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी होकर जा सकेंगे।
- लखनऊ की तरफ से दिल्ली जाने वाले भारी वाहन फरीदपुर, इन्वर्टिस तिराहा होते हुये बड़ा बाईपास से जा सकेंगे।
- बदायूं की तरफ से आने वाले भारी वाहन जिनको बरेली आना है भमोरा से देवचरा चौराहा से दातागंज, फतेहगंज पूर्वी से इन्वर्टिस यूनिर्वसिटी से ट्रांसपोर्ट नगर तक आ सकेंगे, जिनको दिल्ली जाना है वह बड़ा बाईपास से दिल्ली जाएंगे।
- बदायूं व लखनऊ की तरफ से आने वाली रोडवेज बसें इन्वर्टिस तिराहे से सेटेलाइट बस स्टैंड तक आ सकेंगी।
- दिल्ली, रामपुर, नैनीताल, पीलीभीत, रोड से आने वाली रोडवेज बसें झुमका, विल्या, विलयधाम, इन्वर्टिस तिराहा होते हुये सेटेलाइट बस स्टैंड तक आ व जा सकेंगी।
- पुराना रोडवेज बस अड्डे से सभी रोडवेज बसों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा।

# गैंगरेप के विरोध पर गैर इरादतन हत्या में 20 वर्ष कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** युवती को कार कंपनी में नौकरी का झांसा देकर 8 वर्ष पूर्व गैंगरेप करवाने व विरोध करने पर सरिया से मारपीट कर गैर इरादतन हत्या करने के आरा. पी मुरादाबाद के थाना मझोला के काशीराम कालोनी निवासी सुधीर कुमार उर्फ सूचित को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय अशोक कुमार यादव ने 20 वर्ष कठोर कारावास 56 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। सहयोग की आरोपी जमीला को बरी कर दिया। एक अन्य आरोपी विपिन के गैर हाजिर रहने के कारण उसकी पत्रावली पृथक विचाराधीन हैं।

सरकारी वकील सुरेश बाबू साहू ने बताया कि पीड़िता की मां ने पुलिस महानिरीक्षक बरेली को तहरीर देकर बताया था कि उसकी पुत्री को 29 नवम्बर 2017 को अनिल कार कम्पनी में 10 हजार रुपये महीने की नौकरी का झांसा देकर अपने साथ बरेली ले आया और उसे कई दिन तक अपने साथ थाना सुभाषनगर क्षेत्र में बंधक बनाकर रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। बेटी ने विरोध किया तो उसे सरियों से मारा-पीटा तथा बेहोश होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कर छोड़कर भाग गया। जब बेटी को होश आया और उसे पीड़िता के बरेली में होने की जानकारी मिली तो वह वहां पहुंची। पता चला कि वहां कई ऐसी और लड़कियां थीं। वारदात में सुधीर के साथ दो अन्य लोग जिनके नाम विपिन और जमीला हैं, शामिल थे। सुधीर व इसके साथी लड़कियों की खरीद फरोख्त करते हैं। पुलिस ने बंधकर बनाकर गैंगरेप करने, गैर इरादतन हत्या, मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने 11 गवाह पेश किये।

# छूटे हुए बच्चों का किया गया टीकाकरण

**मथुरा।** जनपद के बल्देव ब्लॉक में मंगलवार को टीकाकरण उत्सव माह के अंतर्गत ग्राम पटलोनी, अवेरनी, नेरा नगला राय सिंह, पतिराम गढ़सोली एवं बरौली में टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया । सत्र के दौरान टीकाकरण से झिझकने वाले परिवारों को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टीकाकरण के लाभ के बारे में बताया गया और उनकी काउंस. लिंग करके बच्चों का टीकाकरण कराया गया ।अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक कुमार ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत ऐसे ग्राम चिन्हित किए गये हैं, जिनमें ऐसे परिवार थे जो बच्चों के टीकाकरण के लिए मना करते थे, क्षेत्र में भ्रमण कर ऐसे व्यक्तियों से संपर्क किया गया टीकाकरण के फायदों की जानकारी दी, जिससे लोगों ने अपने बच्चों का टीकाकरण कराया साथ ही आश्वस्त किया कि आगे आने वाले सभी टीकों को समय से लगवाएंगे ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्देव के चिकित्सा अधीक्षक डॉ बिजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि आज के टीकाकरण का प्रयास उन लोगों के लिए किया गया था जो किसी भ्रांति के कारण अपने बच्चों का टीकाकरण नहीं कराते हैं, जबकि बल्देव ब्लॉक में इसे परिवारों की संख्या बहुत ही कम है ।

### शाह टाइम्स आपके साथ....

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

## एक नजर

### बार काउंसिल प्रत्याशी ने अधिवक्ताओं से सम्पर्क कर मांगे वोट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जिला एवं सत्र न्यायालय मथुरा में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य पद के प्रत्याशी अधिवक्ता कमल कौशल उपाध्याय ने सभी सम्मानित अधिवक्तागणों से प्रत्येक सीट पर जाकर सम्पर्क कर अपने पक्ष में प्रथम वरीयता में वोट देने के लिए निवेदन किया ।तथा अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल में इस बार बदलाव करने का मन बना लिया है वह नये सदस्यों को चुनने के लिए एक दूसरे से चर्चा कर रहे है अबकी बार उत्तर प्रदेश बार काउंसिल में सदस्य वही जाना चाहिए जो प्रक्टिसनर हो हम उसी को ही वोट करेंगे वही हमारी समस्याओं को समझ सकता है सम्पर्क के दौरान कौशल उपाध्याय एडवोकेट ने कहा कि अधिवक्ता हित में जो भी कार्य होंगे हर हाल में कराये जायेंगे प्रथमिकता में अधिवक्तागणों की सुरक्षा की दृष्टि से ''अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम'' को हर हाल में लागू कराना, युवा अधिवक्ताओं के लिए 3–5 साल को कुछ मासिक राशि प्रदान कराना, वृद्ध अधिवक्ताओं को आवश्यक रुप से पेंशन लागू कराना तथा ''आयुष्मान योजना'' को अधिवक्ता के रजिस्ट्रेशन के साथ से लागू कराने का कार्य किया जायेगा। बार काउंसिल के प्रचार के दौरान मुख्य रूप से अधिवक्ता चौधरी विपिन बधौतिया,डॉ. सतेन्द्र कौशिक, विजय शर्मा, प्रेम शंकर उपाध्याय, देवेश कौशिक,चंद्रवीर चौधरी,मानेन्द्र सिंह,विवेक कुमार, संजीव कुमार आदि और भी अनेकों अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### धार्मिक स्थलों पर स्थापित किए जाएंगे धार्मिक कचरा संग्रह केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** यमुना घाटों एवं अन्य धार्मिक स्थलों पर धार्मिक कचरा संग्रह केंद्र स्थापित किये जाएंगे। अब धार्मिक सामग्री को कूडे के साथ नहीं डाला जाएगा। इससे लोगों की भावनाएं आहत होती है। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसहभागिता के माध्यम से गऊ घाट एवं यमुना तट क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाए रखा जाए। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने गऊ घाट एवं आसपास क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य गऊ घाट क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना, यमुना के किनारे कचरा निस्तारण की व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाना तथा गऊ घाट क्षेत्र में धार्मिक अपशिष्ट जैसे मूर्तियां, भगवान की पोशाक एवं अन्य पूजन सामग्री के वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित निस्तारण के लिए अलग से कलेक्शन प्वाइंट विकसित करना रहा था। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने गऊ घाट के समीप बन रहे डालाव घर को हटाने एवं क्षेत्र में जमा कचरे के समुचित व पूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही गऊ घाट क्षेत्र में लोगों द्वारा डाली जा रही धार्मिक सामग्री जैसे मूर्तियाँ, पूजन वस्त्र एवं अन्य धार्मिक अपशिष्ट के सम्मानजनक निस्तारण के लिए धार्मिक कचरा संग्रह केंद्र स्थापित किए जाने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने यमुना नदी के किनारे फैले फ्लोटिंग पॉलिथीन एवं कचरे, नालों की गंदगी तथा घाट क्षेत्र की समग्र सफाई सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए। डंपिंग यार्ड एवं घाट क्षेत्र की बेहतर सफाई के लिए क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी, सफाई निरीक्षक एवं नेचर केयर कंपनी को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी प्रकार की गंदगी या पॉलिथीन कचरा क्षेत्र में न रहने पाए। निरीक्षण के दौरान नागरिकों से अपील की गई कि घाटों या यमुना जी में कचरा एवं धार्मिक सामग्री न डालें तथा स्वच्छता बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें। गऊ घाट, द्वारिकाधीश मंदिर के प्रमुख प्रवेश मार्ग पर स्थित होने के कारण इसकी स्वच्छता व निगरानी अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगर आयुक्त महोदय ने सभी नागरिकों से यमुना जी को स्वच्छ एवं पवित्र बनाए रखने में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी महेश चंद्र, सफाई निरीक्षक राजकुमार कुमार, नेचर केयर कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिलाष सांगवान, प्रोजेक्ट मथुरा टीम एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### रिमाउंट वेटेरनरी कॉर्पस ने किया उम्मीदवारों का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** रिमाउंट वेटरनरी कॉर्प्स (ट्टब) भारतीय सेना की सबसे प्रतिष्ठित और प्राचीन कोर में से एक है। हर वर्ष यह पूरे देश से प्रतिभाशाली वेटरनरी चिकित्सकों का चयन सर्विसेज सेलेक्शन बोर्ड (ैठ) द्वारा आयोजित कठोर और निष्पक्ष प्रक्रिया के माध्यम से करता है, जिसमें चयनित उम्मीदवारों को सीधे कैप्टन के पद पर कमीशन दिया जाता है। इस वर्ष भी कोर ने पुरुष उम्मीदवारों के लिए 17 और महिला उम्मीदवारों के लिए 3 रिक्तियाँ घोषित कीं। महिला वर्ग में लगभग 150 उम्मीदवारों नैठ में भाग लिया, जिनमें से केवल 11 का चयन हुआ। इनमें से क्न्ट ौन्की डॉ. शिवांगी त्रिपाठी ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया, परंतु अंतिम मेरिट सूची में बहुत कम अंतर से स्थान नहीं बना सकीं। पुरुष वर्ग में लगभग 700दृ800 उम्मीदवारों नैठ में भाग लिया, जिनमें से केवल 20 को अनुशंसित किया गया। उल्लेखनीय है कि इन 20 चयनित उम्मीदवारों में क्न्ट ौन्के दो पूर्व छात्र कृ डॉ. तनमय गौतम और डॉ. आदित्य महेश्वरी कृ भी शामिल थे। दोनों ने अंतिम मेरिट सूची में अपना स्थान मजबूती से सुरक्षित किया, और डॉ. आदित्य महेश्वरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों सफल उम्मीदवारों ने स्वीकार किया कि विश्वविद्यालय ने उनके व्यक्तित्व विकास और इस प्रतिष्ठित अवसर के लिए उन्हें तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्न्ट ौन्, मथुरा के माननीय कुलपति, डॉ. अभिजित मित्र ने तीनों छात्रों से भेंट की, उनके कठिन परिश्रम की सराहना की और उनकी इस उपलब्धि की प्रशंसा की। उन्होंने ट्टब में चयन को वेटरनरी क्षेत्र में उपलब्ध सबसे प्रतिष्ठित करियर अवसरों में से एक बताया।

### चांदी लूट की घटना का 24 घंटे में खुलासा, दो को लगी गोली

**मथुरा।** सोमवार को नेशनल हाईवे 19 पर सीआईएसएफ कट के पास चांदी व्यापारी के साथ हुई लूट का घटना का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। थाना रिफायनरी पुलिस एवं एसओजी टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान सोमवार को नेशनल हाईवे 19 पर सीआईएसएफ कट के पास दो अभियुक्तों मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से पुलिस ने 4 किलो 400 ग्राम सफेद धातु (लूटी गई चांदी), दो कंट्रीमेड तमंचा, दो जिंदा कारतूस, तीन खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त एक बजाज पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की है। सोमवार को चांदी व्यापारी जतिन कुशवाह पुत्र सुनील कुमार निवासी नंगला पदी थाना न्यू आगरा जनपद आगरा से रिफाइनरी फ्लाईओवर पर सीआईएसएफ कट पर दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार अज्ञात बदमाशों ने आठ किलो मिश्रित चांदी लूट ली थी। जिसके सम्बंध में पीडित ने थाना रिफाइनरी पर तहरीर दी थी। मंगलवार को घटना करने वाले अभियुक्तों के अगनपुरा रास्ते से निकलने की सूचना पर कार्यवाही की गई। जिसपर एसओजी टीम व थाना रिफाइनरी पुलिस की संयुक्त चौकिंग के दौरान मुठभेड में रजित पुत्र चोल सिंह निवासी जोधना थाना कागारौल जनपद आगरा व प्रमोद उर्फ छोटू पुत्र बीरी सिंह निवासी मौहल्ला कुशवाह जनपद आगरा को मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**खेल विशेष**

## रितिक ने यश घांघस को हराकर पुरुष जूड़ो 100 प्लस किग्रा वर्ग में अपना तीसरा स्वर्ण पदक जीता

**उदयपुर, वार्ता।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) राजस्थान 2025 में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के रितिक ने यश घांघस को हराकर जूडो पुरुष 100 प्लस किग्रा वर्ग में अपना तीसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। उदयपुर के अटल बिहारी वाजपेई इंडोर हॉल में अपने चौथे केआईयूजी में लवली एलपीयू का प्रतिनिधित्व करते हुए रितिक ने अपना तीसरा केआईयूजी स्वर्ण पदक जीता। उनके खाते में इससे पहले एक कांस्य पदक भी शामिल है। यह जीत इसलिए भी खास थी क्योंकि कुछ दिन पहले ही रितिक को हांगकांग में एशियन ओपन चैम्पियनशिप में पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन वे उस निराशा में डूबने के बजाय सीधे उदयपुर पहुंचे और विदेशी दौरे से मिली सीख को अपनी रणनीति और मानसिक मजबूती में बदलते हुए शांत, संयमित और प्रभावी खेल दिखाया। फाइनल में उन्होंने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी यश घांघस को हराकर खिताब अपने नाम किया। मुक.ाबले के बाद रितिक ने कहा कि हमारे वेट कैटेगरी में खिलाड़ी कम हैं, इसलिए हम एक-दूसरे को लंबे समय से जानते हैं। मैंने उसे पहली बार गुवाहाटी केआईवाईजी में हराया था और केआईयूजी 2025 में फिर ऐसा कर पाने की खुशी है। रितिक ने कहा कि पहले राउंड में हारने के बावजूद हांगकांग से मैं बहुत कुछ सीखकर लौटा हूं। जूडो में मानसिक मजबूती भी उतनी ही जरूरी है। ऐसी यात्राओं से पता चलता है कि वर्ल्ड और ओलंपिक चैंपियन खेल को कैसे देखते हैं, उनकी तकनीकें क्या हैं और विश्व स्तर के खिलाड़ियों के साथ स्पैरिंग का अनुभव मिलता है।

# रोहित-विराट के नाम एक और कारनामा

**● इस साल वनडे में जड़ दिए सबसे ज्यादा शतक, भारत के लिए लगे 9 शतकों में से 5 तो केवल इन दोनों बल्लेबाजों ने ही जड़े**




**नई दिल्ली, वार्ता।** साल 2025 में भारत का वनडे में प्रदर्शन काफी हद तक अच्छा रहा है। साल की शुरुआत में भारत ने इंग्लैंड को 3-0 से हराया था।

फिर चैंपियंस ट्रॉफी में भी बिना कोई मैच गंवाए लगातार पांच जीत के साथ चौंपियन बना। इस तरह भारत ने साल की शुरुआत में लगातार 8 मुकाबले जीते थे। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद खेले गए 6 मैच में से भारत 3 मैच गंवा चुका है। इस तरह भारत ने इस साल खेले गए 14 में से 11 मुकाबले जीते हैं। इस प्रदर्शन के बावजूद अगर हम भारत के लिए वनडे में इस साल के शतकों की बात करें तो कुल 9 ही शतक लगे हैं। शतकवीरों की बात की जाए तो उनमें सिर्फ पांच नाम ही सामने आते हैं। इनमें भी चौथा और पांचवां नाम तो ऐसा है, जिन्हें वनडे टीम में बहुत ही कम मौके मिले हैं। )तुराज गायकवाड़ की साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में दो साल बाद भारतीय टीम में वापसी हुई है। वहीं यशस्वी जायसवाल ने करियर में सिर्फ 4 वनडे मैच खेले हैं। टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा के वनडे से भी संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन इस साल भारत के लिए लगे 9 शतकों में से 5 तो केवल इन दोनों बल्लेबाजों ने ही लगाए हैं। विराट ने इस साल 3 और रोहित ने 2 शतक जड़े हैं। इनके अलावा युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने भी 2 शतक लगाए हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज से भारतीय टीम में वापसी कर रहे बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ ने इस साल के अपने दूसरे ही मैच में शतक जड़ दिया। सीरीज के आखिरी वनडे मैच में यशस्वी जायसवाल ने भी शतक जड़कर इस सूची में अपना नाम शामिल कर लिया। भारत के लिए साल 2025 में 6 बल्लेबाजों ने अर्द्धशतक लगाए हैं। सबसे ज्यादा अ(शतक लगाने के मामले में भी विराट कोहली और रोहित शर्मा सूची में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। दोनों ने इस साल 4-4 अर्द्धशतक लगाए हैं। सूची में पहले स्थान पर श्रेयस अय्यर हैं, जिन्होंने इस साल 11 मैच की 10 पारियों में 5 अ(शतक लगाए हैं। शुभमन गिल और केएल राहुल 11 पारियों में 2-2 अर्द्धशतक लगा चुके हैं। वहीं एक अर्द्धशतक अक्षर पटेल ने भी जड़ा है। इस साल में वनडे में रोहित शर्मा और विराट कोहली ने ही भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। कोहली ने 13 पारियों में 65.10 की औसत से 651 रन बनाए, वहीं पूर्व कप्तान रोहित ने 14 पारियों में 50 की औसत से 650 रन बनाए।

# कोहली-रोहित टीम इंडिया की रीढ़, इन्हे 2027 तक खेलना चाहिए

**● पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहिद अफरीदी ने भारतीय कोच गौतम गंभीर पर भी साधा निशाना**

**कराची, वार्ता।** पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहिद अफरीदी ने एक बार फिर भारतीय क्रिकेटरों को लेकर बड़ा बयान दिया है। अफरीदी ने विराट को.हली और रोहित शर्मा को भारतीय वनडे टीम की रीढ़ करार दिया और कहा कि दोनों बल्लेबाजों को कम से कम 2027 वनडे विश्व कप तक खेलते रहना चाहिए।

उन्होंने भारतीय कोच गौतम गंभीर पर भी अप्रत्यक्ष निशाना साधा और कहा कि गंभीर अपने फैसलों में खुद को हमेशा सही मानते हैं। अफरीदी ने कहा कि समय ने साबित किया है कि गंभीर का हर फैसला सही नहीं होता। टेलिकाम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, अफरीदी ने कहा कि ये सच है कि विराट और रोहित भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ हैं। हालिया वनडे सीरीज में दोनों की फार्म देखकर साफ है कि वे 2027 विश्व कप तक खेल सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन दोनों दिग्गजों का सही इस्तेमाल होना चाहिए। अफरीदी ने कहा कि जब भारत कमजोर टीमों के खिलाफ खेले, तब नए खिलाड़ियों को मौका देना चाहिए और रोहित-विराट को आराम दिया जा सकता है।

अफरीदी और गंभीर के रिश्ते पहले भी मैदान पर गर्म रहे हैं। अब उन्होंने एक बार फिर गंभीर पर कटाक्ष किया। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने कहा, श्गंभीर ने अपनी कोचिंग शुरुआत इस तरह की जैसे वही हर बात में सही हों, लेकिन बाद में साबित हो गया कि हर समय आपके फैसले सही नहीं होते। अफरीदी ने रोहित शर्मा के द्वारा उनके वनडे में कुल छक्कों के रिकॉर्ड तोड़ने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, श्रिकॉर्ड बनते हैं और टूटते हैं।

मुझे खुशी है कि एक ऐसा खिलाड़ी जिसे मैंने हमेशा पसंद किया, उसने यह रिकॉर्ड तोड़ा।श रोहित ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रायपुर में खेले गए दूसरे वनडे में अफरीदी के 351 छक्कों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और अब उनके नाम 355 छक्के हैं। अफरीदी ने याद करते हुए कहा कि 2008 में आईपीएल में डेक्कन चार्जर्स के लिए साथ खेलते समय ही उन्होंने रोहित की क्लास पहचान ली थी। अफरीदी ने कहा कि प्रैक्टिस के दौरान रोहित की बल्लेबाजी देखकर ही समझ गया था कि ये खिलाड़ी एक दिन भारत के लिए खेलेगा और आज वह विश्व क्रिकेट का बड़ा नाम है।

# ट्रॉफी चोर नकवी की लंदन में हुई घनघोर बेइज्जती

**● ब्रिटिश पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली, वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पीसीबी के अध्यक्ष और देश के गृहमंत्री मोहसिन नकवी की लंदन में घनघोर बेइज्जती हुई है। ब्रिटिश पुलिस ने ट्रॉफी चोर नकवी की गाड़ी को रोक कर तलाशी ली। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस घटना ने यह साबित कर दिया है कि दुनिया में पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय साख कैसी है। बताया जा रहा है कि नकवी शहजाद अकबर और आदिल राजा के प्रत्यर्पण पर बातचीत के लिए ब्रिटेन में थे। लंदन पुलिस ने हालांकि, नकवी की गाड़ी की तलाशी के बारे में कुछ भी टिप्पणी नहीं की है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि किस तरह ब्रिटिश पुलिस ने नकवी की गाड़ी को रोक कर तलाशी ली। वीडियो देखकर लग रहा है कि यह रूटीन चेकिंग नहीं थी क्योंकि पुलिस ने हर दिशा से गाड़ी को चेक किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनसार, नकवी की गाड़ी की तलाशी उस वक्त ली गई जब वह अधिका.रियों से मिलने के लिए ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय पहुंचे। नकवी पीसीबी अध्यक्ष होने के साथ एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के चेयरमैन भी हैं। मालूम हो कि नकवी ने भारत द्वारा जीती एशिया कप की ट्रॉफी अपने पास रख ली है और अब तक इसे भारत को नहीं दिया है। भारत ने इस साल फाइनल में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब जीता था, लेकिन टीम ने नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इन्कार कर दिया था।

# शमी को लेकर चयनकर्ताओं पर भड़के गांगुली

**● वह क्यों नहीं खेल सकते भारतीय टीम के पूर्व कप्तान ने अगरकर को आड़े हाथों लिया**



**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर पर निशाना साधा है। गांगुली ने अगरकर से सवाल पूछते हुए कहा कि वह बताएं कि मोहम्मद शमी भारत के लिए क्यों नहीं खेल सकते? शमी ने बंगाल के लिए खेलते हुए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया। शमी भले ही राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं, लेकिन उन्होंने घरेलू क्रिकेट में अपना दम दिखाया है। शमी ने सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में पिछले तीन मैचों में 11 विकेट लिए और अपनी फार्म साबित की। इससे पहले, उन्होंने रणजी ट्रॉफी में भी प्रभावित किया था। शमी और अगरकर के बीच पिछले कुछ समय से चीजें सही नहीं चल रही हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए शमी को नहीं चुने जाने के बाद से ही अगरकर पर निशाना साधा जा रहा है। अब गांगुली ने भी शमी को टीम में शामिल करने की मांग पर सीधे अगरकर को घेरा है। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष गांगुली ने कहा, मुझे यकीन है कि चयनकर्ता देख रहे हैं। मुझे यकीन है कि मोहम्मद शमी और चयनकर्ताओं के बीच बातचीत होती है। मुझे नहीं पता, लेकिन अगर आप मुझसे फिटनेस और कौशल के मामले में पूछें तो यह वही मोहम्मद शमी है जिसे हम जानते हैं। इसलिए मुझे कोई कारण नहीं दिखता कि वह भारत के लिए टेस्ट मैच, वनडे और टी-20 क्रिकेट क्यों नहीं खेल सकते, क्योंकि उनका कौशल बहुत बड़ा है। 2023 वनडे विश्व कप के बाद शमी के टखने में चोट लगी थी और इसके बाद से ही वह टीम में अंदर-बाहर होते रहे हैं। शमी को आस्ट्रेलिया के खिलाफ बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम में नहीं चुना गया था, लेकिन वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल थे। चैंपियंस ट्रॉफी में शमी ने पांच मैचों में नौ विकेट लिए, लेकिन इसके बाद से उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिली है।

# म्लाबा टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में चार पायदान आगे पहुंचे

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा को आयरलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर बड़ी छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गई है। आईसीसी की ओर से जारी रैंकिंग के अनुसार म्लाबा ने आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले दो मैचों में केवल 11-33 की औसत से तीन विकेट लिए हैं और इसके परिणामस्वरूप यह बाएं हाथ की टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में 705 अंकों के साथ चार स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गई है। 25 वर्षीय स्पिनर अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड से केवल 31 अंक पीछे है। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर नादिन डी क्लर्क दो मैचों में चार विकेट लेने के बाद टी-20 गेंदबा.जों की रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर 45वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि क्लो ट्रायोन इसी लिस्ट में 12 स्थान ऊपर चढ़कर 49वें स्थान पर पहुंच गई हैं। लुस ने दो पारियों में 81 और 37 रन बनाए हैं और टी-20 बल्लेबाजों की सूची में सात पायदान ऊपर चढ़कर 41वें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की पूर्व कप्तान डेन वैन नीकेर्क अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में 82वें स्थान पर फिर से शामिल हो गई हैं, जबकि आयरलैंड की लेह पॉल प्रोटियाज के खिलाफ दो अच्छे स्कोर बनाने के बाद इसी सूची में नौ स्थान ऊपर चढ़कर 67वें स्थान पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी नंबर 1 बल्लेबाज बनी हुई हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वाड्र्ट आयरलैंड के खिलाफ नाबाद 115 और 22 रन बनाकर पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं।

# मार्क वुड हुए एशेज से बाहर



**मेलबर्न, वार्ता।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड पर्थ में पहले ऐशेज टेस्ट के दौरान लगी बाएं घुटने की चोट के दोबारा उभरने के कारण ऐशेज सीरीज के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह मैथ्यू फिशर को टीम में जगह दी गई है। छह फुट दो इंच लंबे फिशर ने अपना इकलौता टेस्ट 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। वह पहले से ही इंग्लैंड लायंस टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में मौजूद हैं और इस सप्ताह सीनियर टीम से जुड़ जाएंगे।

एडिलेड में होने वाला तीसरा टेस्ट 17 दिसम्बर से शुरू होगा। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि वुड इस सप्ताह के आखिर में स्वदेश लौटेंगे और अपने रिहैब और रिकवरी के लिए ईसीबी की मेडिकल टीम के साथ मिलकर काम करेंगे। वुड ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि ऐशेज के शेष मैचों से बाहर होकर बेहद दुखी हूं। सर्जरी और वापसी के लिए सात महीनों की लंबी, कड़ी मेहनत और रिहैब के बाद भी मेरा घुटना साथ नहीं दे पाया। हममें से किसी को इसकी उम्मीद नहीं थी। मैं यहां बड़ा असर डालने की पूरी उम्मीद के साथ आया था।

मुझे बेहद निराशा है कि और इंजेक्शन और गहन चिकित्सकीय इलाज के बावजूद मेरे घुटने की सूजन की स्थिति हमारी आशंका से भी ज्यादा खराब है। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत अफसोस है कि मैं उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाया, लेकिन मेरी को.शिश में कोई कमी नहीं थी। आगे जो भी हो, मैं दोबारा वापसी के लिए अपनी पूरी ताकत लगाता रहूंगा। पिछले कुछ महीने बेहद कठिन रहे हैं, लेकिन मैं फिर से पूरी तरह कोशिश करने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। मुझे अब भी विश्वास है कि हम हालात पलट सकते हैं। कभी हार मत मानो, चलो बढ़ो, इंग्लैंड।

# सूर्या-गंभीर जगन्नाथ मंदिर पहुंचे

**● कटक टी-20 मुकाबले से पहले टीम इंडिया ने पुरी में की पूजा**

**पुरी, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 मुक.ाबले से पहले भारतीय क्रिकेट टीम ने ओडिशा के पुरी स्थित प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। भारतीय खिलाड़ियों के साथ मुख्य कोच गौतम गंभीर भी मौजूद रहे। टीम इंडिया ने यह आध्यात्मिक यात्रा मंगलवार सुबह की, ठीक उसी दिन जब कटक के बाराबाती स्टेडियम में पहला टी-20 मुकाबला खेला जाना है। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव, अपनी पत्नी देविशा शेट्टी के साथ मंदिर पहुंचे। उनके साथ तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शुभमन गिल और कई खिलाड़ी शामिल रहे। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच सभी खिलाड़ियों ने मंदिर में प्रवेश कर पूजा की। भारत और दक्षिण अफ्रीका टेस्ट और वनडे सीरीज के मुकाबले अब टी-20 में आमने-सामने होंगे। दक्षिण अफ्रीका ने भारत को टेस्ट में 2-0 हराया था, जबकि भारत ने वनडे में दमदार वापसी करते हुए 2-1 से जीत दर्ज की थी। टी-20 सीरीज दोनों टीमों के लिए खास है क्योंकि यह सीरीज टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की तैयारी मानी जा रही है। इस मैच के लिए भारत की टीम में कई महत्वपूर्ण खिलाड़ियों की वापसी हो रही है। शुभमन गिल, हार्दिक पांडड्या और जसप्रीत बुमराह की वापसी से टीम का बैटिंग और बालिंग काम्बिनेशन और मजबूत हो गया है। दक्षिण अफ्रीका की टीम में भी बड़े नाम वापसी कर रहे हैं। डेविड मिलर, एनरिक नार्त्जे और अन्य खिलाड़ी इस सीरीज को बड़ा मंच मान रहे हैं, क्योंकि इस सीरीज के बीच में आईपीएल नीलामी होने वाली है। कई खिलाड़ी इस सीरीज को एक आडिशन की तरह देख रहे हैं।

**भारतः** अभिषेक, गिल, सूर्यकुमार (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू (विकेटकीपर), हार्दिक, अक्षर, कुलदीप, वरुण, जसप्रीत, अर्शदीप सिंह।

# IPL की छोटी नीलामी में 350 खिलाड़ी शामिल




**नई दिल्ली, वार्ता।** अबू धाबी में 16 दिसम्बर को होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की छोटी नीलामी में शामिल होने वाले कुल 350 खिलाड़ियों में से 40 खिलाड़ियों ने स्वयं को अधिकतम बेस प्राइस दो करोड़ रुपये पर सूचीबद्ध किया है, जिनमें वेंकटेश अय्यर और रवि बिश्नोई ही केवल दो भारतीय खिलाड़ी हैं।


कैमरन ग्रीन के सबसे महंगे खिलाड़ी बनने की उम्मीद है और उन्होंने स्वयं को बल्लेबाज के रूप में सूचीबद्ध किया है और वह पहले सेट में नजर आएंगे। क्विंटन डी कॉक, दुनित वेल्लालागे और जॉर्ज लिंडे को अंतिम सूची में शामिल किया गया है। ए तीनों खिलाड़ी लॉन्ग लिस्ट का हिस्सा नहीं थे। कुल मिलाकर टीमों की मांग के बाद 35 नए खिलाड़ियों को जोड़ा गया है। सूचीब( किए गए 350 खिलाड़ियों में से 240 भारतीय हैं और 110 विदेशी हैं। इसके अलावा इस सूची में निखिल चौधरी का नाम भी शामिल है, जिन्होंने 2017 में पंजाब के लिए लिस्ट ए और टी-20 में पर्दापण किया था, लेकिन बाद में कोविड के दौरान ऑस्ट्रेलिया चल गए और वहीं बस गए। उन्हें भारतीय अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में नीलामी में जगह मिली है, जबकि वह ऑस्ट्रेलिया में घरेलू क्रिकेट और बिग बैश लीग खेल चुके हैं। खिलाड़ियों की नीलामी की शुरुआत कैप्ड खिलाड़ियों के सेट से होगी- जिसमें बल्लेबाजो, ऑलराउंडर, विकेटकीपर -बल्लेबाजो, तेज गेंदबाजो और स्पिन गेंदबाजो का अलग-अलग सेट आएगा। इसके बाद अनकैप्ड खिलाड़ियों का पूरा राउंड होगा। एक्सीलरेटेड प्रक्रिया खिलाड़ी नंबर 70 के बाद शुरू होगी। कुल 77 स्लॉट नीलामी में भरे जाने हैं, जिनमें 31 विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के पास सबसे बड़ा पर्स 64-30 करोड़ रुपये का है और उनके पास कुल 13 स्लॉट खाली हैं।

# टॉम ब्लंडेल हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर न्यूजीलैंड टीम से हुए बाहर

**● न्यूजीलैंड ने ब्लंडेल की जगह मिशेल को टीम में जगह दी है**

**वेलिग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल के हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बुधवार से शुरु हो रहे दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए है। न्यूजीलैंड ने उनकी जगह मिशेल हे को टीम में जगह दी है। यह ऐसा समय हुआ जब जब मैट हेनरी, नाथन स्मिथ और मिशेल सेंटनर की तिकड़ी क्रमशः पिडली, पसली और कमर की चोटों के कारण टेस्ट सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गई थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने ऑलराउंडर क्रिश्चियन क्लार्क और तेज गेंदबाज माइकल रे को उनकी जगह टीम में शामिल किया है। 25 वर्षीय हे ने न्यूजीलैंड के लिए दो सफेद गेंद प्रारुप (12 टी-20, सात एकदिवसीय) में 19 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कैंटरबरी के लिए खेले गए 29 मैचों में उन्होंने 48-58 की शानदार औसत से 1895 रन बनाए हैं, जिसमें 17 अर्द्धशतक और एक शतक शामिल है, जो उनका सर्वोच्च स्कोर 146 रन था। मिशेल हे और नए गेंदबाजों को लेकर मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि मिच एक युवा क्रिकेटर हैं उसने पहले ही सफेद गेंद टीम में अच्छा योगदान दिया है। प्रथम श्रेणी स्तर पर कैंटरबरी के लिए उनका रिकॉर्ड भी शानदार है। उनका टेस्ट टीम में आना उनके करियर का एक बड़ा पल है और हम उन्हें खेलते हुए देखने के लिए बहुत उत्साहित हैं। 24 वर्षीय क्लार्क ने नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए 28 मैचों में 79 विकेट लिए हैं, जबकि रे (30) ने अपने फर्स्ट-क्लास करियर में 70 मैचों में 208 विकेट लिए हैं। उन्होंने कहा कि क्रिश्चियन और माइकल दोनों ही बेहतरीन क्षमता वाले खिलाड़ी हैं, और पिछले कुछ सालों में दोनों ने अपनी घरेलू टीमों के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है।

# दिया चितले-मानुष शाह की जोड़ी डब्ल्यूटीटी फाइनल में करेगी स्पर्धा




**हांगकांग, वार्ता।** दिया चितले और मानुष शाह की जोड़ी बुधवार से यहां शुरु हो रहे डब्ल्यूटीटी फाइनल 2025 प्रतियोगिता के मिश्रित युगल में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। हांगकांग में डब्ल्यूटीटी फाइनल 2025 ग्लोबल डब्ल्यूटीटी सीरीज का समापन है, जिसमें साल के केवल शीर्ष रैंक वाले खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। सीजन की इस आखिरी प्रतियोगिता में केवल 16 सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला एकल टेबल टेनिस खिलाड़ी, साथ ही शीर्ष आठ मिश्रित युगल जोड़ियां हिस्सा लेंगी। दिया और मानुष, दोनों मौजूदा नेशनल टेबल टेनिस चैंपियन हैं, उन्होंने इस साल की शुरुआत में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित डब्ल्यूटीटी फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। इस भारतीय जोड़ी ने डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर ब्राजील में एक ऐतिहासिक मिश्रित युगल स्पर्धा का रजत पदक जीता था। मिश्रित युगल स्पर्धा में आठ जोड़ियों को चार-चार के दो ग्रुप में बांटा जाएगा। दिया और मानुष को ग्रुप 1 में चीनी जोड़ियों लिन शिडोंग और कुआई मैन, वांग चुकिन और सन यिग्शा के साथ-साथ हांगकांग चीन के हुआंग जेंटिग और डू काइकिन के साथ रखा गया है।

# चोटिल हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया टीम से बाहर, कमिंस की वापसी करीब

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को मंगलवार को एक बड़ा झटका लगा, जब तेज गें.दबाज जॉश हेजलवुड एक नई चोट के कारण एशेज सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गए। हेजलवुड शुरू में पिछले महीने शेफील्ड शील्ड के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट से बाहर थे। हालांकि, पिछले हफ्ते एक नई अकिलीज से संबंधित समस्या ने इस गर्मी में उनकी वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है, ऑस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने हेजलवुड के चोटिल होकर टीम से बाहर होने की पुष्टि करते हुए कहा कि दुर्भाग्य से, जोश एशेज का हिस्सा नहीं होंगे। उनके लिए यह बहुत निराशाजनक है। कुछ ऐसे झटके लगे जिनकी हमने उम्मीद नहीं की थी, और हमें लगा था कि वह सीरीज में बहुत बड़ी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से अलग चोट है। यह पिडली के निचले हिस्से में अकिलीज क्षेत्रा में है। उनकी तैयारी अब वर्ल्ड कप की ओर होगी, जो हमारे लिए एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण अभियान है। दाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज अब सात फरवरी से शुरू होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए फिटनेस हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया को कप्तान पैट कमिस के एडिलेड में तीसरे टेस्ट में वापसी की उम्मीद से बढ़ावा मिला है। मैकडॉनल्ड ने कहा कि कमिस का टीम का नेतृत्व करना 'लगभग तय' है, क्योंकि उन्होंने ब्रिस्बेन में टीम के खेलने के दौरान एलन बॉर्डर मैदान में व्यापक अभ्यास किया था। मैकडॉनल्ड ने कहा कि उनका शरीर खेलने के लिए तैयार है और अगले हफ्ते कुछ और न होने पर, मुझे उम्मीद है कि पैट सिक्का उछालेंगे और ब्लेजर पहनेंगे।

# आईएफएएफ अपना मुख्यालय स्विट्जरलैंड के लॉजेन शहर में करेंगा स्थानांतरित

**जिनेवा, वार्ता।** इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ अमेरिकन फुटबॉल (आईएफएएफ) ने अपना वैश्विक मुख्यालय ओलंपिक की राजधानी स्विट्जरलैंड के लॉजेन शहर में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। आईएफएएफ की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया कि यह कदम अमेरिकन फुटबॉल के खेल के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है, जो ओलंपिक आंदोलन के प्रति अपनी लंबी अवधि की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। आईएफएएफ के अध्यक्ष पियरे ट्रोचेट ने कहा कि यह मत एक स्पष्ट बयान है कि आईएफएएफ और हमारा वैश्विक अमेरिकन फुटबॉल परिवार मानता है कि उसका भविष्य ओलंपिक आंदोलन के केंद्र में है। हमारे मुख्यालय को लॉजेन और मैसन डू स्पोर्ट इंटरनेशनल में स्थानांतरित करना हमारे खेल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# सम्पादकीय

**बुधवार, 10 दिसम्बर 2025**

## एसआईआर में यूपी पिछड़ा

एसआईआर की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। एसआईआर के तहत राज्यों में चल रहे फार्म वितरण और डिजिटलीकरण दोनों काम तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद अब देश के 12 अन्य राज्यों में यह प्रक्रिया मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से जारी रिपोर्ट से पता चलता है कि इन राज्यों में 99.95 प्रतिशत से अधिक फार्म मतदाताओं तक पहुंच चुके हैं, जिसमें से 98.69 प्रतिशत फार्म का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। चुनाव आयोग की ओर से जानकारी दी गई कि एसआईआर फार्म वितरण राष्ट्रीय स्तर पर लगभग पूरा हो चुका है। कुल 50.99 करोड़ पात्र मतदाताओं में से 50.95 करोड़ लोगों को फार्म सौंपे जा चुके हैं। यह पूरा अभियान 11 दिसम्बर तक जारी रहेगा। फार्म वितरण का ये प्रतिशत बताता है कि चुनावी तैयारी में जुटी मशीनरी काफी सक्रिय है और हर जिले में टीमें तय समय पर अपना लक्ष्य हासिल कर लेंगी। गोवा और लक्षद्वीप जैसे छोटे क्षेत्र पहले ही 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण पूरा कर चुके हैं। इनके अलावा अंडमान-निक. ोबार, मध्य प्रदेश, पडुचेरी, छत्तीसगढ़, गुजरात, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और तमिलनाडु में भी डिजिटलीकरण दर 99 प्रतिशत से ऊपर पहुंच चुकी है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में भी 99.95 प्रतिशत फार्म बांटे जा चुके हैं, जबकि 96. 91 प्रतिशत फार्म को डिजिटल रिकॉर्ड में डाला जा चुका है। डिजिटल रिकॉर्ड बनाने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और 50.33 करोड़ से अधिक फार्म डिजिटल रिकॉर्ड में डाले जा चुके हैं। पश्चिम बंगाल में कुल 7.66 करोड़ फार्मों में से लगभग सभी फार्म वितरित हो चुके हैं। इसमें से 99 प्रतिशत से अधिक डिजिटलीकरण होने से राज्य का प्रदर्शन देश में सबसे अच्छे राज्यों में शामिल हो गया है। गुजरात और मध्य प्रदेश ने भी वितरण में लगभग पूर्णता हासिल कर ली है, जिससे चुनाव आयोग की तैयारियों को गति मिली है। वहीं, उत्तर प्रदेश एक ऐसा राज्य है जहां वितरण तो तेजी से हुआ है, लेकिन डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने का काम सबसे धीमी गति से आगे बढ़ रहा है। आयोग ने जो आंकड़े जारी किए हैं उसके मुताबिक राज्य में 15।53 करोड़ फार्म बांटे जा चुके हैं जबकि इन फार्म में से 14. 96 करोड़ फार्म को डिजिटल रिकॉर्ड में डाला जा चुका है। इन आंकड़ों को प्रतिशत में देखें तो 99.95 प्रतिशत फार्म बांटे गए जबकि 96.91 प्रतिशत फार्म का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा चुका है। फार्म को भरने के बाद उसे डिजिटल रिकॉर्ड में डालना जरूरी है। इससे आगे होने वाली सत्यापन और डेटा अपडेट प्रक्रिया सहज और तेज बनती है। आयोग के अनुसार, अब तक 50.33 करोड़ फार्म डिजिटल किए जा चुके हैं, जिससे डिजिटलीकरण दर 98.69 प्रतिशत तक पहुंच गई है। यह दर बताती है कि फिजिकल फार्म जमा होने के तुरंत बाद उनका आनलाइन रिकॉर्ड बनाने पर जोर दिया जा रहा है। डेडलाइन करीब आने के साथ राज्यों में इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल में जहां डिजिटलीकरण 99.64 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, वहीं उत्तर प्रदेश में यह आंकड़ा अभी 96.91 प्रतिशत के आसपास है।

### ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ पूरी हो एसआईआर प्रक्रिया



लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची की सही और व्यापक तैयारी, उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास की अनिवार्य पारदर्शिता और ईवीएम की जगह बैलेट पेपर व्यवस्था की वापसी आवश्यक है, पूरे देश में एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से मतदाता सूची तैयार की जा रही है, जिसका बसपा विरोध नहीं करती, लेकिन मतदाता सूची में नाम जोड़ने और संशोधन की प्रक्रिया तय समय सीमा के कारण पूरी नहीं हो पाती, जिससे लाखों पात्र मतदाता अपने वोट के अधिकार से वंचित हो जाते हैं, बीएलओ पर अधिक दबाव होने और जांच में लापरवाही की शिकायतें आ आ रही हैं, सूची संशोधन की समय सीमा बढ़ाई जाए और प्रक्रिया को ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ पूरा कर यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से बाहर न रह जाए। **सुश्री मायावती, प्रमुख, बहुजन समाज पार्टी**

## मानवाधिकारों की विश्वव्यापी घोषणा के 77 वर्ष पूरे



योगेश कुमार गोयल




संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मानवाधिकारों की विस्तृत व्याख्या के लिए 27 जनवरी 1947 को एक आयोग गठित किया गया था, जिसकी सिफारिशों के सार्वभौमिक घोषणा पत्र को संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों ने 10 दिसम्बर 1948 को सर्वसम्मति से स्वीकार किया था। तभी से विश्वभर में 10 दिसम्बर का दिन 'विश्व मानवाधिकार दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। मनुष्य के जीवनयापन और विकसित होने के मूलभूत सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 'मानवाधिकार' के रूप में स्वीकार किया गया है। 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना इस उद्देश्य से की गई थी कि भविष्य में द्वितीय विश्वयुद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न न होने पाए और संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपनी स्थापना के कुछ ही समय बाद मानवाधिकारों का संरक्षण किए जाने की ओर ध्यान देना शुरू किया, लेकिन विड़म्बना है कि मानवाधिकारों की घोषणा के 77 वर्ष बीत जाने के बाद भी विश्वभर में करोड़ों लोग संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित मानवाधिकारों से वंचित हैं।

करोड़ों लोग रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी जरूरतों से वंचित हैं। एक अरब से भी ज्यादा लोग कम अथवा ज्यादा कुपोषण के शिकार हैं। कुपोषण के कारण प्रतिदिन हजारों बच्चे काल के ग्रास बन रहे हैं। दुनियाभर में करोड़ों बच्चे बाल मजदूरी का दंश झेल रहे हैं। भारत में 8 करोड़ से भी ज्यादा बच्चे अपने मासूम बचपन को बाल मजदूरी की तपती भठी में झोंकने को विवश हैं, जो स्कूली शिक्षा से भी वंचित हैं। औद्योगिक. ीकरण की अंधी दौड़ में देश में मजदूर महिलाओं व छोटे-छोटे मासूम बच्चों का शारीरिक व मान. सिक शोषण किसी से छिपा नहीं है। दुनियाभर में अरबों लोग आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से वंचित हैं। एक अरब से अधिक लोगों को पीने के लिए स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हैं। इसकी विवेचना यदि हम मानवाधिकारों की दृष्टि से करें तो क्या ए सभी उचित स्तर पर जीवनयापन के अधिकार, शिक्षा के अधिकार, जीवन के प्रति सुरक्षा के अधिकार, शोषण से मुक्ति के अधिकार तथा अन्य सामाजिक अधिकारों से पूर्णतया वंचित नहीं हैं? क्या यह सरासर मानवाधिकारों के उल्लंघन का मामला नहीं है? क्या यह मानवा. धिकार आयोग का दायित्व नहीं है कि वह इन विसंगतियों को दूर करने के लिए सार्थक एवं प्रभावी कदम उठाए? आधुनिक भारत में करोड़ों लोग आज भी भूखे-नंगे अपनी जिंदगी के दिन जैसे-तैसे उद्देश्यहीन पूरे कर रहे हैं। क्या ऐसे लोगों के लिए मानवाधिकारों का कोई महत्व हो सकता है? मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार आयोग के अलावा लगभग प्रत्एक देश में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सक्रिय हैं लेकिन जिस गति से मानवाधिकारों का हनन हो रहा है, उससे मानवाधिकार आयोगों के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह लगता है। दुनियाभर में दो प्रमुख मानवाधिकार संगठनों एमनेस्टी इंटरनेशनल व ह्यूमन राइट वाच का विशेष रूप से उल्लेख किया जा सकता है, जो वैश्विक स्थिति पर नजर रखते हैं और प्रतिवर्ष इस पर अपनी रिपोर्ट भी पेश करते हैं। मानवाधिकार हनन के मामले में हर देश की क्रमानुसार स्थिति दर्शाई जाती है और इस रिपोर्ट के आधार पर जिस देश में मानवाधिकार की स्थिति दयनीय होती है, उसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर न केवल आलोचना का शिकार होना पड़ता है बल्कि अमेरिका जैसे विकसित देश उस पर आर्थिक प्रतिबंध भी लाद देते हैं लेकिन वास्तविकता यही है कि पिछले कुछ वर्षों से इन संगठनों की रिपोर्टों को भी पूरी तरह निष्पक्ष नहीं माना जाता। इन रिपोर्टों के पीछे अमेरिका इत्यादि विकसित देशों के अपने निजी हित या स्वार्थ भी छिपे होते हैं। भारत में मानवाधिकार संगठनों की सक्रियता खासतौर से पंजाब के आतंकवाद के भयावह दौर से देखी जा रही है, जब इन संगठनों को पुलिस व सेना के जवानों का हर छोटा-बड़ा कारनामा तो नजर आता था लेकिन आतंकवादियों की करतूतों के विरुद्ध इनकी जुबान पर लगाम कसी रहती थी। इस बारे में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एएस आनंद ने एक बार कठोर टिप्पणी करते हुए कहा भी था कि यह संगठन सुरक्षा बलों के अत्याचारों पर तो उंगली उठाते हैं पर आतंकवादी संगठन कश्मीर में जो कुछ कर रहे हैं, उस पर चुप रहते हैं। यह हकीकत भी है कि यदि कोई आतंकवादी या शरारती तत्व पुलिस अथवा सेना के हाथों मारे जाएं तो मानवाधिक. ारवादी संगठन खूब हो-हल्ला मचाते हैं लेकिन वहीं अगर यही सिरफिरे लोग निर्दोषों के लहू से होली खेलें, अबलाओं की इज्जत के सरेआम चिथड़े उड़ाएं, उन्हें गैंगरेप जैसी पाशविक घटनाओं को अंजाम देकर जिंदा जला डालें तो ऐसी हैवानियत मानवाधिकार के ठेकेदारों को नजर नहीं आती बल्कि ऐसे मामलों में इन संगठनों की भूमिका पर सवाल उठाने वालों के समक्ष तर्क प्रस्तुत किया जाता है कि आतंकवादी संगठन किसी स्थापित कानून के तहत काम करने वाली कोई सरकारी संस्था नहीं हैं और वैसे भी आतंकवादी संगठनों की कार्रवाई चूंकि कानून की नजर में अपराध है, अत: यदि कोई आतंकवादी या अराजक तत्व पकड़ा भी जाए, तब उसके खिलाफ कानून के मुताबिक ही कार्रवाई होनी चाहिए।

हालांकि ऐसा नहीं है कि मानवाधिकार संगठनों की भूमिका हर मामले में ही संदेहास्पद रही हो बल्कि कई मामलों में इन संगठनों ने सही मायनों में पीड़ित मानवता के हित में सार्थक पहल की है किन्तु यह भी कटु सत्य है कि दुनियाभर में आज भी करोड़ों-अरबों लोग मानवाधिकारों की विश्वव्यापी घोषणा के 77 वर्षों बाद भी अपने अधिकारों से वंचित हैं। मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए 1961 में स्थापित अंतर्राष्ट्रीय संगठन 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि दुनियाभर में करीब 120 देशों में मानवाधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा है। भारत में सितम्बर 1993 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया था, जिसका उद्देश्य मानवाधिकारों का संरक्षण करना और उनको प्रोत्साहन देना ही था। आयोग के गठन के कुछ ही समय बाद आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि देश की सभी जटिलताओं को दृष्टिगत रखते हुए आयोग मानता है कि जो लोग सर्वाधिक दुर्बल हैं, उनके रक्षण का आयोग पर एक विशेष और अपरिहार्य दायित्व है लेकिन आयोग अपने गठन के बाद के इन 32 वर्षों में भी अपने दायित्वों को निभाने में कितना सफल रहा है, इसकी पड़ताल किए जाने की आवश्यकता है। यह विड़म्बना ही है कि देश की सुरक्षा के नाम पर सुरक्षातंत्र को मजबूत करने व सैन्य शक्ति बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक हथियारों व उपकरणों की खरीद-फरोख्त के लिए तो हमारी सरकारें विभिन्न माध्यमों से चंद दिनों में ही अरबों रूपए जुटा सकती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## शीतनिद्रा में भी भालुओं में खून क्यों नहीं जमता


**स्रोत फीचर्स**

**शोधकर्ताओं ने पाया कि गर्मियों में भालुओं के रक्त में एचएसची 47 नामक प्रोटीन प्रचुर मात्रा में था, जबकि जाड़ों में यह लगभग नदारद था। चूहों पर हुए पूर्व अध्ययनों में यह देखा गया था कि अन्य कार्यों के अलावा एचएसची 47 प्रोटीन की भूमिका रक्त के थक्के बनाने में भी है। एचएसची 47 प्रोटीन रक्त प्लेटलेट्स की सतह पर बैठ जाता है और संक्रमण से लड़ने वाली सफेद रक्त को. शिकाओं (न्यूट्रोफिल) को आकर्षित करता है और प्लेटलेट्स से जोड़ता जाता है। इससे बने जाल में प्रोटीन, रोगजनक और कोशिकाएं वगैरह फंस जाते हैं।**

लंबे समय की निष्क्रियता पैर की शिराओं और फेफड़ों में रक्त के थक्के जमा सकती है, लेकिन यह परेशानी महीनों लंबी शीतनिद्रा में सोए भालुओं में पेश नहीं आती। साइंस पत्रिका में बताया गया है कि इसका कारण है कि शीतनिद्रा में सोए भालू एक प्रोटीन एचएसची 47 कम बनाते हैं जो रक्त का थक्का जमाने में भूमिका निभाता है। रक्त के थक्के मनुष्यों के लिए काफी घातक हो सकते हैं। अमूमन ये थक्के पैर की शिराओं में बनते हैं। स्थिति तब घातक हो जाती है जब ये रक्त प्रवाह के साथ फेफड़ों तक पहुंच जाते हैं और वहां रक्त संचार को अवरुद्ध कर देते हैं।

इसका वर्तमान उपचार है रक्त को पतला करना, लेकिन वह ज्यादा प्रभावी नहीं है और इसके कारण अनियंत्रित रक्तस्राव हो सकता है। यह समझने के लिए कि शीतनिद्रा के दौरान भालुओं में रक्त के थक्के क्यों नहीं बनते, लुडविग मैक्सिमिलियन विश्वविद्यालय के एक दल ने शीतनिद्रामग्न भूरे भालुओं पर अध्ययन किया। शोधकर्ताओं ने जाड़ों में शीतनिद्रामग्न (13) भूरे भालुओं को खोजा और उनके रक्त के नमूने लिए। इसके बाद उन्होंने गर्मी के मौसम में भी इन्हीं भालुओं के रक्त के नमूने लिए। शोधकर्ताओं ने पाया कि गर्मियों में भालुओं के रक्त में एचएसची 47 नामक प्रोटीन प्रचुर मात्रा में था, जबकि जाड़ों में यह लगभग नदारद था। चूहों पर हुए पूर्व अध्ययनों में यह देखा गया था कि अन्य कार्यों के अलावा एचएसची 47 प्रोटीन की भूमिका रक्त के थक्के बनाने में भी है। एचएसची 47 प्रोटीन रक्त प्लेटलेट्स की सतह पर बैठ जाता है और संक्रमण से लड़ने वाली सफेद रक्त को. शिकाओं (न्यूट्रोफिल) को आकर्षित करता है और प्लेटलेट्स से जोड़ता जाता है। इससे बने जाल में प्रोटीन, रोगजनक और कोशिकाएं वगैरह फंस जाते हैं। नतीजतन, रक्त का थक्का बनता है। देखा गया है कि जिन चूहों में इस प्रोटीन की कमी थी उनकी प्लेटलेट्स ने न्यूट्रोफिल को कम आकर्षित किया और रक्त का थक्का बनने की संभावना कम रही। अब चूंकि शीतनिद्रा में भालुओं में एचएसची 47 कम बनता है, इसलिए उक्त प्रक्रिया द्वारा थक्का निर्माण की संभावना भी कम होती है। शोधकर्ताओं ने उन लोगों में एचएसची 47 का स्तर देखा जो रीढ़ की हड्डी में चोट की वजह से चल-फिर नहीं पा रहे थे लेकिन उनमें रक्त के थक्के नहीं बन रहे थे।





पाया गया कि इन लोगों में एचएसची 47 का स्तर अपेक्षाकृत कम था। इससे लग रहा था कि चलना-फिरना बंद हो जाने पर शरीर एचएसची 47 प्रोटीन कम बनाने लगता है। जांच के लिए शोधकर्ताओं ने 10 स्वस्थ व्यक्तियों को 27 दिन तक बेडरेस्ट कराया। जैसी कि उम्मीद थी धीरे-धीरे उनमें एचएसची 47 का स्तर कम होने लगा था। लगता है कि जिन लोगों ने अचानक बिस्तर पकड़ लिया है उनमें स्वाभाविक रूप से एचएसची 47 का स्तर घटना शुरू होने से पहले एचएसची 47 का स्तर घटा कर थक्का बनने के जोखिम को कम किया जा सकता है। लेकिन अभी और अध्ययन की जरूरत है। बहरहाल, भालुओं और मनुष्यों दोनों में एचएसची 47 की एक जैसी भूमिका से लगता है कि स्तनधारियों में थक्का बनने का तंत्र काफी पुराना है।

## आपको भी तो नहीं दुनिया की इन खतरनाक बीमारियों में से कोई एक

बीमारियां मानव जीवन का एक अभिन्न हिस्सा हैं। कुछ बीमारियां मामूली होती हैं और कुछ समय में ठीक हो जाती हैं, जबकि कुछ ऐसी खतरनाक बीमारियां होती हैं जो न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालती हैं, बल्कि उसकी जान के लिए भी खतरा बन जाती हैं। इस लेख में, हम दुनिया की सबसे खतरनाक बीमारियों के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे, जो आज भी मानवता के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई हैं।



**कैंसर**

कैंसर दुनिया की सबसे खतरनाक और जटिल बीमारियों में से एक है। यह तब होता है जब शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं और शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाती हैं।

**प्रमुख प्रकार**

फेफड़ों का कैंसर

स्तन कैंसर

त्वचा कैंसर

रक्त कैंसर ल्यूकेमिया

लक्षण- वजन में कमी, थकावट, असामान्य गांठ, और लंबे समय तक खांसी।

उपचार- कैंसर के उपचार में कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, और सर्जरी शामिल हैं। हालांकि, कैंसर का इलाज बीमारी के प्रकार और उसके चरण पर निर्भर करता है।

चुनौती- कैंसर का प्रारंभिक चरण में पता लगाना और उसका सही समय पर इलाज करना बहुत कठिन है, जिसके कारण यह बीमारी जानलेवा साबित हो सकती है।

**हृदय रोग**

हृदय रोग, जिसे कार्डियोवैस्कुलर डिजीज भी कहा जाता है, विश्व में मृत्यु का प्रमुख कारण है। यह रोग हृदय और रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करता है।

प्रमुख प्रकार

कोरोनरी आर्टरी डिजीज

हार्ट अटैक

स्ट्रोक

लक्षण- सीने में दर्द, सांस लेने में कठिनाई, और थकान।

कारण- उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान, और अस्वस्थ जीवनशैली।

उपचार- दवाइयों, सर्जरी, और लाइफस्टाइल में बदलाव से हृदय रोग का प्रबंधन किया जा सकता है।

डायबिटीज

डायबिटीज एक क्रॉनिक द्धदीर्घकालिकत्र्ञ् बीमारी है, जिसमें शरीर का ब्लड शुगर लेवल अनियंत्रित हो जाता है।

प्रमुख प्रकार

टाइप 1 डायबिटीज- यह बीमारी ऑटोइम्यून कारणों से होती है।

टाइप 2 डायबिटीज- यह अधिकतर खराब जीवनशैली के कारण होती है।

गर्भावधि डायबिटीज- गर्भावस्था के दौरान होने वाली डायबिटीज।

लक्षण- बार-बार प्यास लगना, बार-बार पेशाब आना, और वजन में कमी।

जटिलताएं- डायबिटीज आंखों, किडनी, और हृदय पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है।

एचआईवी

एचआईवी ह्यूमन इम्युनोडिफिशिएंसी वायरस शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है, जिससे व्यक्ति को अन्य बीमारियों का अधिक खतरा होता है। जब एचआईवी एड्स में बदल जाता है, तो यह जानलेवा हो सकता है। इसके लक्षण कमजोरी, वजन में कमी, बार-बार बुखार, और त्वचा पर घाव। संक्रमण के तरीकों की बात करें तो असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई का उपयोग, और संक्रमित रक्त का स्थानांतरण हैं। उपचार- एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी द्ध।त्ज्ञ्ञ् एचआईवी को नियंत्रित कर सकती है, लेकिन इसे पूरी तरह खत्म नहीं कर सकती।

**टीबी**

टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो माइकोबैक्टीरियम टड्ढबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। यह मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है। लक्षण- लंबे समय तक खांसी, खांसी में खून आना, बुखार, और वजन में कमी। संक्रमण- यह खांसी, छींक या किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से फैलता है। उपचार- एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग करके टीबी का इलाज किया जा सकता है। चुनौती- टीबी के ड्रग-रेसिस्टेंट प्रकार द्धडक्त-ज्ठत्र्ञ् का इलाज करना बहुत मुश्किल है।

**मलेरिया**

मलेरिया एक परजीवी संक्रमण है, जो मच्छर के काटने से फैलता है। यह दुनिया के सबसे खतरनाक संक्रामक रोगों में से एक है। लक्षण- बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द, और मांसपेशियों में दर्द। कारण- प्लाज्मोडियम परजीवी, जो मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। उपचार- एंटीमलेरियल दवाएं इस बीमारी का इलाज कर सकती हैं। चुनौती- मलेरिया के परजीवियों में दवाओं के प्रति बढ़ती प्रतिरोधक क्षमता एक बड़ी समस्या है।

**डेंगू**

डेंगू एक वायरल बीमारी है, जो एडीज मच्छर के काटने से फैलती है। यह विशेष रूप से उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक प्रचलित है। लक्षण- तेज बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, और त्वचा पर चकत्ते। गंभीर रूप- गंभीर डेंगू (डेंगू हेमोरेजिक फीवर) जानलेवा हो सकता है। उपचार- डेंगू के लिए कोई विशिष्ट इलाज नहीं है, लेकिन उचित देखभाल और हाइड्रेशन से इसका प्रबंधन किया जा सकता है।

**इबोला वायरस**

इबोला एक अत्यधिक खतरनाक और संक्रामक बीमारी है, जो इबोला वायरस के कारण होती है। यह बीमारी अफ्रीका में अधिक प्रचलित है। लक्षण- तेज बुखार, रक्तस्राव, और अंग विफलता। संक्रमण- यह संक्रमित व्यक्ति के शरीर के तरल पदार्थों के संपर्क में आने से फैलता है। उपचार- फिलहाल इस बीमारी के लिए कोई ठोस इलाज नहीं है, लेकिन वैक्सीन और एंटीवायरल दवाएं उपलब्ध हैं।

**स्पेनिश फ्लू और कोविड-19 जैसी महामारियां**

स्पेनिश फ्लू 1918 और कोविड-19 (2019) ने दुनिया भर में लाखों लोगों की जान ली। लक्षण- बुखार, खांसी, सांस लेने में कठिनाई, और थकावट। संक्रमण- संक्रमित व्यक्ति से दूसरों में तेजी से फैलना। उपचार- इन महामारियों के दौरान वैक्सीन और सावधानी बरतने से इनका प्रसार रोका गया।

**कुष्ठ रोग**

कुष्ठ रोग माइकोबैक्टीरियम लेप्रे नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह त्वचा, नसों और अन्य अंगों को प्रभावित करता है। लक्षण- त्वचा पर सफेद धब्बे, घाव, और अंगों की कमजोरी। उपचार- मल्टीड्रग थेरेपी के जरिए इसका इलाज संभव है।

**निष्कर्ष**- दुनिया की इन खतरनाक बीमारियों ने यह साबित किया है कि स्वास्थ्य का महत्व कितना बड़ा है। इनमें से अधिकांश बीमारियां रोकथाम और सावधानी से बचाई जा सकती हैं। सही समय पर इलाज और जागरूकता के माध्यम से हम इन बीमारियों से निपट सकते हैं। इसलिए, स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



गुरुग्राम। हरियाणा के सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों की हड़ताल के दूसरे दिन सिविल अस्पताल में कतार में इंतजार करते मरीज।

## इजरायल ने हिजबुल्लाह को निशाना बनाते हुए लेबनान पर किए हमले

**येरूसलम।** इजरायली सेना ने पुष्टि की कि उसने सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाते हुए दक्षिणी लेबनान में सिलसिलेवार हमले किए। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि हमलों में हिजबुल्लाह की रदवान सेना के एक प्रशिक्षण परिसर को निशाना बनाया गया। हिजबुल्लाह से संबंधित अतिरिक्त सैन्य ठिकानों और एक प्रक्षेपण स्थल को भी निशाना बनाया गया। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में इमारतों के ऊपर बड़ी लपटें उठती हुई दिखाई दीं। लेबनान के अल-मायादीन टीवी ने बताया कि इक़लीम अल-तुफ़्फाह क्षेत्र और माउंट सफी को भीषण हवाई हमलों का निशाना बनाया गया।

# रूस को एक इंच जमीन नहीं देंगे: जेलेंस्की

## अमेरिकी दबाव के बावजूद पीछे हटने को तैयार नहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति

**रोम।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने साफ कहा है कि वह रूस को अपनी जमीन का एक इंच भी नहीं सौंपेंगे। उन्होंने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब वह यूरोप का लगातार दौरा कर समर्थन जुटा रहे हैं और दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डानल्ड ट्रम्प लगातार दबाव बना रहे हैं कि यूक्रेन रूस से समझौता करे।

जेलेंस्की मंगलवार को रोम पहुंचे, जहां उन्होंने पोप लियो 14 से मुलाकात की और प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी से बात करने वाले हैं। इससे पहले सोमवार को वह लंदन गए, जहां ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीयर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से मिले। उनका मकसद साफ है यूरोप का मजबूत समर्थन कायम रखना क्योंकि अमेरिका रूस-यूक्रेन युद्ध पर एक कठिन समझौते का दबाव बढ़ा रहा है। अमेरिका और यूक्रेन के अधिकारियों के बीच तीन दिन की बातचीत खत्म हुई, लेकिन कई मुद्दों पर मतभेद बरकरार हैं। मुख्य विवाद यह है कि अमेरिकी योजना में डोनबास क्षेत्र का एक हिस्सा रूस को देने का सुझाव है। रूस



■ जेलेंस्की रोम पहुंचे, जहां उन्होंने पोप लियो 14 से मुलाकात की और प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी से बात करने वाले हैं

इस क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर चुका है, लेकिन यूक्रेन और उसके यूरोपीय साथी किसी भी तरह की जमीन सौंपने के खिलाफ हैं। ट्रम्प ने रविवार को कहा कि ज़ेलेंस्की ने अभी तक प्रस्ताव 'ध्यान से पढ़ा नहीं', जबकि ट्रम्प लंबे समय से कह रहे हैं कि यह युद्ध अमेरिकी टैक्स के पैसे की बर्बादी है। जेलेंस्की ने सोमवार रात पत्रकारों से कहा कि हम कुछ भी देना नहीं चाहते। रूस लगातार दबाव डाल रहा है कि हम जमीन छोड़ दें, लेकिन कानूनन और नैतिक रूप से हमारे पास ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी शांति योजना में पहले 28 बिंदु थे, लेकिन अब यह 20 रह गए हैं क्योंकि कुछ एंटी-यूक्रेनी बिंदु हटा दिए गए हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने ज़ेलेंस्की का खुलकर साथ दिया है।

स्टार्मर ने कहा कि यह शांति प्रयासों का 'निर्णायक समय' है और किसी भी समझौते में 'न्यायपूर्ण और टिकाऊ संघर्षविराम' जरूरी है। जर्मन चांसलर मर्ज ने अमेरिकी दस्तावेजों पर संदेह जताते हुए कहा कि कई बिंदुओं पर चर्चा जरूरी है। यूरोपीय देश जोर दे रहे हैं कि किसी भी समझौते के साथ मजबूत सुरक्षा गारंटी हों ताकि रूस भविष्य में हमला न कर सके। दोनों देशों के बीच बीती रात ड्रोन हमलों का बड़ा आदान-प्रदान हुआ। यूक्रेन ने कहा कि रूस ने 110 ड्रोन दागे, जिनमें से 84 को मार गिराया गया, जबकि 24 अपने लक्ष्य तक पहुंचे। हमलों की वजह से कई क्षेत्रों में इमरजेंसी ब्लैकआउट लगाया गया। वहीं रूस ने दावा किया कि उसने 121 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए। रूस के चुवाशिया क्षेत्र में हमले में इमारतें क्षतिग्रस्त हुईं और नौ लोग घायल हुए।

## शांति योजना पर मिलकर काम करेंगे यूक्रेन, यूरोपीय देश: जेलेंस्की

**लंदन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के साथ संघर्ष विराम की संभावनाओं को लेकर कहा है कि यूक्रेन और यूरोपीय देश अमेरिका की ओर से प्रस्तावित शांति योजना के नए स्वरूप में बदलावों पर मिलकर काम करेंगे। इंटरफैक्स-यूक्रेन न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी दी है। जेलेंस्की ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के साथ हुई बैठक के बाद कहा कि यह योजना मंगलवार शाम तक तैयार हो जाएगी। इस शांति योजना को हाल ही में घटाकर 20 बिंदुओं का किया गया था। उन्होंने कहा कि योजना में से ऐसी बातें हटा दी गई थीं जो खुले रूप से यूक्रेन-विरोधी थीं, लेकिन अब भी यूक्रेनी क्षेत्रों के मुद्दे का कोई हल नहीं निकल सका है।

# अमेरिका से पाक को फिर मिला 11 हजार करोड़ कर्ज

## आईएमएफ ने फंड जारी करते हुए कहा: पाकिस्तान अपने देश में महंगाई को काबू करने में सफल रहा

**वाशिंगटन।** लगभग दिवालिया होने की कगार पर पहुंच चुके पाकिस्तान को इंटरनेशनल मानेटरी फंड (आईएमएफ) से एक बार फिर 1.2 बिलियन अमेरिकी डालर (लगभग 10782 करोड़ रुपये) का कर्ज मिल गया है। इसके पहले भी आईएमएफ ने पाकिस्तान को मोटा कर्ज उपलब्ध कराया था जिससे पाकिस्तान को मदद मिल गई थी। इसके पहले पाकिस्तान को आईएमएफ से कर्ज मिलने के बाद भारत ने विरोध जताया था और पड़ोसी देश का इतिहास देखते हुए इस बात की आशंका जताई थी कि पाकिस्तान इसका उपयोग अपने यहां आतंकवाद को बढ़ाने में करेगा। आईएमएफ का कर्ज देने के पहले उसकी एक उच्च स्तरीय कमेटी इसका मूल्यांकन करती है।

अपने पैमाने पर खरा उतरने के बाद ही किसी देश को आईएमएफ से कर्ज मिल पाता है, लेकिन माना यही जाता है कि आईएमएफ की कार्यप्रणाली पर अमेरिका का भारी प्रभाव रहता है और उसकी सहमति मिलने के बाद कर्ज मिलना आसान हो जाता है। पाकिस्तान के मामले में यही हुआ माना जा रहा है। आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए यह फंड जारी करते हुए कहा है कि पाकिस्तान अपने देश में महंगाई को काबू करने में सफल रहा है। वह उन सुधारों की ओर कदम भी बढ़ा रहा है



■ आईएमएफ का कर्ज देने के पहले उसकी एक उच्च स्तरीय कमेटी इसका मूल्यांकन करती है
■ पाकिस्तान अपनी एयरलाइंस को भी निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर चुका है

जिससे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को बेहतर किया जा सके। आईएमएफ ने इस बात पर संतोष जताया है कि पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में बाढ़ के बाद वहां महंगाई की दर बढ़ गई थी, इसके बाद भी पाकिस्तान अपने घाटे को एक सीमा में रखने में कामयाब हुआ है। पाकिस्तान को मदद की एक शर्त के तौर पर उसे अपने यहां आर्थिक सुधारों को लागू करना भी है। पाकिस्तान महत्त्वपूर्ण सेक्टर में निजीकरण को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था को बेहतर करने के कदम उठा रहा है। आगामी 23 दिसम्बर को पाकिस्तान अपनी एयरलाइंस को भी निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर चुका है। इसके लिए चार कंपनियों को शार्टलिस्ट भी किया जा चुका है। यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो पाकिस्तान एयरलाइंस जल्द ही निजी हाथों के द्वारा संचालित होगी। इससे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद है। इसके पहले भी आईएमएफ ने पाकिस्तान को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई थी। अब तक उसे 3.3 बिलियन डालर का कर्ज मिल चुका है। एक योजना के अनुसार, उसे करीब सात बिलियन डालर की आर्थिक सहायता की जानी है। इससे पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति सुधरने की उम्मीद बन सकती है। इसके पहले आईएमएफ ने पाकिस्तान को करीब 2.1 बिलियन डालर की आर्थिक सहायता पहुंचाई थी। इस आर्थिक सहायता की बोर्ड मीटिंग का भारत ने बहिष्कार कर दिया था। भारत ने कहा था कि पाकिस्तान अपने आर्थिक संसाधनों का दुरुपयोग पड़ोसी देश में आतंकवाद फैलाने में करता रहा है। ऐसे में उसे यह आर्थिक सहायता नहीं दी जानी चाहिए। हालांकि, आईएमएफ ने कहा था कि पाकिस्तान अपनी अर्थव्यवस्था में अपेक्षित सुधार कर रहा है और वह इसके लिए उपयुक्त कदम उठा रहा है। आर्थिक मामलों के जानकार डा. नागेंद्र कुमार शर्मा ने अमर उजाला से कहा कि आईएमएफ ने पाकिस्तान को यह मदद आपातकालीन समय में सेवा उपलब्ध कराने और जल संसाधन उपलब्ध कराने के लिए दिया है। आईएमएफ अपने द्वारा दिए गए फंड की मानीटरिंग भी करता है। लेकिन पाकिस्तान का इतिहास रहा है कि वह अपने यहां आतंकवादियों को आर्थिक और सैन्य संसाधन उपलब्ध कराता रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की इसी हरकत का परिणाम रहा है कि संयुक्त अरब अमीरात और सउदी अरब जैसे इस्लामिक देशों ने भी पाकिस्तान को आर्थिक मदद देने से मुंह मोड़ लिया था। लेकिन अब अमेरिका अपनी सैन्य और जियो ग्लोबल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान को अपने पाले में रखना चाहता है।

## पानी विवाद पर ट्रम्प ने मेक्सिको को नए शुल्क लगाने की धमकी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को मेक्सिको को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह 1944 में हस्ताक्षरित द्विपक्षीय संधि के आधार पर पानी की आपूर्ति नहीं करता है, तो उसके सामानों पर अतिरिक्त पांच फीसदी आयात शुल्क लगाए जाएंगे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मेक्सिको के इस संधि का लगातार उल्लंघन करने से टेक्सास की फसलों और पशुधन को गंभीर नुक़सान हो रहा है। उन्होंने कहा कि मेक्सिको अभी भी पिछले पांच बरसों में हमारी संधि का पालन करने में विफल रहने के कारण अमेरिका का 800000 एकड़-फीट (98.64 करोड़ घन मीटर) से अधिक पानी का क़र्जदार है। अमेरिका को मेक्सिको से 31 दिसम्बर से पहले 200000 एकड़-फीट (24.66 करोड़ घन मीटर) पानी जारी करने की जरूरत है, और बाक़ी पानी जल्द ही आना चाहिए। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने इस पानी को फौरन (तुरंत) जारी न किए जाने पर मेक्सिको पर पांच प्रतिशत शुल्क लगाने के दस्तावेजों को अधिकृत कर दिया है। गौरतलब है कि सन 1944 की जल संधि, को कोलोराडो और तिजुआना नदियों और रियो ग्रांडे के पानी के उपयोग पर संधि के नाम से भी जाना जाता है।

## नाइजीरिया की मदद से तख्तापलट की कोशिश नाकाम करने में मिली सफलता: बेनिन

**कोटोनौ।** बेनिन के राष्ट्रपति पैट्रिस टैलोन ने कहा है कि रविवार को तख्तापलट की कोशिश को नाइजीरियाई सेना की मदद से सरकारी बलों ने नाकाम कर दिया था और अब देश में स्थिति 'पूरी तरह से नियंत्रण में है।' बेनिन ने 1960 में फ्रांस से आजादी मिलने के बाद से कभी-कभी तख्तापलट अनुभव किए हैं, लेकिन पिछले 20 सालों से वहां बिना किसी रुकावट के लोकतांत्रिक शासन बना हुआ है।

पोर्टो-नोवो इस देश की आधिकारिक राजधानी है, जबकि कोटोनौ देश का सबसे बड़ा शहर और प्रशासनिक केंद्र बना हुआ है। टीआरटी वर्ल्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति आवास पर तख्तापलट की साजिश रचने वालों और रिपब्लिकन गार्ड के बीच हिंसक झड़पें होने के बाद कोटोनौ में फिलहाल शांति है। सरकार के मुताबिक, तख्तापलट की इस कोशिश में दोनों तरफ नुकसान हुआ है। मरने वालों में राष्ट्रपति के सेना प्रमुख जनरल बर्टिन बाडा की पत्नी भी शामिल थीं। सेना प्रमुख खुद पहले हुए एक हमले में बुरी तरह घायल हो गए थे।



■ तख्तापलट की कोशिश में पूरे दिन रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही

तख्तापलट की कोशिश में रविवार को पूरे दिन रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। सुरक्षा बनाए रखने के लिए पूरे शहर में सैनिक तैनात रहे। उल्लेखनीय है कि खुद को 'मिलिट्री कमेटी फॉर रिफाउंडेशन' कहने वाले सैनिकों के एक समूह ने रविवार को सरकारी टेलीविजन पर दावा किया कि उन्होंने राष्ट्रपति टैलोन को हटा दिया है। आठ सैनिकों ने राष्ट्रपति को हटाने, सरकारी संस्थानों को निलंबित करने और प्रशासन को भंग करने की घोषणा की थी। इस समूह ने लेफ्टिनेंट कर्नल पास्कल टिग्री को अपनी समिति का प्रमुख बनाया था।

## तस्करी, ठगी और नकली सामान पर लगाम कसेगा वियतनाम

**हनोई।** तस्करी, व्यापार धोखाधड़ी और नकली सामान पर रोक लगाने के लिए वियतनाम तीन महीने तक एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाएगा। वियतनाम न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आगामी 16 दिसम्बर से 15 मार्च, 2026 तक चलने वाला यह अभियान जमीन, रेल, अंदरूनी जलमार्ग, समुद्री और हवाई सीमा मार्गों और चौकियों के साथ-साथ सीमा रेखाओं के पास सामान इकट्ठा करने वाले इलाकों और साइबरस्पेस में भी जांच और नियंत्रण को तेज करेगा। नशीले पदार्थ, हथियार, ई-सिगरेट, पटाखों और संकटग्रस्त जीवजंतुओं जैसे प्रतिबंधित सामान की तस्करी रोकना पुलिस की प्राथमिकता होगी।

## एडीबी ने भूटान को 15 मिलियन डॉलर पैकेज की दी मंजूरी

**मनीला।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मंगलवार को कहा कि उसने भूटान में बैंकिंग और पूंजी बाजारों को मजबूत करने एवं वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के लिए 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 134.87 करोड़ रुपये) के वित्तपोषण पैकेज को मंजूरी दे दी है।

यह सहायता एक करोड़ डॉलर के 'नीति-आधारित ऋण' और पचास लाख डॉलर के 'नीति-आधारित अनुदान' के रूप में दी जाएगी। एडीबी ने कहा कि इस कार्यक्रम का लक्ष्य आर्थिक विविधता को बढ़ावा देकर और मजबूत निजी क्षेत्र के विकास का समर्थन करके भूटान की वित्तीय स्थिरता में सुधार करना है। यह कार्यक्रम 'हरित वित्त' एवं डिजिटलीकरण को बढ़ाकर और वंचित समुदायों के लिए वित्तीय साक्षरता का विस्तार करके वित्तीय समावेशन को भी बढ़ाने में भी मदद करेगा। बैंक के अनुसार, भूटान का वित्तीय क्षेत्र अद्वितीय चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिनमें सीमित आर्थिक विविधता, आयात पर निर्भरता, उच्च गैर-निष्पादित ऋण (एनपीए) और कमजोर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश शामिल हैं। ये चुनौतियां मौजूदा असमानताओं को और बढ़ाती हैं। ग्रामीण गरीबी 17.5 प्रतिशत पर उच्च बनी हुई है, जबकि बाढ़ और भूस्खलन जैसी घटनाओं से समुदायों की सुरक्षा के लिए सामाजिक सुरक्षा जाल अपर्याप्त है। यह कार्यक्रम बैंकिंग प्रणाली को स्थिर करने, पूंजी बाजार विकसित करने और हरित तथा समावेशी वित्त को बढ़ावा देने के लिए सुधारों का समर्थन करेगा।

## पाकिस्तान में आतंकी हमला, छह जवानों की मौत, छह घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को आतंकवादियों के हमले में छह सुरक्षाकर्मी मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। रक्षा सूत्रों ने चीनी संवाद समिति शिन्हुआ को बताया कि यह घटना सोमवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 1:30 बजे हुई, जब आतंकवादियों ने कुर्रम जिले में सेना के जवानों पर गोलीबारी कर दी। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिग शुरू की, जो शाम 7:50 बजे तक जारी रही। लगातार हुई गोलीबारी और अंधेरे के कारण देर रात तक मारे गए सैनिकों के शवों को बरामद नहीं किया जा सका, लेकिन छह घायल कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकाल कर नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

# ट्रम्प के एक और फैसले पर अदालत की रोक

## संघीय जज ने राष्ट्रपति के पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर रोक लगाने वाले कार्यकारी आदेश को किया खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक संघीय जज ने राष्ट्रपति ट्रम्प के पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर रोक लगाने वाले कार्यकारी आदेश को खारिज कर दिया। मैसाचुसेट्स डिस्ट्रिक्ट के यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की जज पैटी सारिस ने पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर रोक लगाने वाले ट्रम्प के 20 जनवरी के कार्यकारी आर्डर को खारिज कर दिया और इसे गैर-कानूनी घोषित कर दिया। जज ने कहा कि संघीय जमीन और पानी पर पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट की लगभग सभी लीजिंग को रोकने का आदेश मनमाना है और यह अमेरिकी कानून का उल्लंघन है।

सारिस ने न्यूयार्क अटार्नी जनरल लेटिसिया जेम्स के नेतृत्व में 17 राज्यों और वाशिंगटन, डीसी के स्टेट अटार्नी जनरल के एक समूह की संयुक्त याचिका के पक्ष में फैसला सुनाया, जिसने ट्रम्प के उस आर्डर को चुनौती दी थी जिसमें पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स के लिए लीजिंग और परमिट देने पर रोक लगा दी थी। ट्रम्प अक्षय ऊर्जा के खिलाफ रहे हैं और बिजली बनाने के लिए जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को प्राथमिकता देते हैं। मैसाचुसेट्स अटार्नी जनरल एंड्रिया जाय कैंपबेल ने इस फैसले को हरित नौकरियों और अक्षय ऊर्जा की जीत बताया। वही फ्लोरिडा के गवर्नर रान डेसेंटिस ने सोमवार को अमेरिका के सबसे बड़े मुस्लिम नागरिक अधिकार समूह को विदेशी आतंकी संगठन घोषित किया। डेसेंटिस ने काउंसिल आन अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशंस (सीएआईआर) और मुस्लिम ब्रदरहुड के खिलाफ एक कार्यकारी आदेश दिया है। हालांकि अमेरिकी सरकार ने अभी तक काउंसिल आन अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशंस और मुस्लिम ब्रदरहुड को आतंकी संगठन घोषित नहीं किया है। यह आदेश फ्लोरिडा की एजेंसियों को निर्देश देता है कि वे दोनों समूहों और उन्हें सामान देने वालों को किसी स्टेट एग्जीक्यूटिव या कैबिनेट एजेंसी से कान्ट्रैक्ट और फंड लेने से रोकें। वहीं सीएआईआर ने डेसेंटिस पर इसके लिए मुकदमा करने की बात कही है। मुस्लिम ब्रदरहुड की स्थापना लगभग एक सदी पहले मिस्र में हुई थी और इसकी दुनिया भर में ब्रांच हैं। इसके नेताओं का कहना है कि इसने दशकों पहले हिंसा छोड़ दी थी और अब यह चुनावों और दूसरे शांतिपूर्ण तरीकों से इस्लामी राज स्थापित करना चाहता है।




■ ट्रम्प अक्षय ऊर्जा के खिलाफ रहे हैं और बिजली बनाने के लिए जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को प्राथमिकता देते है

# लिथुआनिया में राष्ट्रीय आपातकाल लागू

## बेलारूस के गुब्बारों से सुरक्षा जोखिम, हवाई क्षेत्र उल्लंघन को लेकर कड़ा कदम

**विल्नियस (लिथुआनिया)।** रूस समर्थित बेलारूस से लगातार आ रहे मौसम संबंधी गुब्बारों द्वारा एयरस्पेस उल्लंघन के बाद लिथुआनिया की सरकार ने मंगलवार को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया।

पिछले कुछ हफ्तों में ये गुब्बारे देश के मुख्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को कई बार बंद करवाने की वजह बने, जिससे हजारों यात्री प्रभावित हुए। लिथुआनिया की प्रधानमंत्री इंगा रुगिनिएने ने कहा कि गुब्बारों के जरिए हो रहा यह व्यवधान एक हाइब्रिड अटैक है, जिसका उद्देश्य देश में अस्थिरता फैलाना है। प्रधानमंत्री रुगिनिएने ने कहा



■ लिथुआनिया नाटो का सदस्य है और रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन का मुखर समर्थक भी रहा है

हमें सबसे कड़े कदम उठाने होंगे और उन क्षेत्रों की रक्षा करनी होगी जहां यह हमला सबसे ज्यादा असर डाल रहा है। कैबिनेट की इमरजेंसी बैठक के बाद यह घोषणा की गई। लिथुआनिया नाटो का सदस्य है और रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन का मुखर समर्थक भी रहा है। लिथुआनिया के गृह मंत्री व्लादिस्लाव कोंड्रोटोविच ने बताया कि राष्ट्रीय आपातकाल लागू होने के बाद सीमा सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। अब सीमा क्षेत्रों में सेना और पुलिस संयुक्त गश्त करेंगी, ताकि एयरस्पेस का उल्लंघन करने वाले गुब्बारों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जरूरत पड़ने पर सेना स्वतंत्र रूप से भी आपरेशन चला सकेगी, जिससे इन गुब्बारों की पहचान, निगरानी और रोकथाम तेजी से हो पाएगी। मंत्री ने आश्वासन दिया कि इन कदमों का आम नागरिकों के दैनिक जीवन पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा और सभी उपाय केवल सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हैं। अधिकारियों के अनुसार, ये गुब्बारे अक्सर सिगरेट की तस्करी में उपयोग होते हैं, लेकिन इस बार उनकी संख्या और उड़ान दिशा देखकर यह स्पष्ट है कि यह बेलारूस द्वारा योजनाबद्ध व्यवधान है। लिथुआनिया ने गुब्बारों पर आपराधिक जांच शुरू कर दी है और खुफिया एजेंसियां इनकी उत्पत्ति और बेलारूस सरकार से संभावित संबंधों की जांच कर रही हैं।

## इजरायल-बोलीविया राजनयिक संबंध बहाल करने पर सहमत

**तेल अवीव।** इजरायल और बोलीविया ने राजनयिक संबंधों को फिर से बहाल करने का निर्णय लिया है, जो दो साल पहले गाजा पट्टी में इजरायल के सैन्य अभियान शुरू होने के तुरंत बाद बोलीविया की पहल पर टूट गए थे।इजरायल के विदेश मंत्रालय ने यह घोषणा की है। मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सा' आर और बोलीविया के विदेश मंत्री फर्नांडो अरामायो आज वाशिंगटन में मिलेंगे और उम्मीद है कि इन संबंधों को नए सिरे से शुरू करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि इस वर्ष अक्टूबर में चुनाव जीतने के बाद बोलीविया के राष्ट्रपति रोड्रिगो पाज ने अगले दिन सा' आर को फोन किया था।

